वर्ष- 12 अंक - 183
लखनऊ, शुक्रवार 21 फरवरी 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीएम के नेतृत्व में अपराधों में आई कमी, मुठभेड़ में अब तक मारे गए 221 अपराधी 03
वित्त मंत्री डॉ प्रेमचंद अग्रवाल ने पेश किया उत्तराखंड का बजट 12

# यूपी के बजट में गरीबों व किसानों को खास तवज्जो

## वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ 8 लाख आठ हजार 736 करोड़ छह लाख का बजट किया पेश, बनेंगे चार नए एक्सप्रेस-वे, छात्राओं को स्कूटी की सौगात

### सम्मान निधि : तीन करोड़ किसानों को मिले 79,500 करोड़ रुपए

प्रमुख संवाददाता

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के लिए आज गुरुवार का दिन ऐतिहासिक है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने साल 2025-26 के लिए राज्य का बजट पेश किया। योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज नौवां बजट पेश किया। बजट 08 लाख 08 हजार 736 करोड़ 06 लाख रूपये का है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बजट पेश करने से पहले कहा, अधूरी ख्वाहिशें जीने का मजा देती है, सब मांगें पूरी हो जाएंगी तो तमन्ना किसकी करोगे। योगी सरकार ने बजट में 4 नए एक्सप्रेस-वे, एआई सिटी, छात्राओं को स्कूटी, आर्टिफिशियल इन्टेलिजेन्स सिटी की स्थापना करना, हर जिले में श्रमिक अड्डे बनाने का बड़ा ऐलान किया है। एयरपोर्ट का भी विस्तार करने की घोषणा की गई है। वाराणसी, अलीगढ़ और श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार होगा। गोरखपुर एयरपोर्ट पर नए टर्मिनल भवन का विकास होगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि इस साल परम पावन तीर्थनगरी प्रयागराज में महाकुंभ-2025 का भव्य आयोजन हो रहा है। सभी जानते हैं कि महाकुंभ 144 वर्षों में आता है। महाकुंभ में देश-विदेश से आये लगभग 53 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले लगभग आठ वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। हमने स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विकास किया है। प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग, नवाचार को विशेष रूप से बढ़ावा दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके चलते राज्य सरकार ने 10 सेक्टर जैसे कृषि एवं संवर्गीय सेवाएं, अवस्थापना, उद्योग, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, शिक्षा, पर्यटन, नगर विकास, वित्तीय सेवायें, ऊर्जा, पूंजी निवेश समेत सेक्टरवार प्लान तैयार किया है। सुचारू नीति कार्यान्वयन, व्यापार को आसान बनाने, ईज ऑफयूइंग बिजनेस और निवेश आकर्षित करने के लिये सत्त विकास के कार्य के लिए काम किया गया है।हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेश आकर्षण, औद्योगिक एवं अवस्थापना विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और प्रदेश भारत में सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है।विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने में उत्तर प्रदेश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्य में विकसित हो रही वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क की कनेक्टिविटी से राज्य के उद्योगों एवं मैन्युफैक्चरिंग इकाईयों को अपना माल भारत एवं विदेशों के बाजारों में भेजने के लिये परिवहन के विभिन्न साधनों के बीच निर्बाध रूप से स्विच करने की सुविधा प्रदान करेगा। कानून व्यवस्था व विद्युत आपूर्ति में अभूतपूर्व सुधार, सक्रिय नीतिगत निरूपण एवं इन्वेस्ट यूपी में निवेश सारथी, निवेश मित्र और ऑनलाइन प्रोत्साहन लाभ प्रबंधन प्रणाली जैसी डिजिटल सुविधाओं से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है, जिससे निवेशकों का विश्वास बढ़ा है तथा राज्य में व्यापार करने के लिये अनुकूल वातावरण बना है।



### आउटसोर्सिंग कर्मियों का न्यूनतम मानदेय बढ़कर 20 हजार, सीधे खाते में होगा भुगतान

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की, जिसके तहत राज्य के लगभग 9 लाख आउटसोर्स कर्मियों की सैलरी में बढ़ोतरी की जाएगी। यह निर्णय कर्मचारियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और उनके काम के प्रति सम्मान को बढ़ाने के उद्देश्य से लिया गया है। सीएम योगी ने कहा कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का न्यूनतम मानदेय 16,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रति माह किया जाएगा।

पारिश्रमिक सीधे कर्मचारियों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित की जाएगी।



आउटसोर्सिंग कर्मी सरकारी विभागों और निगमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं। ये कर्मी सफाई, माली, चपरासी, गार्ड जैसे कार्यों को संभालते हैं, जो न केवल प्रशासनिक कार्यों के सुचारु संचालन में सहायक होते हैं, बल्कि नागरिकों को दी जाने वाली बुनियादी सेवाओं का भी हिस्सा होते हैं। इन कर्मचारियों को सामान्य सरकारी कर्मचारियों के समान अधिकार और सुविधाएं नहीं मिल पातीं, जिसके चलते इनकी कार्य-स्थितियों और वेतन में सुधार की आवश्यकता हमेशा महसूस की जाती रही है। सीएम योगी ने घोषणा की कि आउटसोर्सिंग कर्मियों के लिए न्यूनतम वेतन में 4,000 रुपये की वृद्धि की जाएगी। यह कदम कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम है।



ये बजट नहीं बढ़ा हुआ ढोल है, जिसमें आवाज़ बहुत है, लेकिन अंदर कुछ नहीं है, झोला खाली है। मजेदार बात यह है कि उर्दू का विरोध करने वालों ने अपने भाषण में कई बार उर्दू का इस्तेमाल किया। प्रदेश की योगी सरकार ने फसलों का न्यूनतम मूल्य देने की घोषणा की थी, लेकिन नौवें बजट के बाद भी क्या हालात हैं, सब जानते हैं।

**अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष**



विधान भवन में गुरुवार को राज्य ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश किया है। यह बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता। महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव। इससे सही विकास कैसे संभव है।

**मायावती, बसपा प्रमुख**



योगी सरकार की बजट झूठे आकड़ों और फर्जी दावों से भरा है। योगी सरकार बुरी तरह से कर्ज में डूबी है। प्रति व्यक्ति आय के मामले में प्रदेश पूरे देश में 28वें स्थान पर पहुंच चुका है। झूठी बातें, झूठे वादे, झूठे आकड़े और झूठे सपनों को कागज के कुछ पन्नों में बिखेर कर प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की आंखों में धोख झोंकने का काम योगी सरकार कर रही है।

**अजय राय, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

### उत्तर प्रदेश के बजट में किए प्रमुख ऐलान

1- आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया हरदोई से वाया फर्रुखाबाद प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जाएगा। इन दोनों एक्सप्रेस वे के लिए 900 करोड़ रुपए का बजट आवंटित

2- 74 कारागारों एवं जनपद न्यायालयों में संचालित वीडियो कान्फ्रेंन्सिंग इकाईयों से बन्दियों की रिमांड की कार्यवाही हो रही है।

3- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2024-2025 में सीटों की संख्या को बढ़ाकर 250 किया गया है।

4- लखनऊ में आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स सिटी के विकास हेतु 5 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

5- बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के साथ डिफेंस इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर परियोजना हेतु लगभग 461 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

6- मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना हेतु 225 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

7- प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) योजना हेतु लगभग 4882 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

8- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना हेतु वित्तीय वर्ष 2025-2026 के बजट में 1000 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

9- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण कार्य हेतु 1088 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

10- मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के लिये 1100 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

11- बलिया तथा बलरामपुर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु क्रमशः 27 करोड़ तथा 25 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित

12- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बजट में आवासीय विद्यालयों की क्षमता भविष्य में बढ़ाकर 1000 प्रति विद्यालय किए जाने का ऐलान किया है।

13- साइबर सुरक्षा में टेक्नोलॉजी ट्रान्सलेशन रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए 3 करोड़ रुपये की व्यवस्था का बजट में प्रावधान किया गया है।

14- मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट स्कीम (अर्बन) के अन्तर्गत 800 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

15- साल 2025-2026 में ब्याज उपादान मद में समुचित व्यवस्था प्रस्तावित है, जिसके तहत 800 लाभार्थियों को बैंक ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 17 कंपनियों में बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध छिड़ने की आंशका में एशियाई बाजारों की भारी गिरावट के असर से स्थानीय स्तर पर एचडीएफसी बैंक, मारुति, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक और टीसीएस समेत 17 दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरकर बंद हुआ। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 203.22 अंक लुढ़ककर 75,735.96 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 19.75 अंक उतरकर 22,913.15 अंक पर रहा। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में जमकर लिवाली हुई, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 1.18 प्रतिशत की तेजी के साथ 40,854.88 अंक और स्मॉलकैप 1.32 प्रतिशत की छलांग लगाकर 46,054.94 अंक पर पहुंच गया।

### कोहरे से कटरा-सांझीछत हेलीकॉप्टर सेवा स्थगित

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर की त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित माता वैष्णों देवी मंदिर के तीर्थयात्रियों के लिए बारिश के मद्देनजर घना कोहरा छाये रहने के कारण गुरुवार को कटरा से सांझी छत तक हेलीकॉप्टर सेवा स्थगित किया गया ।एक अधिकारी ने बताया, बारिश के कारण त्रिकुटा पहाड़ियां घने कोहरे से ढकी हुई हैं, जिसके कारण कटरा से सांझी छत तक हेलिकॉप्टर सेवा स्थगित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर सेवा स्थगित होने के कारण तीर्थयात्री श्री माता वैष्णों देवी के दर्शन करने पैदल यात्रा कर रहे हैं या फिर पिट्ठू, पालकी और टट्टू सेवा का लाभ उठा रहे हैं।

### मुख्य आर्थिक सलाहकार का कार्यकाल दो साल बढ़ा

**नई दिल्ली।** सरकार ने बृहस्पतिवार को मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन का कार्यकाल दो साल के लिए मार्च, 2027 तक बढ़ा दिया। मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च, 2027 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को मुख्य आर्थिक सलाहकार का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश की जाने वाली आर्थिक समीक्षा का मसौदा तैयार करने का काम देखता है।

## जौनपुर में हुए दो सड़क हादसों में नौ श्रद्धालुओं की मौत, 32 लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के बदलापुर क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में नौ श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 33 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात करीब डेढ़ बजे सरोखनपुर अंडरपास के ऊपर वाराणसी लखनऊ हाईवे पर जौनपुर से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की एक कार अज्ञात वाहन से टकरा गयी। इस हादसे में घायल 11 लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर ले जाया गया जहां डाक्टरों ने पांच को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में तीन महिलाएं एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। अन्य छह लोगों को सीएचसी बदलापुर से जिला अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है। मृतकों मं कांति देवी (60) और नितेश कुमार (20) की पहचान की जा चुकी है। सभी हताहत झारखंड के निवासी हैं। इस हादसे के करीब डेढ़ घंटे बाद भोर तीन बजे एक ट्रक ट्रेलर ने वाराणसी से अयोध्या जा रही बस को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बस सवार लगभग 50 यात्रियों में से ड्राइवर मोनू सिंह निवासी सुल्तानपुरी, दिल्ली के अलावा दो महिलाओं की सीएससी बदलापुर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। बस में 27 लोगों को को चोटे आई हैं, जिनको सीएससी बदलापुर से सदर अस्पताल जौनपुर रेफर किया गया है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण करने के बाद कहा

## हम मिलकर दिल्ली को बनाएंगे आत्मनिर्भर, विकसित व समृद्ध

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को ऐतिहासिक रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण लेने के बाद अपराह्न दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से अपना कार्यभार संभाला। वह शाम को मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता करेंगी।

श्रीमती गुप्ता अपराह्न तीन बजे औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंची। इसके बाद में उनका शाम पांच बजे



यमुना बाज़ार स्थित वासुदेव घाट में कार्यक्रम है। नये मंत्रिमंडल की पहली बैठक आज ही शाम सात बजे दिल्ली सचिवालय में बुलायी गयी है।

दिल्ली में 27 साल के बाद भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है। राजधानी के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों के शीर्ष नेताओं की उपस्थिति में उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने श्रीमती गुप्ता और उनके सहयोगी मंत्रियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

### मंत्रिमंडल में इन्हें मिला स्थान

रेखा गुप्ता मंत्रिमंडल में सात मंत्रियों सर्वश्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह को शामिल किया गया है।



रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। वह जमीनी स्तर से उठकर आई हैं, कैंपस राजनीति, राज्य संगठन, नगर निगम प्रशासन में सक्रिय रहीं और अब विधायक के साथ-साथ मुख्यमंत्री भी हैं। मुझे विश्वास है कि वह दिल्ली के विकास के लिए पूरी ताकत से काम करेंगी।

**प्रधानमंत्री मोदी**

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री कोकाटे को जालसाजी में दो साल की सजा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री और राकांपा (एपी) के नेता माणिकराव कोकाटे और उनके भाई को गुरुवार को नासिक जिला कोर्ट ने जालसाजी मामले में 2 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। माणिक राव कोकाटे ने कहा कि उन्होंने कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की है। साथ ही इस निर्णय को ऊपरी कोर्ट में चुनौती देंगे। माणिकराव कोकाटे व उनके भाई के खिलाफ 1995 में पूर्व मंत्री तुकाराम दिघोले ने दस्तावेज से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज कराया था।

## हाईकोर्ट जजों के खिलाफ लोकपाल जांच पर सुप्रीम रोक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश पर गुरुवार को रोक लगा दी जिसमें कहा गया है कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार की शिकायत के मामले की जांच उसके (लोकपाल) अधिकार क्षेत्र में आता है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, सूर्य कांत और अभय एस ओका की पीठ ने रोक लगाते लोकपाल के इस आदेश को बहुत ही परेशान करने वाला बताया और कहा कि वह इस संबंध में कानून बनाएगी, क्योंकि सभी न्यायाधीशों की



नियुक्ति संविधान के तहत ही होती है। पीठ ने शिकायतकर्ता को शिकायत की विषय-वस्तु या न्यायाधीश का नाम उजागर न करने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और कहा कि वह होली की छुट्टी के बाद इस पर विचार करेगी। एक उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश और एक अतिरिक्त न्यायाधीश के खिलाफ दायर भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच के लिए लोकपाल की ओर से भारत के मुख्य न्यायाधीश से मार्गदर्शन मांगने पर शीर्ष अदालत ने स्वतः संज्ञान मामला दर्ज कर सुनवाई की।

न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर की अध्यक्षता वाली लोकपाल पीठ ने 27 जनवरी 2025 के आपने आदेश में कहा था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र के अधीन होंगे।

### प्रयागराज एयरपोर्ट देश के शीर्ष 20 हवाई अड्डों में हुआ शामिल

**महाकुम्भ नगर।** संगम की पवित्र धरती पर चल रहे महाकुम्भ मेले के समापन में अब छह दिन शेष हैं। पर कुम्भ आने वालों की संख्या बढ़ रही है। इनमें हवाई मार्ग से पहुंचने वाले श्रद्धालु भी शामिल हैं। महाकुम्भ ने क्षेत्र की हवाई यात्रा को पूरी तरह से बदल दिया है। चाहे एक दिन में यात्रियों की एयरपोर्ट पर संख्या हो, चार्टर्ड विमानों की लैंडिंग हो या कुल फ्लाइट्स की संख्या। प्रयागराज एयरपोर्ट का यात्री यातायात चार गुना से ज्यादा बढ़ गया है और इसे भारत के शीर्ष 20 एयरपोर्ट्स में शामिल किया गया है।

## सांसद राकेश की बढ़ी मुश्किलें पीड़िता को धमकी देने में केस दर्ज

समृद्धि न्यूज

**सीतापुर।** सीतापुर से कांग्रेस सांसद राकेश राठौर की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं, बीती 10 फरवरी को बालात्कार पीड़ित महिला के घर पहुंच कर सांसद पर लिखे मुकदमे के मामले में सुलह करने और उन्नाव कांड करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने सीसीटीवी और तहरीर के आधार पर धमकी देने वाली रेशमा खातून सहित राकेश राठौर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बीते 10 फरवरी को मुकदमा लिखवाने वाली महिला नेता के पति ने प्रमुख सचिव गृह को एक प्रार्थना पत्र देकर जेल में बंद सांसद राकेश राठौर द्वारा अपने करीबियों से मुकदमे में सुलह लगवाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। पीड़ित महिला के पति ने प्रमुख सचिव गृह सहित मुख्यमंत्री, राज्यपाल, डीजीपी, एडीजी आईजी, डीएम और एसपी को प्रतिलिपि भेजकर मामले से अवगत कराकर कार्रवाई करने की मांग की थी।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से चटाई धूल

एजेंसी

**दुबई।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत का जीत का खाता खुल गया है। टीम इंडिया ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया। इस जीत के साथ ही भारत को 2 अंक मिले। भारत ने बांग्लादेश के द्वारा दिए गए 229 रन के लक्ष्य को 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। टीम इंडिया की जीत में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, अक्षर पटेल, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और केएल राहुल का अहम योगदान है। गिल ने वनडे करियर का आठवां शतक भी जड़ा।

वहीं अब भारत का अगला मुकाबला अपने चिर प्रतिद्वंद्वी टीम पाकिस्तान से रविवार, 23 फरवरी को दुबई में ही खेला जाएगा।

### टीम इंडिया की जीत में गेंदबाज मोहम्मद शमी अक्षर पटेल, रोहित शर्मा शुभमन गिल व केएल राहुल का अहम योगदान

भारत ने 229 रन के टारगेट को 46.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया था। रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को अर्धशतकीय शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की। इस दौरान रोहित ने 41 रन बनाए और आउट हो गए। साथ ही उन्होंने अपने वनडे करियर में 11000 रन भी पूरे किए। विराट कोहली 22 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि श्रेयस अय्यर ने 15 रन का योगदान दिया।

प्रयास

गंगा बैराज कानपुर से नियमित छोड़ा जा रहा है 13 हजार क्यूसेक जल

## संगम जल में निर्मलता योगी सरकार की प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज

**महाकुम्भ नगर ।** प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था और पुण्य की डुबकी लगाने वालों की संख्या 57 करोड़ को पार कर चुकी है। त्रिवेणी के जिस पावन जल में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए देश विदेश के विभिन्न हिस्सों से करोड़ों श्रद्धालु और पर्यटक आ रहे हैं, उनके लिए संगम में पर्याप्त निर्मल जल उपलब्ध हो इसके लिए निरन्तर योगी सरकार प्रयास कर रही है।

सिंचाई विभाग पिछले दो महीने से उसकी नियमित और निरंतर मॉनिटरिंग कर रहा है। धीरे-धीरे अपने समापन की तरफ बढ़ रहा प्रयागराज महाकुम्भ सिर्फ



एक धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि भारत की संस्कृति, परंपरा और अध्यात्म की भव्यता के उच्चतम बिंदु का साक्षी बन रहा है। सभी अमृत स्नान और माघ का महीना निकल जाने के बाद भी संगम में प्रतिदिन एक करोड़ से अधिक लोग त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने की ललक में आ रहे हैं। संगम में इन श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त और निर्मल जल बना रहे इसके लिए सिंचाई विभाग लगा हुआ है। प्रयागराज के सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार सिंह बताते हैं कि संगम में प्रतिदिन लगभग 13 हजार क्यूसेक पानी गंगा बैराज से छोड़ा जा रहा है। उनके अनुसार, दिसम्बर 2024 से गंगा बैराज से नियमित अंतराल पर पानी छोड़ा जा रहा है, जिसका उद्देश्य महाकुम्भ के दौरान संगम पर पर्याप्त जल सुनिश्चित करना है।

### संगम पर पर्याप्त जल व मात्रा सुनिश्चित करने को बनी योजना

योगी सरकार की प्राथमिकता पूरे आयोजन के समय श्रद्धालुओं को संगम और गंगा के सभी घाटों में पर्याप्त मात्रा में निर्मल जल उपलब्ध कराना रहा है। इसके लिए आयोजन के पहले ही विशेष योजना बनाई गई थी। सिंचाई विभाग प्रयागराज के कार्यकारी अभियंता रमेश कुमार सिंह के मुताबिक दिसम्बर 2024 से ही इसके लिए एक नियमित प्रक्रिया चल रही है। 10 फरवरी को 10,000 क्यूसेक पानी गंगा बैराज कानपुर से छोड़ा गया। जो फरवरी 11 को 10,300 क्यूसेक कर दिया गया। इसी तरह 12 फरवरी को इसकी मात्रा बढ़ाकर 10,800 क्यूसेक कर दी गई। 13 फरवरी को 11,900 क्यूसेक, 14 फरवरी को 12,300 क्यूसेक, 15 फरवरी को 12,350 क्यूसेक, 17 फरवरी को 12550 क्यूसेक, 18 फरवरी को 12990 क्यूसेक और 19 फरवरी को 13,500 क्यूसेक कर दिया गया है।

# शांतिपूर्ण निपटा उपचुनाव, शाम पांच बजे तक 65 प्रतिशत हुआ मतदान

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधान पद के एक पद के लिए बुधवार सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ। गांव में दोपहर बाद एक बजे तक 40 फीसदी मतदाता वोट डाल चुके थे। बूथ पर भीड़ कम दिखी। प्रधान पद के दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय में बूथ बनाया गया। ग्राम पंचायत में कुल 1811 मतदाता हैं। सुबह से ही मतदान करने के लिए लोग बूथ पर पहुंचने लगे। हालांकि भीड़ नहीं रही। उपचुनाव के कारण वोटरों का उत्साह कम रहा। मतदाता आराम से तीन मतदान केंद्रों पर वोट डालने में जुटे रहे।





ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंबारा में ग्राम प्रधान पद के लिए बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण हुआ। यह सीट पिछले छह महीने पहले ग्राम प्रधान रामपाल श्रीवास्तव की लंबी बीमारी से मृत्यु के बाद रिक्त हुई थी। इस उपचुनाव में दो प्रत्याशी मैदान में उतरे जिनमें प्रधान पुत्र रितेश कुमार और सोहनलाल ने प्रधान पद के लिए नामांकन दाखिल किया था गांव में कुल 1811 मतदाता हैं। जिसमें शाम 5:00 बजे तक कल 1188 वोट पड़े।

## सुरक्षा की जिम्मेदारी के साथ मां का फर्ज निभाती दिखाई दी महिला पुलिसकर्मी



फर्ज तो आखिर फर्ज ही होता है वह मां का फर्ज हो या फिर पुलिस की ड्यूटी का दोनों फर्ज निभाने में एक मां ही बेहतर ढंग से निभा सकती है। वैसे तो हर किसी के जीवन में जिम्मेदारियों का अपना बोझ होता है जिसे लोग हर सूरत में उठाते और निभाते हैं लेकिन जब जिम्मेदारियों के बोझ के साथ ड्यूटी और उसके साथ मातृत्व स्नेह का दायित्व निभाने की बात आती है तो हर किसी के पांव उखड़ने लगते हैं। भीरा थाना क्षेत्र के गांव अंबारा में बुधवार को हुए उपचुनाव में एक ऐसी ही वाकया देखने को मिला इस दृश्य को जिसने भी देखा वह उस महिला सिपाही को सलाम करता ही रह गया। प्रधान पद के लिए मतदान चल रहा था इस मतदान केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ड्यूटी लगी थी इस पुलिस प्रशासन में महिला सिपाही की भी ड्यूटी लगी थी जिसमें एक महिला सिपाही जो वर्तमान में फरधान थाना पर तैनात है। जिसकी यहां ड्यूटी लगी थी उस महिला सिपाही का नाम पूजा है देखा गया की ड्यूटी पर मुस्तैदी से तैनात उस महिला सिपाही की गोद में एक छोटा बच्चा था जिसे वह कभी दुलारती थी तो कभी कंधे से लगाकर सुलाने का प्रयास कर रही थी साथ ही वह ड्यूटी के प्रति मुस्तैद थी अब ऐसे में ड्यूटी के साथ मातृत्व स्नेह का दायित्व निभाना बड़ी जिम्मेदारियां का निर्वहन करना था लेकिन ऐसी जांबाज सिपाही महिला का दायित्वों के निर्वहन की हर किसी को सलाम कर रहा था।

## बाघ के आने से ग्रामीणों में दहशत

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मैलानी वन रेंज क्षेत्र के अंतर्गत बांकेगंज के गांव प्रतापपुर से लगभग 100 मीटर पहले खेत से निकल कर झोपड़ी के पास बाघ के देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का मानना यह है कि इससे पहले भी कई बार बाघ को गांव के किनारे खेतों में देखा गया है।

वही रामचंद्र निवासी प्रतापपुर ने बताया कि वह अपने गांव प्रतापपुर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर अपने खेतों में फसल की रखवाली करते हैं। रोज की तरह खाना खाकर अपने खेतों में बनी झोपड़ी में सो रहे थे सुबह लगभग 4:00 बजे बाघ होने की आहट हुई तभी बाहर जाकर देखा तो झोपड़ी से लगभग 20 मीटर की दूरी पर बाघ खड़ा था। तभी बाग के ऊपर टार्च की लाइट लगाई तो बिना किसी को नुकसान पहुंचाए बाघ वापस चला गया। उन्होंने यह भी बताया कि इससे पहले भी कई बार बाघ उनके खेतों के पास से निकल कर जाते हुए देखा है।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, हड़कंप



मृतक की फाइल फोटो

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** इलाके के सिंगाही थाना क्षेत्र के जंगल में पेड़ से लटका एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। निघासन कोतवाली क्षेत्र के खखरा निवासी राजपाल का विवाह सिंगाही थाना क्षेत्र के बथुआ निवासी पूनम के साथ करीब 2 वर्ष पहले हुआ था। राजपाल 18 फरवरी को अपनी पत्नी को विदा करने के लिए घर से निकला था, जिसका शव बथुआ गांव के पास स्थित जंगल में एक पेड़ से लटकता हुआ बरामद हुआ, युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर दल बल के साथ मौके पर पहुंचे सिंगाही थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं परिजनों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### हेयर कटिंग की दुकान पर झोंका फायर, मची अफरा-तफरी

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के लालनपुर तिराहा स्थित गत दिवस उस समय अफरा तफरी मच गई जब मालिगवा निवासी बबलू राज तथा गुड्डू पुत्र रहमतुल्लाह नाई तीनों युवकों ने कस्ता गोला बस अड्डे के निकट कस्ता निवासी राजन उर्फ़ फहीम पुत्र फुरकान साईं की हेयर कटिंग की दुकान पर जाकर फायर झोक दिया। फायर की आवाज सुनकर लालनपुर तिराहे पर अफरा तफरी मच गई। दुकाने बंद होने लगी। घटना की सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव ने तत्काल प्रभाव से घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया गया। तब तक अपराधी भाग चुके थे। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव ने भुक्त भोगी को थाने बुलाकर अभियोग तो पंजीकृत कर लिया किंतु फायर किये जाने का जिक्र प्रथम सूचना रिपोर्ट में नहीं किया गया। इस प्रकार लालनपुर तिराहें के लोगों से जानकारी मिलने पर बताया कि विपक्षी थाना नीमगांव क्षेत्र के दबंग किस्म के व्यक्ति है। लालनपुर तिराहे पर हेयर कटिंग की दुकान भी करते हैं। पुलिस द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट में फायर करने के संबंध में जिक्र न करना अभियुक्तों को लाभ पहुंचाने के बराबर माना जा रहा है। सरेआम लालनपुर तिराहें पर अवैध शस्त्र से फायर कर देना घटना के पश्चात मितौली पुलिस द्वारा घटना को छुपाया जाना नागरिकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जाता है इन दोनों व्यक्तियों के बीच पूर्व में भी विवाद हुआ था। कस्ता निवासी राजन उर्फ़ फहीम तथा फुरकान के चोटे आई थी। मितौली पुलिस द्वारा घटना के संबंध में एनसीआर पंजीकृत कर दोनों बच्चों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के तहत 107 /16 की कार्यवाही की गई थी। उक्त घटना के बाद तीनो विपक्षी एक राय होकर भु क्त भोगी फहीम तथा फुरकान को मारने के फिराक में घूम रहे थे। फिर भी सच्चाई को मितौली पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में छुपाया जाना अपराधों को बढ़ावा देने के बराबर माना जा रहा है। भुक्त भोगियो ने पुलिस अधीक्षक खीरी के पास जाकर अपनी गुहार लगाने की बात कही है।

### सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ आयोजित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** चिन्मय मिशन के तत्वाविधान से 7 दिवसीय ज्ञान यज्ञ का आयोजन बलवीर सिंह के आवास पर हो रहा। कार्यक्रम की शुरुवात राजेंद्र प्रसाद तिवारी कंटक जी ने भजन सुना करके प्रारम्भ किया।।कार्यक्रम के चौथे दिन मिशन साध्वी ने भगवत?गीता की व्याख्या करते हुए बताया कि अर्जुन अपने सगे सम्बन्धियों को देखकर रणभूमि में शोक – मोह से ग्रस्त हो गया। तब भगवान श्री कृष्ण कहते है अर्जुन अशोच्यानन्वशोचस्त्वं प्रज्ञावादांश्च भाषसे गतासूनगतासूंश्च नानुशोचन्ति पण्डिताः अर्जुन – जो चले गये है या जो है उनके लिए शोक करना नहीं चाहिए किसी भी प्राणी के लिए शोक उचित नहीं है। विद्वान को यही पहचान है। नानुशोचन्ति पण्डिताः (छांदोग्य उपनिषद) तरति शोकम आत्मवित् शोक–मोह से विद्वान पार हो जाता है। संसार में जो भी जन्मा है। उसका यह कर्तव्य होना चाहिए वह भगवत् गीता पढ़े समसे और अपने मनुष्य देह को सफल बनाये। सांयकालीन प्रवचन मे रामचरित मानस पर वृतांत पर कहा जग मे दो ही सुंदर नाम चाहे कृष्ण कहो या राम.. उन्होंने भगवान के राम के महत्व को बताया की भगवान के नाम आजामिल के पुत्र का नाम नारायण था तो अपने पुत्र के नाम पर मोक्ष को प्राप्त किया। हरि नाम नहीं तो जीना क्या हरि का नाम के बिना इस जीवन मे कुछ नहीं।कैसे भी भगवान के नाम को जपे राम के नाम जपना चाहिए ज़ब हनुमान जी लंका गए तो विभीषण द्वारा राम के नाम का जप करते देख सोचा यहाँ भी कोई भगवान राम का भक्त है जो साधु स्वरुप है उसी के रूप मे भगवान ने उनका उद्धार हुआ। ज़ब हम भगवान का नाम जप करते है तो भगवान हमारा अपने पुत्र के रूप मे रक्षा करते है। इस अवसर पर कार्यकम आयोजक व चिन्मय मिशन के जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, संरक्षक नरायण सिंह,मंत्री विष्णु दत्त अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ नरेंद्र सिंह, जिला मंत्री बृजेश सिंह,अपर मुख्य अधिकारी जागन सिंह, इंजिनियर राकेश सिंह सदस्य जिला पंचायत राम शंकर राज संतोष सिंह सेंगर, जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन सिंह, संचालक जिला सहकारी बैंक अंजली सिंह,रामवीर सिंह, सीवेश सिंह, दयानन्द शुक्ला,रामचंदर यादव, महावीर सिंह, राधा सिंह आदि सैकड़ो भक्त उपस्थित रहे।

### पैदल जा रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा लखीमपुर मार्ग पर पारवानी गौडी गांव में सड़क किनारे जा रहे युवक को रात नौ बजे ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत चंदेला कला गांव निवासी सुनील कुमार (25) राम मनोहर अपने रिश्तेदार के यहां मोतीपुर थाना क्षेत्र के परवानी गौड़ी गांव गया था। बुधवार रात को वह रिश्तेदारी से अपने ससुराल के लिए निकला। रात नौ बजे जैसे ही वह नानपारा लखीमपुर मार्ग पर के निकट बस पकड़ने के लिए चलने लगा। वैसे ही तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने युवक को रौंद दिया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के बड़े भाई अनिल कुमार ने बताया कि भाई अपनी ससुराल जा रहा था। थानाध्यक्ष आरके पांडेय ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे का केस दर्ज किया जा रहा है।



## विद्या निकेतन में हुए आशीर्वाद समारोह में विद्यार्थियों को दिए टिप्स

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** शहर के सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज के सभागार में हाईस्कूल के छात्रों का आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र का अनावरण, पुष्पार्जन एवं वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कौशल किशोर मिश्र ने पहली बार बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाग कर रहे हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने सहित कई अन्य सावधानियों एवं परीक्षा देते समय आने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में बालिका विभाग की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को बताया कि परीक्षा के समय मानसिक तनाव भ्रम और थकावट पैदा कर सकता है। विद्यार्थी संतुलित आहार एवं पर्याप्त नींद लें तथा एकाग्र एवं शांत मन से पढ़े। प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने भविष्य के लिए उत्साह एवं प्रत्याशा से भरे हुए छात्र छात्राओं को ईमानदारी, सहजता एवं मेधाबल से आगामी बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए आर्शीवचन दिए।

# वकीलों ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

तहसील गोला के अधिवक्ताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने तहसील परिसर सहित शहर की कई समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें अधिवक्ता संदीप अवस्थी, संजय कुमार मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा, रमेश कुमार कश्यप, महेन्द्र कुमार शुक्ला, हरीकृष्ण माहेश्वरी ने ज्ञापन में संज्ञान कराया कि तहसील परिसर के अंर्तगत प्रमुख मार्ग काफी जर्जर है, जिस कारण आम आदमी सहित दिव्यांगों का निकलना मुश्किल है।



परिसर में जलभराव गंभीर समस्या बनी है। जिसका निस्तारण समय से नहीं किया गया, तो अधिवक्ताओं व वादकारियों को दिक्कतों का सामना करने के लिए विवश होना पडेगा। तहसील परिसर में बैंकिग सुविधा की जरुरत है। जिससे कि अधिवक्ता अपनी बचत जमा कर सके, वहीं बैनामा करने व कराने वालों को तत्काल बैंकग जरुरतें पूरी हो सके। परिसर में केंद्रीय बैंक, सहकारी बैंक, डाकखाना खोले जाने की व्यवस्था की जाए।

तहसील में बाधित नेटवर्क के कारण तमाम कार्यो की आनलाइन फीस जमा नहीं हो पाती है। साथ ही फोन में भी सिग्नल नहीं होने से दिक्कते होती है। तहसील में नेटवर्क व्यवस्था सुचारु कराई जाए। शासन स्तर से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाए। जिससे अधिवक्ताओं व उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। तहसील परिसर में फरियादियों, वादकारियों के बैठने के लिए सरकारी कार्यालयों के बाहर बैठने के लिए सीटों की व्यवस्था कराई जाए। शहर के अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति कराई जाए। जिससे के हृदय रोग के मरीजों को समुचित उपचार मिल सके। अधिवक्ताओं ने उक्त समस्याओं के अविलंब निस्तारण किए जाने की मांग की है।

## दाल व्यापारी के यहां आयकर विभाग का छापा



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर),समृद्धि न्यूज।** आयकर विभाग की एक टीम ने पीएसी के साथ संयुक्त रुप से शहर के एक व्यापारी की फर्म पर छापामार कार्रवाई की। गुरुवार को सुबह लगभग 11बजे गाड़ियों का एक काफिला सब्जी मंडी रोड पर राकेश दाल वालों की फर्म के सामने जा रुका और सभी बिना कुछ बताएं ही उनकी दुकान और मकान में दाखिल हो गए, तो कई दुकानदारों और व्यापार मंडल के लोगों ने वहां पहुंच पता करना चाहा कि आखिर यह कौन लोग हैं, पर उन्हें कुछ नहीं बताया गया, गेट और दरवाजों को बंद कर पूरे दिन दस्तावेज खंगाले गए और तमाम जानकारियां जुटाई गईं। टीम की छापेमारी से व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा। पता चला है कि आयकर विभाग की कई टीमों ने एक साथ पूरे जिले में छापेमारी की है।

## जायदाद में हिस्सा मांगने को लेकर छोटे बेटे को लाठी डंडों से पीटा

**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।** जायदाद में हिस्सा मांगने पर पिता ने बेटों के साथ मिलकर छोटे बेटे को लाठी डंडों से पीटा। मकान और खेत में हिस्सा मांगने पर पिता ने बड़े बेटों के साथ मिलकर छोटे बेटे की लाठी डंडों से पिटाई कर दी। पीड़ित ने उचौलिया थाने में तहरीर देकर आरोपियों पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। सुखबीर सिंह पुत्र रामकुमार निवासी गांव खड़सरा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि घटना 19 फरवरी 2025 की शाम लगभग 6:00 बजे की है उसने अपने पिता रामकुमार पुत्र बाबू सिंह से घर व खेत में हिस्सा मांगा।इसी बात को लेकर उसका पिता से विवाद हो गया और पिता रामकुमार ने बड़े भाई विनय कुमार, राय सिंह के साथ मिलकर गाली गलौज करके लाठी डंडों से पीटा।जिसके बाद उन लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल को भी कुल्हाड़ी से तोड़ डाला।प्रार्थी ने आरोप लगाते हुए बताया है कि उपरोक्त लोगों ने धमकी देते हुए कहा है कि दोबारा अगर संपत्ति में हिस्सा मांगा तो जान से मार देंगे। पुलिस सभी आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

## श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर का 28वां वार्षिकोत्सव संपन्न



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर का 28वां वार्षिकोत्सव गुरुवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर के पुजारी दयानंद पांडे ने मुख्य यजमान चीनी मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन व उनकी पत्नी सीमा सिंह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ए.के पांडे, पीएस चतुर्वेदी, पीसी गुप्ता, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, अनुराग गुप्ता, धर्मेंद्र सचान, चेतराम सिंह, रितेश दुवे सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। हवन पूजन व आरती के उपरांत सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों एवं ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा देकर भोजन कराया गया।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सफल विद्यार्थी सम्मानित

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में समूचे प्रदेश में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम माह जनवरी 2025 में घोषित किया गया। बता दें कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा 5से 12तक विभिन्न स्कूल कालेज के 7788छात्र पंजीकृत हुए थे। जिसमें से 6613छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। वहीं जिला स्तर पर विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 5से 12तक के आठ आठ छात्र छात्राओं को परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय कुल 24एवं 6तहसीलों में तहसील स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय कुल 144छात्र छात्राओं को विद्यालय जाकर पुरस्कृत किया गया। जिले में विद्या कुवंरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज के




छात्र गोविंद अवस्थी ने कक्षा 8ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन किया। जिसके अतिरिक्त देवांष कक्षा 8ज्ञान दायिनी पब्लिक स्कूल धिरांवा रुप कुमार कक्षा 6धुन्नी देवी गया दीन स्मारक विद्यालय अलीगंज, हिमाद्री यादव कक्षा 7द्वारिका प्रसाद गायत्री इंटर कालेज निघासन, कार्तिक कुमार कक्षा 9डी.एस पब्लिक स्कूल सिन्हौना, अदिती शुक्ला कक्षा 10राधेष्याम जनता विद्यालय ईसानगर, अनुपम देवी कक्षा 11केन ग्रोअर्स इंटर कालेज जंगबहादुरगंज, काजोल देवी कक्षा 12गुरुकुल विद्यापीठ इंटर कालेज मढिया सड़क ने कक्षा वार जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पुरस्कार वितरण के क्रम में आज गुरुवार को जिला संयोजक सुरेश कुमार वर्मा द्वारा दुन्नीदेवी गयादीन स्मारक विद्यालय अलीगंज जनपद लखीमपुर खीरी में स्कूल प्रेयर में क्लास 6 के छात्र को जिला स्तरीय प्रथम पुरस्कार एवं प्रिंसिपल सर को गायत्री मंत्र पट्टी, साहित्य ऋषि चिंतन से सम्मानित किया गया।

## सीएम के आगमन को लेकर पालिकाध्यक्ष ने की बैठक



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

22 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छोटी काशी में आगमन को लेकर भाजपा नेता अपने अपने स्तर से तैयारियां करते नजर आ रहे है। मुख्यमंत्री पौराणिक शिव नगरी छोटी काशी गोला में शिव मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखने के साथ ही कई अन्य योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इसे लेकर गुरुवार को पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर रणनीति बनाई। पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई बैठक में विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 22फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ छोटी काशी आ रहे हैं। सीएम के छोटी काशी कॉरिडोर के शिलान्यास कार्यक्रम में सभी लोग अपनी सहभागिता करें। जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। इस अवसर पर शैलेन्द्र सक्सेना, अवधेश मिश्रा, संजय तिवारी, संजीव दीक्षित, रामनरेश वर्मा, अरुण वर्मा, सुशील पटेल, डीपी श्रीवास्तव, राजेश कश्यप, संजय शुक्ला सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

# पर्यटक कॉरीडोर विकसित करने की मांग को लेकर सीएम को भेजा पत्र

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

खीरी के पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा ने गुरुवार को अपनी बेटी पूर्वी वर्मा (पूर्व लोकसभा प्रत्याशी) के साथ अपने आवास पर एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। जिसमें उन्होने छोटी काशी को पर्यटक कॉरीडोर के रुप में विकसित किए जाने की मांग को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजने की बात कही। उन्होने बताया कि पत्र में छोटी काशी के प्रदेश सहित पूरे देश में विख्यात महत्व के बारे में बताया। जहां पर्यटन और रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। जिसके लिए शहर में एक पर्यटन काउंसिल बनाये जाने की जरुरत है। जिससे कि धार्मिक, शैक्षणिक, चिकित्सा संबंधी पर्यटन की संभावनाओं पर विचार हो सके।



**शिव मंदिर व्यवस्था के लिए बनाया जाए ट्रस्ट : पूर्व सांसद**

नगर में वाई फाई के साथ सीसीटीवी कैमरो को सर्विलांस किया जाये। जिससे अपराधिक गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। वहीं ट्रैफिक प्लान बनाकर सड़कों को जाम से बचाने और पैदल चलने वालो को फुटपाथ मुहैया कराने की जरुरत है। अलीगंज रोड रेलवे क्रांसिग पर मालगाडियों और ट्रेनों के आवागमन का भार होने के कारण शिव मंदिर चौराहा और सदर चौराहा दोनों प्रभावित होते हैं, इसलिए सुरक्षित आवागमन के लिए प्लाईओवर एवं कॉजवे बनवाया जाए। घंटो जाम में फंसने वाले लोगों का समय बचाया जा सके।

नगर को जाम से निजात दिलाने के लिए पुन्नुर्भूग्रंट ग्राम सभा से वनविभाग की पगडंडी से होकर कुकरा रोड लिंक मार्ग पर रिंग रोड बनाया जाए। जिससे गन्ना भरे वाहनों के साथ भारी वाहनों को शहर के बाहर निकाला जा सके। नगर की नालियों से जल निकास के लिए सीवर प्रणाली की समीक्षा की जाये। पूर्व सांसद ने कहा कि सावन माह में देश भर से लगभग 10लाख श्रद्धालु प्रतिवर्ष छोटी काशी आते हैं। उनके लिए स्थाई व्यवस्थाओं का प्रावधान किया जाए। साथ ही पौराणिक शिव मंदिर की व्यवस्था के लिए सरकारी ट्रस्ट बनाया जाए, नगर में सार्वजनिक यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए ई रिक्शों का संचालन नगर पालिका के माध्यम से पंजीकरण, रुट, किराया निर्धारण, एवं चालको को प्रशिक्षण के साथ पुलिस वेरिफिकेशन कराने और प्रशिक्षित ट्रैफिक पुलिस सहित पर्याप्त मात्रा में सिविल पुलिस तैनात करने की मांग की।

# बाघ पकड़े जाने को लेकर किसान आंदोलित

**22 फरवरी तक बाघ पकड़े न जाने पर खेत में आग लगाकर होगा आंदोलन**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बाघ को पकड़वाने के लिए अपने साथियों के साथ जिला अधिकारी को संबोधित एसडीएम गोला कार्यालय में नायब तहसीलदार को सौंपा। जिसमें बताया कि 22फरवरी तक वन विभाग द्वारा बाघ नहीं भगाया गया। तो 23फरवरी को खड़े गन्ने में आग लगाकर खेत खाली करेंगे उसकी समस्त जिम्मेदारी वन रेंज अधिकारी एवं शासन प्रशासन की होगी। बता दें कि 18फरवरी उनके मूड़ाजवाहर स्थिति खेत में गन्ना छिलाई करने गए मजदूरों के गन्ना काटते वक्त गन्ने में छिपा बाघ अचानक मजदूरों के सामने आ गया और एक मजदूर बाल बाल बच गया। इसके बाद मजदूरों ने गन्ना छिलाई मना कर काम छोडकर अपने घरों को चले गये। श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि क्षेत्र के खेतों में लगभग एक वर्ष से बाघ ने अपना ठिकाना बनाया है। बाघ ने क्षेत्र के गांव इमलिया, मूड़ा अस्सी के दो मजदूरों को निवाला बना डाला। 15दिन पूर्व अजान में खेत में सिंचाई करने गए किसान पर बाघ ने हमला कर दिया। किसी तरह से वह बाल बाल बच गया। इसके बाद से बाघ निरंतर श्रीकृष्ण वर्मा के खेत में ठिकाना बनाये हुए है और इधर उधर चहल कदमी कर रहा है। बाघ की दहशत के चलते उनकी पांच गन्ना सप्लाई पर्चियां छिलाई नहीं हो सकीं और खारिज हो गई। श्रीकृष्ण वर्मा ने बाघ हटाये जाने के लिए प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, वनरेंज अधिकारी महेशपुर, पुलिस उप अधीक्षक, प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद को भी ज्ञापन की प्रतियां भेजी है।

# समग्र विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा बजट : वेद



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** उ.प्र. सरकार द्वारा 2025 का बजट पर अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार का यह बजट उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। सीमए योगी के नेतृत्व में प्रस्तुत इस बजट में हर वर्ग के लिए योजनाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिनका लाभ प्रदेशवासियों को मिलेगा। विधायक श्री गुप्ता ने बजट में अयोध्या के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए कहा कि बजट में अयोध्या को एक सोलर सिटी बनाने की योजना का ऐलान हुआ है,जो कि पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ ऊर्जा के नवीकरण में भी महत्वपूर्ण कदम है।इससे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, अयोध्या के विकास के लिए अन्य घोषणाएं भी की गई हैं, जिनसे जिले में बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में जो योजनाएं बनाई हैं, वे यहां के लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में सहायक होंगी। विधायक गुप्ता ने सरकार के इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इसमें दी गई योजनाओं से न केवल अयोध्या, बल्कि पूरे प्रदेश का विकास होगा और उत्तर प्रदेश देश में एक मॉडल राज्य के रूप में स्थापित होगा। अंत में, उन्होंने कहा कि हम अयोध्या के निवासियों को विश्वास दिलाते हैं कि हम इस बजट में की गई घोषणाओं को जमीन पर उतारने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

# स्थापत्य वास्तु ज्ञानयज्ञ आयोजन का समापन

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।**

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के भव्य प्रांगण में 15से 20फरवरी तक स्थापत्य वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग का आयोजन वास्तु स्थापत्य कला के सुप्रसिद्ध विद्वान अचार्य सुशील बलूनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन समापन दिवस के अवसर पर वास्तु ज्ञान यज्ञ कथा एवं सत्संग में श्रोताओं को संबोधित करते हुए अचार्य सुशील बलूनी ने कहा कि मनु, ध्रुव, राजा अंग, महराज पृथु, दुराचारी राजकुमार बेन तथा महाराज पृथु की कथाएं विस्तार पूर्वक सुनाई।




**सही दिशा में चलने से मिलेगी मंजिल**

श्री बलूनी ने कहा भारत में जन्मी वास्तु विद्या को आज समाज ने भुला दिया है यह विद्या मनुष्य के जीवन में सुख समृद्धि शांति यश एवं कीर्ति प्रदान करती है यदि जन सामान्य को सुखी रहना है तो हमें वास्तविक विज्ञान के नियम सिद्धांतों का बारीकी से अध्ययन कर आत्मसात करना होगा। इस मौके पर मुख्य रुप से एडीएम लखीमपुर संजय सिंह, एसडीएम गोला विनोद गुप्ता, पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला, धर्मेन्द्र गिरि, पूर्व चेयरमैन गन्ना समिति सुरेश चंद वर्मा, बादाम सिंह, ज्ञानी सिंह, सरदार सुख्खा सिंह, मूलचंद वर्मा, श्रीकृष्ण वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित रहे।


उत्तर प्रदेश सरकार
दिव्य-भव्य-डिजिटल
एकता का महाकुम्भ
महाकुम्भ प्रयागराज 2025
संगम में पुण्य
सुविधाओं का महाकुम्भ
स्वस्थ महाकुम्भ
• सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार • मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात • 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात • प्रमुख मार्गों पर स्थित सीएचसी/पीएचसी का अपग्रेडेशन
स्वच्छ महाकुम्भ
• 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती • स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती • 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां • जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक
सुरक्षित महाकुम्भ
• 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती • 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन • 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम • 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट
• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट • 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट
• 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट • 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना
• 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप • 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट
• 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास • 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल
सनातन गर्व, महाकुम्भ पर्व
• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट
• मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम
• संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे
• सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था
• प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा
आकस्मिक सेवाएं
मेला प्रशासन
आवास एवं आहार
यूपी की उपलब्धियां
कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें
कुम्भ सहायक
वाट्सऐप नं. 8887847135
पर 'नमस्ते' भेजें
महाकुम्भ हेल्पलाइन
1920 महाकुम्भ मेला हेल्पलाइन
112 इमरजेंसी सर्विस
1010 खाद्य एवं रसद हेल्पलाइन
102, 108 एम्बुलेंस सेवा
18004199139 रेलवे हेल्पलाइन
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP
mahakumbh_25/
upmahakumbh
MahaKumbh_2025
https://kumbh.gov.in/

# नागरिक संगम पहल से समस्याओं का हो रहा त्वरित समाधान

- डीएम नेहा शर्मा के नेतृत्व में प्रशासनिक पारदर्शिता व संवाद बढ़ाने का प्रयास
- नागरिक संगम कार्यक्रम में सभी अधिकारियों ने दी विभागीय योजनाओं की जानकारी



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद को सुदृढ़ बनाने और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए नागरिक संगम कार्यक्रम की शुरुआत की। बृहस्पतिवार को नगर पालिका गोण्डा मंशा देवी मंदिर बड़गांव रेलवे के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में काफी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने व्यक्तिगत रूप से नागरिकों की शिकायतें सुनीं और कई मामलों का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया। उनका यह कदम गोंडा में प्रशासन को जनता के करीब लाने और प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाने का प्रयास है। जिलाधिकारी ने कहा, ÷सभी समस्याओं का समाधान समयबद्ध और प्रभावी तरीके से करना प्रशासन की प्राथमिकता है। स्वच्छता और जनसुविधाओं को बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। नगर पालिका गोण्डा मंशा देवी मंदिर बड़गांव रेलवे के परिसर में नागरिक संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने की। इस कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के बड़ी संख्या में नागरिकों ने हिस्सा लिया और अपनी अपनी समस्याओं को जिलाधिकारी से अवगत कराया। कोई राशनकार्ड की मांग तो कोई आवास की मांग के साथ-साथ कहीं पेंशन, अवैध कब्जा हटवाने की मांग जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने वार्ड बड़गांव में मौके का निरीक्षण भी किया और तत्काल प्रभाव से वार्ड में साफ सफाई एवं अन्य समस्याओं को दूर किए जाने के निर्देश नगर पालिका गोण्डा को दिए। नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान सबसे अधिक प्रार्थना पत्र प्रधानमंत्री आवास, राशनकार्ड की मांग को लेकर दिए गए, तथा कुछ प्रार्थना पत्र पेंशन विभाग से संबंधित दिये गए।

नागरिक संगम कार्यक्रम के दौरान नगरपालिका गोण्डा मंशा देवी मंदिर बड़गांव रेलवे के परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये। नागरिक संगम के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ गंभीरता से लें और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। वहीं कार्यक्रम के दौरान आये हुए प्रार्थना पत्रों का संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी नेहा शर्मा की यह पहल प्रशासनिक पारदर्शिता और जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। उनकी त्वरित कार्रवाई और निर्णय लेने की क्षमता ने जनपद में प्रशासनिक व्यवस्था को नई दिशा दी है।

## बार एसोसिएशन ने किया विरोध-प्रदर्शन



- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री को सम्बोधित मांग पत्र डीएम को सौंपा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में बार एसोसिएशन ने जोरदार विरोध प्रदर्शन निकाल कर सरकार के द्वारा लागू केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता 2025 अविलम्ब वापस लेने और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।

इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बार एसोसिएशन गोण्डा अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी व सिविल बार एसोसिएशन गोण्डा के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा तथा बार एसोसिएशन गोण्डा के प्रभारी व सिविल बार एसोसिएशन गोण्डा के महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। विरोध प्रदर्शन जुलूस डीएम कार्यालय पहुंचकर अपना ज्ञापन जिलाधिकारी नेहा शर्मा को देकर कहा की मांग पत्र राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री को संबोधित है कि 1.केन्द्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता 2025 अविलम्ब वापस लिया जावे।

2. %एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट% लागू किया जावे। समस्त अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी से कहा की यह मांग पत्र पर विचार करना जरूरी है।वहीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने अश्वासन दिया कि मांग पत्र को सरकार तक भेजा जाएगा।विरोध प्रदर्शन व जुलूस में कार्यकारिणी के सदस्यगण सन्त बक्श मिश्र, सुशील कुमार मिश्रा, अवध किशोर पाण्डेय, रामू प्रसाद, राजकुमार चतुर्वेदी, विमल प्रकाश मिश्र, राज कुमार द्विवेदी, सुनीत कुवंर श्रीवास्तव, श्रीचन्द्र श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, राज किशोर श्रीवास्तव, विश्वनाथ गुप्ता, अरूण कुमार, हरिओम पाण्डेय, हिमांशु ओझा, यशी द्विवेदी, सौरभ पाण्डेय, आशुतोष चौबे, अजीत कुमार जायसवाल, आशीष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे तथा पूर्व अध्यक्षगण राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, माधवराज मिश्रा, महाराज कुमार श्रीवास्तव, के0के0 मिश्र, विन्देश्वरी प्रसाद दूबे, रविचन्द्र त्रिपाठी, कौशल किशोर पाण्डेय व वरिष्ठ अधिवक्ता जगदम्बा पा पाण्डेय, कौशल कान्त शुक्ल, सुभाष चन्द्र पाण्डेय तथा अनिल सिंह, सुनील पाण्डेय, विनय कुमार मिश्र, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अजय तिवारी, दिनेश मिश्र प्रखर, मनोज कुमार श्रीवास्तव नीरज, जगन्नाथ शुक्ल, धनलाल तिवारी, भगवती प्रसाद पाण्डेय, शिवेन्द्र मिश्र, आलोक पाण्डेय, यतीन्द्र सिंह, गौरी शंकर चतुर्वेदी, अजेय विक्रम सिंह, रितेश यादव, इन्द्रमणि शुक्ल, प्रभात शुक्ल, अवध नरायन सिंह, गनेश कुमार श्रीवास्तव, विवेक सिंह, दिवाकर तिवारी, विवेक श्रीवास्तव, महेन्द्र मोहन मिश्र, सुरेन्द्र मिश्र सूर्य, नन्द गोपाल शुक्ल आदि हजारों की संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## ह्यूम पाइप खरीद में घपले की शिकायत पर मण्डलायुक्त ने दिए जांच के आदेश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने 15वें वित्त आयोग से ग्राम पंचायत पुरैनिया रूपईडीह में 200 एमएम ह्यूम पाइप की खरीद और श्रमिक व्यय में संभावित घपले की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। जांच उप निदेशक पंचायती राज को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता पंकज कुमार पाण्डेय ने आरोप लगाया है कि पंचायत द्वारा रुपये 3,60,595 खर्च करने के बावजूद कहीं भी पाइप नहीं लगाई गई। शिकायत के मुताबिक, ग्राम पंचायत ने ह्यूम पाइप की खरीद व श्रमिक व्यय पर अलग-अलग तिथियों में भुगतान किया गया। 25 दिसंबर 2021 को 1,09,349 रुपये की ह्यूम पाइप खरीदी गई। 18 फरवरी 2022 को श्रमिक व्यय के रूप में रुपये 65,702 खर्च किए गए। 9 अगस्त 2023 को 91,920 रुपये की पाइप खरीद व 1,704 का श्रमिक व्यय किया गया। 17 अगस्त 2023 में 91,920 रुपये की एक और खरीद हुई। ग्राम कश्मीरवा, पुरैनिया रूपईडीह निवासी पंकज कुमार पाण्डेय का कहना है कि इतनी बड़ी धनराशि खर्च होने के बावजूद जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ। उन्होंने इस मामले की गहन जांच के लिए भौतिक व स्थलीय सत्यापन कराने की मांग की थी।

## छात्र-छात्राओं की उपस्थित कम होगी तो उन्हें मूल्यांकन से किया जाएगा वंचित : प्राचार्य



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** मण्डल मुख्यालय पर स्थित श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज, गोण्डा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की सभी कक्षाये मुख्य परिसर, विज्ञान परिसर एवं बी0एड0 परिसर में समय-सारणी अनुसार पूर्वाह्न 08:45 से संचालित हो रही है। नियमित कक्षा के साथ-साथ सत्त मूल्यांकन प्रक्रिया चल रही है।

अतः सभी संस्थागत छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि समय से कक्षा में उपस्थित रहें। छात्र उपस्थिति कम होने पर छात्र-छात्रा सत्त मूल्यांकन से वंचित हो सकते हैं, जिसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र-छात्रा की होगी। आन्तरिक परीक्षा कभी भी किसी भी समय आयोजित हो सकती है।

उक्त आशय की जानकारी प्राचार्य प्रो रवीन्द्र कुमार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी ।

## मामूली विवाद में किया फायर, चार घायल

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



परस पुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की सुबह घूर फेकने को लेकर विवाद हो गया। पथरा के बाद गोली चल गई जिस में पिता और उस की दो पुत्री एक वर्ष की नातिन को गोली लग गई। जिस के चारो लोग घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।


पिता और एक पुत्री की हालत गंभीर बताई गई है। गांव में तनाव का माहौल व्याप्त हो गया। परस पुर थाना क्षेत्र के बगही परेटा गांव के निवासी 50 वर्षीय हीरा लाल मिश्रा पुत्र भगौतीं प्रसाद मिश्रा के घर पर चड आए कुछ लोगो ने पहले पथराव किया। इस के बाद ताबड़ तोड़ फायरिंग कर दिए। जिस में हीरा लाल मिश्रा को गोली लग गई। उनकी पुत्री 18 वर्षीय कामिनी 21वर्षीय अन्ना पूर्णमा, एक वर्षीय अनाया पुत्री रवि शंकर को गोली का छर्रा लग गया। जिस में चारो लोग घायल हो गए। इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया। हीरा लाल मिश्रा और कामिनी को भर्ती कर लिया गया। अन्नपूर्णमा , एनाया का इलाज किया गया। हीरा लाल की पत्नी मीरा देवी ने बताया कि घर के सभी लोग जानवरो के काम में व्यस्त थे। छोटा पुत्र अटल मिश्रा अपने जमीन पर ही घूर फेकने गया था। इसी को लेकर विवाद हो गया। कहा सुनी होने लगी। थोड़ी ही देर में पथराव शुरू हो गया। इसी पथराव के दौरान ही गोली चला दिया। हीरा लाल को बचाने के दौरान ही उस की पुत्री कामिनी और अन्नपूर्मामा को भी छर्रा लग गया। घायल अवस्था में कामिनी ने बताया कि हम सभी लोग अपने घर के पास आंगन दरवाजे के पास खड़े हुए थे। अचानक हमला और पथराव के साथ ही गोली चलने लगी। गांव के ही काली प्रसाद से घूर का विवाद चल रहा है। जिस जमीन पर घूर लगाया जाता है उस जमीन का विवाद भी न्यायालय में विचाराधीन है। घटना की की तहरीर थाने पर 6लोगो के खिलाफ में दी गई हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रभागीय वन अधिकारी ने पत्रकारों को मुख्य संरक्षिका से मिलने से रोका

**गोन्डा, समृद्धि न्यूज।** मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह पौधशालाओं का निरीक्षण करने गोन्डा वन प्रभाग में आई थी। इसकी जानकारी कुछ मीडियाकर्मियों को मिली तो प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में पहुंचे। मीडियाकर्मियों को मुख्य वन संरक्षक( मध्य क्षेत्र) रेणु सिंह से भी मिलने के लिए प्रभागीय वनाधिकारी पंकज शुक्ला के निर्देश पर रोका जा रहा था। दृश्य और विभागीय चर्चाओ की मानें तो वन प्रभाग गोन्डा में अवैध कटान और पौधशालाओं में बड़ा झोलझाल है इसकी जानकारी मुख्य वन संरक्षक (मध्य क्षेत्र) को न मिले, इसलिए मुख्य वन संरक्षक से मीडिया को दूर किया जा रहा था, जबकि कुछ मीडियाकर्मियों ने मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह के गाड़ी में बैठने के उपरांत चलते चलते मुलाकात की और वन प्रभाग गोन्डा अन्तर्गत हो रहे अवैध कटान सहित अन्य जानकारी तो दी लेकिन कार्यवाही के लिए मुख्य वन संरक्षक रेणु सिंह ने कहा की हमारे व्हाट्सएप्प पर भेज दें। अब सवाल यह उठता है कि भाजपा सरकार में जहां भ्रष्टाचार मुक्त होने का दावा किया जा रहा है और मीडिया को प्रधानमंत्री द्वारा चौथा स्तंभ कहकर संबोधित किया जाता हो तब उसी सरकार में उच्च अधिकारी इस तरह मीडिया से नजरें बचा कर निकल जाते हैं इससे सरकार की छवि को धूमिल करना कहे या भ्रष्टाचार मुक्त सरकार और चौथे स्तंभ की अवहेलना कहे।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा : प्रथम पाली में 442 तथा द्वितीय पाली में 66 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अरबी फारसी मदरसा बोर्ड की मुंशी मौलवी आलिम कामिल और फाजिल की परीक्षा के चौथे दिन की प्रथम पाली में कुल 1534 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 1094 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 440 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे इस प्रकार उपस्थित 71 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित रहे 29 प्रतिशत परीक्षार्थी अनुपस्थिति रहे जबकि द्वितीय पाली में कुल 393 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था जिसमें से 327 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 66 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे और इस प्रकार उपस्थिति का प्रतिशत 83.21 एवं अनुपस्थिति का प्रतिशत 16.79 रहा सख्ती के चलते बडी संख्या परीक्षार्थियों ने परीक्षा ही छोड़ दी है। प्रथम पाली में 442 तथा द्वितीय पाली में में 66 परीक्षार्थियों ने परीक्षा ही छोड दी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष सिंह के मदरसा अलमर्कजुल इस्लामी दारुल फिक्र दरगाह रोड़ बहराइच, मदरसा मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया बहराइच, एवं मदरसा जामिया गाजिया फैजुल उलूम बख्शीपुरा बहराइच का औचक निरीक्षण कर बताया कि जनपद के सभी 11 केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मदरसा बोर्ड की परीक्षाएं नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में चल रही हैं कहीं किसी प्रकार की गडबडी अभी तक नहीं मिली है 7 परीक्षा को नकलविहीन बनाने के लिए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत सभी फ्लाइंग स्क्वायड, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर सघन जांच कर रहे हैं । उड़ाका दल सीसीटीवी कैमरों को खंगाल और परीक्षा कक्षों में पहुंचकर औचक निरीक्षण भी लगातार कर रहे हैं । जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संजय मिश्र ने बताया कि परीक्षा की शुचिता कायम रहे इसके लिए सभी केंद्र व्यवस्थापकों को प्रमुख सचिव के निर्देशों के अनुसार कैमरे की निगरानी में बोर्ड परीक्षा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की शुचिता प्रभावित होने पर कार्रवाई की जाएगी। नकलविहीन परीक्षा के लिए की जा रही सख्ती का नतीजा है कि मदरसा बोर्ड की परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा छोड़ रहे हैं एवं जनपद में अभी तक एक भी परीक्षार्थी नकल करते हुए नहीं पकड़ा गया है ।

## पुलिस की कड़ी निगरानी में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ प्रधान पद का उपचुनाव, आज आयेगा नतीजा

- ग्राम पंचायत दिगित पुरवा में 53 प्रतिशत हुआ मतदान

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।**

विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज के ग्राम पंचायत दिगित पुरवा में प्रधान पद के उपचुनाव के लिए तीन धाकड़ उम्मीदवार नीतू देवी, पर्मिला और मीनाक्षी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। पूरे गाँव में चुनावी जोश चरम पर रहा, और मतदाताओं ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कुल 2938 मतों में से 1570 मत डाले गए, जिससे मतदान प्रतिशत 53.44प्रतिशत दर्ज किया गया।




### थाना प्रभारी की सख्त निगरानी में मतदान शांतिपूर्वक संपन्न

चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक विशेश्वरगंज नवीन सिंह ने मोर्चा संभालते हुए पुलिस बल के साथ मतदान केंद्र पर कड़ी निगरानी रखी। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। उपजिलाधिकारी पयागपुर दिनेश चंद्र और एडीएम ने भी मतदान प्रक्रिया का जायजा लिया। नायब तहसीलदार विशेश्वरगंज बृजेश कुमार और जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव व लेखपाल पवन सिंह पूरे समय पोलिंग बूथ पर डटे रहे।

### आज होगा फैसला

अब सबकी नजरें 21 फरवरी पर टिकी हैं, जब मतगणना के बाद यह तय होगा कि प्रधान की कुर्सी तक कौन पहुंचेगा और किसका सपना टूटेगा।

## भारत-नेपाल सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित

**रूपईडीहा, बहराइच समृद्धि न्यूज।**



- ऐसे महोत्सव से आपसी रिश्तों को मिलेगी और मजबूती

भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार पड़ोसी राष्ट्र नेपाल के साथ अपने सम्बन्धों के सुदृढ़ बनाने की दिशा में बहुत गम्भीर हैं। इसी दिशा में एक प्रयास भारत नेपाल मैत्री महोत्सव का आयोजन है। जो 5 से 23 फरवरी तक भारत नेपाल सीमा पर आठ स्थान पर आयोजित किया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को रुपईडीहा स्थित लार्ड बुद्ध पी जी कॉलेज में भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संस्कृतिविभाग द्वारा 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव' का आयोजन किया गया है। महोत्सव के दौरान भारत और नेपाल के कलाकारों द्वारा लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ की गई। सांस्कृतिक परिधान प्रदर्शन, भारत-नेपाल फ्यूजन बैंड शो, रघुनंदन और समुद्रमंथनम जैसे पारंपरिक नृत्यों की प्रस्तुतियाँ और चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

यह महोत्सव भारत और नेपाल के बीच दोस्ती और सहयोग की मिसाल प्रस्तुत करता है। दोनों देशों की सांस्कृतिक पहचान और विविधताओं का आदान-प्रदान इस महोत्सव के माध्यम से हुआ, जिससे आपसी रिश्तों को और मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में दोनों देशों के अधिकारियों, कलाकारों और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय रहा। भारत नेपाल दोनों देशों के कलाकारों व वक्ताओं द्वारा अपने अपने देश की संस्कृति की झलक दिखाई गई। कलाकारों को नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर उमाशंकर वैश्य एवं लार्ड बुद्ध कालेज के निदेशक डाक्टर हरीशचन्द द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### गर्म दूध में गिरे पांच व डेढ़ साल के भाई-बहन, अस्पताल में भर्ती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में एक मांगलिक कार्यक्रम दर्दनाक हादसे में बदल गया। बुधवार शाम को राजू नाम के ग्रामीण के छोटे भाई के तिलक समारोह में यह घटना हुई। हलवाई मिठाई बनाने के लिए दूध को एक बड़े बर्तन में गर्म कर रहा था। इसी दौरान राजू की 5 वर्षीय बेटी लकी और डेढ़ वर्षीय बेटा कृष्णा खेलते खेलते गर्म दूध के बर्तन में गिर गए। दोनों बच्चों के झुलसने से मौके पर अपना तफरी मच गई। परिजन तुरंत दोनों बच्चों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में दोनों बच्चों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्चों की मां ने बताया कि खेलते समय दोनों गर्म दूध में गिर गए घटना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है।

## एनसीआरटी टीम ने पठन-पाठन का लिया जायजा

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**



- परिषदीय स्कूलों में शिक्षकों व अभिभावकों के साथ संवाद सत्र आयोजित कर उनकी समस्याओं व सुझावों को जाना

गुरुवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने विकास खंड जरवल के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों में छात्रों के बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान (एफ.एल.एन) की समझ तथा गुणवत्तापूर्ण पठन-पाठन की स्थिति का आकलन करने के लिए दौरा किया। टीम के जरवल पहुंचने पर खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद बहादुर सिंह, ए.आर.पी. मोहम्मद अहमद व अब्दुल मोमिन ने उनका स्वागत किया।टीम ने जरवल के प्राथमिक विद्यालय रिठौढा तथा प्राथमिक विद्यालय धनराजपुर में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा शिक्षकों व अभिभावकों के साथ संवाद सत्र का आयोजित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को जाना। विशेषज्ञ टीम में प्रो सुनीति संवाल, डॉ दीप्ति मंडल, गजाला, प्रो पदमा यादव, डॉ अजय शर्मा और डॉ मोनू सिंह गुर्जर शामिल रहे। टीम का शैक्षिक स्तर की पड़ताल का दौरा छात्रों में अधिगम की प्रगति और शिक्षण प्रक्रिया में सुधार की दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। बीईओ जरवल ने एनसीआरटी टीम के दौरे को विभागीय कार्य तथा इसे शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने की दिशा में सराहनीय प्रयास बताया।

## मकान में घुसी तेज रफ्तार कार, एक महिला घायल दो बाइक क्षतिग्रस्त

- स्टेरिंग फेल होने से हुआ हादसा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के फखरपुर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक बड़ा हादसा हुआ। लखनऊ बहराइच मार्ग पर बैदौरा चौराहे के पास एक कार अनियंत्रित होकर मकान में जा घुसी। इस हादसे में कृष्णावती नाम की महिला घायल हो गई। कार ने पहले दो बाइकों को टक्कर मारी और फिर मकान में घुस गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल महिला को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले गए वहां चिकित्सकों ने महिला का प्राथमिक उपचार किया। जानकारी के अनुसार वाहन की स्टीयरिंग फेल होने से चालक ने नियंत्रण खो दिया इस कारण यह हादसा हुआ। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। हालकी राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

## सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध

- चारागाह व श्मशान की जमीन पर कंपनी ने की तारबंदी

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के महसी तहसील में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। हेमरिया ग्राम पंचायत में हाईवे से सटी जमीन पर यूनिमैक्स कंपनी के एमडी ने तारबंदी कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने इसका विरोध किया है।

राजस्व रिकॉर्ड में यह जमीन चारागाह और तालाब के रूप में दर्ज है। गाटा संख्या 109 के सात खाते चारागाह के लिए और गाटा संख्या 111 के पांच खाते तालाब के लिए आवंटित है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है।

ग्राम प्रधान बछराज यादव ने बताया कि स्थानीय लोग वर्षों से इस जमीन का उपयोग अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए करते आ रहे हैं उन्होंने लेखपाल और राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। हाईवे के पास स्थित या जमीन काफी कीमती है 2008 में तत्कालीन डीएम सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने इस जमीन के सभी पेट रद्द कर दिए थे। इसके बाद में स्थानीय विधायक और ब्लॉक प्रमुख ने यहां पर पेड़ लगवाए थे। एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने राजस्व टीम को मौके पर भेज दिया है। जिलाधिकारी ने अपनी देखरेख में भूमि का सीमांकन कराने का आश्वासन दिया है। ग्रामीण अवैध कब्जा हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं।

## ज्ञान वैराग्य से प्राणी का होता है उद्धार

**संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आयोजित**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

ज्ञान वैराग्य व भक्ति से प्राणी का उद्धार हो जाता है तथा वह बार-बार मरण-जीवन के चक्र से मुक्त हो जाता है। इसलिए जीवन में भक्ति परम् आवश्यक है। यह बातें तहसील महसी क्षेत्र के चांदपारा स्थित नीलकंठ शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सामूहिक सहयोग से आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री मद् भागवत कथा में कथा व्यास रमेश गोस्वामी ने प्रवचन के दौरान कही। श्री गोस्वामी ने आयोजन के प्रथम दिन महात्म कथा के दौरान कहा कि एक दिन देवर्षि नारद जी विचरण करते हुए यमुना के किनारे से होकर गुजरे तो उन्हें किसी नारी के रोने की आवाज सुनाई दी ऋषिवर ने करीब जाकर देखा कि एक तरुणी नारी बैठी रो रही है और उसके ही समीप दो बूढ़े पुरुष जो बेखबर से सो रहे हैं। सुखसदनी कह संबोधित कर पूछने पर रोते हुए उस नारी ने कहा कि मैं कोई लौकिक सुंदरी नहीं हूं मुझे लोग भक्ति कहते हैं, और यह दोनों ज्ञान और वैराग्य जो मेरे बेटे हैं, मां जवां और बेटे बूढ़े हैं ,यह कैसे संभव है, नारद जी के इस सवाल पर रोते हुए भक्ति ने कहा कि द्वापर तक दोनों जवां थे ,और कलयुग का पदार्पण होते ही मेरे दोनों बेटे बुढ़ापे से घिर गए। हे देवर्षि जी ऐसी कोई युक्ति बताइये कि इनका मानस रोग दूर हो जाए। श्री गोस्वामी आचार्य भगवानदास पांडेय व मंगन विहारी आदि के साथ संगीतमय प्रस्तुति दे रहे हैं, इस दौरान मुख्य यजमान रामकुमार वर्मा, सियाराम वर्मा,लालता प्रसाद, रामपाल मास्टर, जिलेदार, श्रीचंद,केशवराम वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन मांगों को लेकर अपना दल ने किया प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

- जातीय जनगणना, महंगाई रोकने व सरकारी नौकरी में पारदर्शिता की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




जिले में अपना दल कमेरा वादी पार्टी ने गुरुवार को प्रदेश वापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास स्थित धरना स्थल पर जिलाध्यक्ष सोहनलाल पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया और पार्टी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष सोहनलाल पटेल ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर तीन प्रमुख मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना आयोजित किया गया है। इन मांगों में जातीय जनगणना कराने, सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाकर भ्रष्टाचार रोकने और बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाना शामिल है। इसके साथ ही उन्होंने जिले में आवारा पशुओं से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान से निजात दिलाने की मांग भी रखी। धरना समाप्त होने के बाद कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर महबूब अहमद, गीता देवी, हरपाल सिंह, छाया श्रीवास्तव और उमा देवी सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विकास एवं राजस्व कार्यों में सीएम डैश बोर्ड में खराब रैंकिंग वाले विभागों को डीएम ने लगाई फटकार

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यों एवं राजस्व वसूली की प्रगति एवं रैंकिंग की समीक्षा की गई।

बैठक में उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण, प्रोबेशन विभाग, पंचायती राज विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, उद्योग विभाग, लोक निर्माण विभाग, मत्स्य पालन, श्रम विभाग, पशुपालन विभाग, सेतु निगम, ग्राम्य विकास विभाग आदि विभागों की संचालित योजनाओं की प्रगति एवं राजस्व से जुड़े विभागों द्वारा राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा की।

उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए सुधार लाने की हिदायत दी। लगातार सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति वाले विभागों के अधिकारियों के विरुद्ध शासन में पत्र लिखे जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निरंतर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहें और डाटा फीड करते समय अच्छी तरह चेक कर लें तथा समय से डाटा फीड करें। डाटा फीडिंग में कोई लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, वृद्धावस्था ,निराश्रित महिला पेंशन आदि के आवेदनों का समय से निस्तारण करें, कोई भी आवेदन पत्र निर्धारित समयावधि से ज्यादा लंबित न रहें।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी सहित सभी संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## सरकार के दावे खोखले
## जनता कर रही उचित कार्रवाई की मांग



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र का चमरूपुर बाजार, जो एक प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, बदहाल सड़कों की समस्या से जूझ रहा है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढे और टूटी-फूटी सड़कें स्थानीय निवासियों, दुकानदारों और राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई हैं। सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़कें बनाने के दावों के बावजूद चमरूपुर बाजार की सड़कें दो दशकों से उपेक्षित पड़ी हैं। चमरूपुर बाजार न केवल व्यावसायिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यहां डाकघर, इंडियन बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक, राजकीय माध्यमिक विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय, कंपोजिट कन्या विद्यालय, जूनियर हाई स्कूल, पंचायत भवन, प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र समेत कई सरकारी कार्यालय भी स्थित हैं। इसके अलावा, यह बाजार कृषि उपज और अनाज के व्यापार का केंद्र है, जहां दो गल्ला लाइसेंसधारी व्यापारी, प्रमुख सर्राफा दुकानों और कपड़ों की बड़ी दुकानों सहित सैकड़ों छोटे दुकानदार अपना व्यवसाय चलाते हैं। इस बाजार से महदेइया मोड़, शुक्लागंज, भड़याटोल, शाहपुर इटई, पुरैना कानूनगो समेत दर्जनों गांवों के लोग जुड़ते हैं। रोज़ाना कई हज़ार लोग इस बाजार में अपनी जरूरतों की खरीदारी करने आते हैं, लेकिन टूटी सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढों के कारण उनका सफर जोखिम भरा हो गया है। वाहन चालकों को भी इस मार्ग पर चलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बाजार की जर्जर सड़कों पर गिट्टियां उखड़ चुकी हैं, जिससे गहरे गड्ढे बन गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन कोई न कोई इन गड्ढों में गिरकर घायल हो जाता है। राम सूरत, गुलाम नबी, मुस्लिम खां, दीन दयाल यादव, शिव कुमार, बनवारी लाल, मोहम्मद अली, रमज़ान समेत कई निवासियों ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कई बार गुहार लगाई गई, लेकिन किसी ने अब तक रुचि नहीं ली। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क योजना का वादा पूरी तरह विफल साबित हुआ है। प्रशासन की लापरवाही और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी के चलते सड़कें दिन-ब-दिन और बदहाल होती जा रही हैं। लोगों ने जल्द से जल्द सड़कों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि आम जनता को इस मुसीबत से राहत मिल सके।

# रेखा गुप्ता को दिल्ली सीएम बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।**



भारतीय जनता पार्टी सादुल्लानगर मंडल कार्यालय में दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की है। इस शानदार जीत के बाद, पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए चर्चाएँ तेज़ हो गई थी।भाजपा इस बार महिला विधायक रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बना रही है, जिससे एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संदेश दिया जा सके।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शालीमार बाग से नवनिर्वाचित विधायक रेखा गुप्ता का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा था। रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार बंदना कुमारी को 29,595 वोटों के बड़े अंतर से हराया है। उनकी इस महत्वपूर्ण जीत के बाद, भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। पार्टी कार्यालयों और विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ता एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इज़हार कर रहे हैं। रेखा गुप्ता का राजनीतिक सफर काफी उल्लेखनीय है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ABVP) से की थी और 1996-97 में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (DUSU) की अध्यक्ष रहीं। इसके अलावा, वे दिल्ली नगर निगम में पार्षद और भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी रह चुकी हैं। दीपचंद जायसवाल ने बताया कि रेखा गुप्ता का मुख्यमंत्री बनना दिल्ली की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू करेगा और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। हालांकि, अंतिम निर्णय पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा, लेकिन कार्यकर्ताओं में इस संभावित निर्णय को लेकर भारी उत्साह है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रताप गुप्ता, दीपचंद जायसवाल, राधेश्याम गुप्ता, राम मूरत प्रजापति,जग प्रसाद गुप्ता, ककू सोनी, राम बहोर वर्मा, लवकुश, गामा भारती, राजू आदि उपस्थित रहे।



## स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

श्रीदत्तगंज(बलरामपुर)। विकासखंड श्री दत्तगंज के अंतर्गत स्थित चौ. लालता प्रसाद सिंह बौद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को स्मार्टफोन/टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक नेवल प्रकाश सिंह, महंत संत छोटे बाबा, महंत जितेंद्र वन, युवा नेता चंदन मिश्रा, डॉ. राम विलास वर्मा, मुख्य नियंता सत्य प्रकाश वर्मा, हुकुम चंद्र मौर्य, अभिषेक कुमार सहित विद्यालय परिवार के कई गणमान्य लोग एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के तहत 143 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए, जिससे विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस पहल से छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यापकों ने सरकार द्वारा चलाई जा रही इस महत्वपूर्ण योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया के तहत छात्रों को तकनीकी संसाधनों से जोड़ने के उद्देश्य से यह योजना चलाई जा रही है। इसके तहत विद्यार्थियों को ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल सामग्री और तकनीकी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। महाविद्यालय के प्रबंधक नेवल प्रकाश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की यह योजना छात्रों के लिए शैक्षणिक अवसरों को बढ़ाने और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्मार्टफोन का उपयोग केवल शिक्षा और ज्ञानवर्धन के लिए करें। इस दौरान छात्रों ने सरकार की इस योजना के प्रति आभार जताया और कहा कि यह स्मार्टफोन उनकी शिक्षा में नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय प्रशासन द्वारा किया गया, जिससे यह आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

# अधिवक्ता संशोधन बिल के विरोध में वकीलों का प्रदर्शन

## राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित अधिवक्ता संशोधन विधेयक को लेकर अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश है। गुरुवार को तहसील परिसर में बड़ी संख्या में वकीलों ने विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी के साथ सरकार के इस फैसले को अधिवक्ताओं के हितों के खिलाफ बताया। प्रदर्शन के बाद अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार को सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि अगर इस विधेयक को जल्द वापस नहीं लिया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बार काउंसिल में तीन सदस्य नामित करने का प्रस्ताव पूरी तरह अनुचित है। इससे बार काउंसिल की स्वायत्तता समाप्त हो जाएगी और अधिवक्ताओं के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को नियंत्रण में रखने की साजिश है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अधिवक्ता संघ के महामंत्री अजीत कुमार सिंह ने कहा कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक की धारा 35(A) में प्रस्तावित बदलाव से वकीलों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर असर पड़ेगा। यह संशोधन अधिवक्ताओं को सरकार के अधीन कर देगा और उनके स्वतंत्र रूप से कार्य करने के अधिकार को सीमित कर देगा।

उन्होंने धारा 49(A) का जिक्र करते हुए कहा कि इस संशोधन से विदेशी लॉ फर्मों को भारत में विधि व्यवसाय करने की अनुमति दी जाएगी। इससे देश के अधिवक्ता प्रभावित होंगे और उनका व्यवसाय खतरे में पड़ सकता है। यह कानून स्थानीय वकीलों के अधिकारों के खिलाफ है और इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। अधिवक्ताओं ने बताया कि इस विधेयक में वकीलों पर अनुचित दंड और जुर्माने का प्रावधान जोड़ा जा रहा है। इससे अधिवक्ताओं को भय के माहौल में काम करना पड़ेगा। उन्होंने इसे ब्रिटिश कालीन कानूनों की वापसी का प्रयास बताया और सरकार पर अधिवक्ताओं के प्रति दमनकारी नीति अपनाने का आरोप लगाया। अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल की स्वायत्तता को बरकरार रखा जाए और उसमें सरकार का हस्तक्षेप रोका जाए।

धारा 35(A) में प्रस्तावित संशोधन को तुरंत वापस लिया जाए, जिससे अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता सुरक्षित रहे।

धारा 9 में बदलाव से अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता बाधित होगी, इसलिए इसे निरस्त किया जाए। धारा 49(A) के तहत विदेशी लॉ फर्मों को भारत में प्रवेश की अनुमति न दी जाए। अधिवक्ताओं पर लगाए जाने वाले अनुचित दंड और जुर्माने के प्रावधान को हटाया जाए। सरकार द्वारा अधिवक्ताओं को बिना वेतन सरकारी अधीन करने के फैसले को वापस लिया जाए। स्वतंत्र रूप से व्यवसाय करने की अधिवक्ताओं की आजादी बनी रहे। अगर सरकार विधेयक वापस नहीं लेती तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा जैसी आठ मांगें रखी है।

इस प्रदर्शन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अखिलेश सिंह, महामंत्री अजीत कुमार सिंह के अलावा रामप्रताप वर्मा, मार्कंडेय मिश्र, रामचंदर जयसवाल, परशुराम यादव, प्रह्लाद यादव, अमित श्रीवास्तव, सुधीर श्रीवास्तव, राकेश श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, दीपक गुप्ता, सुरेंद्र श्रीवास्तव, मारुति नंदन, धर्मराज यादव, नाजिर मलिक, आशीष कसौधन, राकेश सिंह, अंकुर श्रीवास्तव समेत सैकड़ों वकील मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने साफ शब्दों में कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि संशोधन विधेयक को तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा अधिवक्ताओं को सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!
# महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 21.02.2025 (शुक्रवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद, हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04301 | फाफामऊ जं. | 06:30 | हरिद्वार जं. | 23:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, चंदौसी जं., मुरादाबाद एवं नजीबाबाद जं. स्टेशन |
| 04604 | फाफामऊ जं. | 19:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, रूड़की, सहारनपुर जं., अंबाला कैंट, लुधियाना जं., जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 04146 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं., छायापुरी एवं आणंद जं. स्टेशन |
| 07383 | एसएसएस हुब्बल्लि जं. | 08:00 | वाराणसी जं. | 05:30 | धारवाड, अलनावर, लोंडा, खानापुर, बेलगावि, गोकक रोड, घाटप्रभा, रायबाग, कुडची, मिराज, सांगली, किर्लोस्करवाडी, कराड, सतारा, पुणे, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर और चुनार जं. स्टेशन |
| 01824 | आनन्द विहार (ट.) | 15:30 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. | 15:00 | अलीगढ़, टूण्डला, इटावा, गोविंदपुरी, फतेहपुर, सूबेदारगंज, नैनी जं., शंकरगढ़, मानिकपुर जं., चित्रकूट धाम कर्वी, अतर्रा, बांदा जं., महोबा जं., हरपालपुर, मऊरानीपुर, एवं निवाड़ी स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं.। |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 01662 | बनारस | 14:45 | रानी कमलापति (भोपाल) | 11:30 | चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, सिहोरा रोड, देवरी, जबलपुर, मदन महल, श्रीधाम, नरसिंहपुर, करेली, गाडरवारा, पिपरिया, सोहागपुर, इटारसी जं., नर्मदापुरम, बुदनी, ओबेदुल्ला गंज एवं मन्डी दीप स्टेशन |
| 09801 | सोगरिया | 08:15 | बनारस | 10:15 | अन्ता, बारां, अटरू, छबड़ा गुगोर, रुठियाई, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, बीना मालखेड़ी, खुरई, नरयावली, सागर, गिरवर, गणेशगंज, पथरिया, दमोह, बांदकपुर, रीठी, कटनी, झुकेही, मैहर, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार जं. |
| 01455 | पुणे जं. | 10:10 | मऊ जं. | 22:00 | दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, बेलापुर, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवाड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 03410 | प्रयागराज रामबाग | 19:15 | मालदा टाउन | 14:30 | बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन |
| 07707 | मौला अलि | 23:55 | आज़मगढ़ | 17:15 | चर्लपल्ली, जनगांव, काजीपेट जं., पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, बेल्लमपल्ली, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, नागपुर जं., इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, वाराणसी जं. एवं शाहगंज जं. स्टेशन |
| 06008 | बनारस | 18:05 | तिरूवनंतपुरम उत्तर | 23:55 | चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., बल्हारशाह, सिरपूर कागजनगर, रामगुंडम, वरंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., ओंगोल, नेल्लूर, गूडूर जं., पेरम्बूर, अरक्कोणम जं., काटपाडी जं., जोलारपेट्टै जं., सेलम जं., ईरोड जं., तिरुप्पूर, कोयम्बत्तूर जं., पालक्काड जं., तृश्शूर, आलुवा, एरणाकुलम टाउन, कोट्टयम, तिरुवल्ला, चेंगन्नूर, मावेलिक्करा, कायमकुलम जं., एवं कोल्लम जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.02.2025 (शनिवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर जं. | 14:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर जं. | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या धाम | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या धाम | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या धाम | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04526 | बठिण्डा | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा फूल, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली, रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, गाजियाबाद एवं नई दिल्ली स्टेशन |
| 04662 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | रायबरेली जं., लखनऊ शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़, मेरठ सिटी, मुजफ्फरनगर, देवबंद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी, राजपुरा, सरहिंद, ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन |
| 04612 | फिरोजपुर कैंट | 13:25 | फाफामऊ जं. | 11:30 | फरीदकोट, कोट कपूरा, बठिंडा, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अंबाला कैंट जं., सहारनपुर जं., रूड़की, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04622 | अयोध्या धाम जं. | 10:00 | अमृतसर जं. | 06:45 | लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद जं., सहारनपुर, अंबाला कैंट जं., धुरी जं., लुधियाना जं., जलंधर सिटी एवं जंडियाला स्टेशन |
| 08253 | बिलासपुर जं. | 08:15 | वाराणसी | 10:00 | राजपुर जं.,दुर्ग, राजनांदगांव, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर एवं चुनार स्टेशन |
| 02417 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा, टूंडला एवं अलीगढ स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05104 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 10:30 | प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल) | 04:30 | झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुल्तानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं. औड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन |
| 05150 | गोरखपुर जं. | 19:30 | झूसी जं. | 04:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05149 | झूसी जं. | 11:15 | गोरखपुर जं. | 20:00 | |
| 05152 | गोरखपुर जं. | 23:45 | झूसी जं. | 08:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05151 | झूसी जं. | 15:15 | गोरखपुर जं. | 23:45 | |
| 05101 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 09:00 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी, सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन |
| 05102 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 14:30 | झूँसी जं. (रिंग रेल) | 04:15 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनार जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, झुकेही, कटनी, रीठी, बांदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नरयावली, खुरई, बीना मालखेड़ी, मुंगावली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छबड़ा गुगोर, अटरू, बारां एवं अन्ता। |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज(टर्मि.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी, चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा जं., भुसावल जं., जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जंक्शन, ठाणे और दादर स्टेशन |
| 01456 | मऊ जं. | 23:50 | पुणे जं. | 15:45 | आज़मगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, खंडवा, भुसावल जं., मनमाड जं., बेलापुर, अहमदनगर एवं दौंड कॉर्ड लाइन स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:15 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औड़िहार जं. एवं गाजीपुर सिटी स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## विकास के द्वार खोलेगा यूपी बजट

प्रदेश के विकास के लिए योगी सरकार ने अपने खजाने के द्वार खोले हैं। 8 लाख 8 हजार करोड रुपए के भारी भरकम बजट से प्रदेश के हर क्षेत्र में क्रांति आएगी। प्रदेश प्रगति के पथ पर दौड़ेगा। समाज का हर वर्ग खुशहाल होगा। बजट में सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, महिला एवं बाल कल्याण पर विशेष फोकस किया गया है। इसके लिए सरकार ने कुल 35,863 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि आवंटित की है। जबकि निर्धन व असहाय व्यक्तियों की पुत्रियों के विवाह के लिये सरकार ने इस बार 900 करोड़ रुपये की आवंटित किए हैं,12वीं में अच्छे नंबर लाने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को फ्री में स्कूटी देने, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय 16 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपए करने का सरकार की निर्णय काफी सराहनीय है। इसके अलावा 4 नये एक्सप्रेस-वेज के निर्माण सहित प्रयागराज में आवागमन को और सुगम बनाने के लिए शास्त्री ब्रिज के पैरलल और एक पुल का प्रस्तावित निर्माण, प्रदेश को आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस के क्षेत्र में एक हब के रूप में विकसित करने के लिए लखनऊ में आर्टिफिशियल इण्टेलीजेंस सिटी की स्थापना तथा साइबर सिक्योरिटी में टेक्नोलॉजी रिसर्च ट्रांसलेशन पार्क की नयी योजना बजट में शामिल करना भी कबीले तारीफ माना जा रहा है। आज तक जिस बिन्दु पर पूर्व सरकारों का खासकर ध्यान नहीं रखा गया वह थी ग्राम पंचायत स्तरीय सामाजिक और वैवाहिक उत्सवों के आयोजनों की समस्याओं की। योगी सरकार ने इस पर विशेष ध्यान दिया है और प्रदेश के सभी ग्राम पंचायतों में वैवाहिक उत्सव एवं अन्य सामाजिक आयोजनों हेतु उत्सव भवन निर्माण की योजना बनाई है, साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत वित्तीय वर्ष में लगभग 10 लाख किसानों को 496 करोड़ रुपये की क्षद्धतिपूर्ति देने,पीएम कुसुम योजना के तहत 22,089 सोलर पंपों की स्थापना कराई जाने की व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को सिंचाई में मदद मिल सके और ऊर्जा की बचत भी हो सके। बजट में पुलिस बल पुलिस के 200 से ज्यादा बहुमंजिले आवास और कार्यालयों के लिफ्ट, जनरेटर, एसटीपी, डब्ल्यूटीपी के रख रखाव के लिए प्रतिवर्ष 200 करोड़ के कार्पस फण्ड की स्थापना हेतु लिया गया निर्णय भी पूरे भारत के लिए नवीन और अनुकरणीय प्रयोग है, जो मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता को प्रदर्शित करता है।

# जनजातीय हितों व श्रद्धा पर केंद्रित हो नई वननीति

**डॉ. प्रवीण गुगनानी**

भा वनग्राम, वनों से सटे राजस्व ग्राम, जनजातीय समाज, वनों के भीतर कृषि का अधिकार, जनजातीय समाज को वनों के सीमित उपयोग की अनुमति आदि-आदि विषय मप्र में एक बड़ा सामाजिक सरोकार का प्रश्न रहे हैं। यह प्रश्न अब गहरा रहा है। मप्र सरकार कंपनी, संस्था, व्यक्ति या स्वयंसेवी संस्था को बिगड़े जंगल अनुबंध पर साठ वर्ष हेतु देने के प्रस्ताव पर विचाररत है। नई नीति में निजी क्षेत्र को विभाग के अनुसार नए पौधे लगाने होंगे। दो वर्ष में पौधे नहीं उगे तो अनुबंध समाप्ति का अधिकार शासन के पास सुरक्षित रहेगा। इन वनों का कार्बन क्रेडिट, वन विभाग के माध्यम से विक्रय करेंगे।

इस नीति के अनुसार एक हजार हेक्टेयर तक के जंगल को यदि कोई निजी कंपनी विकसित करना चाहेगी तो वनों की पुनर्स्थापना का भी प्रावधान है। अनुबंधित वनों से प्राप्त वनोपज का पांचवां भाग वन समिति और शेष चार भाग वन विकास निगम और निजी कंपनी को मिलेंगे। फल वनोपज का आधा भाग निजी कंपनी को प्राप्त होगा। मप्र में 37 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बिगड़े वन हैं, इसे ही निजी क्षेत्र में सौंपने की तैयारी है। नई नीति के अन्तर्गत निजी निवेशकों का इन वनीय क्षेत्रों की उपज व कार्बन क्रेडिट पर प्रथम अधिकार होगा। नई नीति का नाम ÷सीएसआर एवं कंपनी एन्वायरमेंट रिस्पांसिबिलिटी एवं अशासकीय निधियों के उपयोग से वनों की पुनर्स्थापना÷ है। इसके अंतर्गत मप्र में निजी निवेशक न्यूनतम दस हेक्टेयर वन का चयन कर सकेंगे।

नई वन नीति में कई विसंगतियाँ हैं, जिससे वनीय विविधता की हत्या हो जाएगी। जिस प्रकार समर्थन मूल्य के कारण मप्र व अन्य प्रदेशों की कृषि विविधता समाप्त हो गई है, उसी प्रकार वन विविधता समाप्त हो जाएगी। जब वनीय विविधता समाप्त होगी तो सर्वप्रथम वनीय जैव विविधता, बड़ी तीव्रता से समाप्त होगी। वनवासियों हेतु हर वृक्ष का हर उत्सव व ऋतु में अलग-अलग आस्था का सम्बंध होता है। हजारों-लाखों प्रकार के जीव-जंतुओं का भोजन, उनकी औषधियां, उनकी रहवासी आवश्यकताएँ सभी कुछ समाप्त हो जाएंगे। जीव-जंतु तो छोड़िए जनजातीय समाज और नगरीय समाज को मिलने वाली हजारों वनीय औषधियां, जड़ी-बूटियाँ, रसायन, मौसमी उत्पाद सभी कुछ समाप्त हो जाएँगे। प्रकृति की अविरल धारा के समक्ष एक बड़ा अवरोध व परिवर्तन उपस्थित होगा जिससे कई प्रकार की असंगतियाँ-विसंगतियाँ देखने को मिलेंगी। अनुबंध पर जंगल लेने वाले व्यसायी केवल लाभ से सरोकार रखेंगे। निजी वन व्यवसायी और कम्पनियाँ आदि; राष्ट्रीय, पर्यावरणीय, सामाजिक, धार्मिक विषयों के प्रति कोई सरोकार या संवेदनशीलता रखने से तो रहे। व्यावसायिक लाभ ही एकमेव लक्ष्य होगा, इससे वनोपज में असंतुलित वृद्धि तो हो सकती है किंतु पर्यावर्णीय हानि, जैव व वन विविधता की हानि व वनवासी समाज के साथ शासन व शेष समाज के सम्बंध बिगड़ सकते हैं। नई वन नीति की सम्पूर्ण समीक्षा की आवश्यकता है। या तो यह नीति रद्द हो या फिर इस नीति में वनीय, विविधता, जैव विविधता, जलीय सरंचनाओं, वनीय पशु-पक्षियों की आवश्यकताओं, वनवासी बंधुओं की आजीविका आदि विषय में सुरक्षा की गारंटी हो।



**नई वन नीति में जिसे बिगड़े वन कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं व पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी।**

नई वन नीति में जिसे बिगड़े वन कहा जा रहा है, उसकी परिभाषा भी तय नहीं है। ग्राम सभा की अनुमति की शर्त भी बड़ी ही आसान व एक औपचारिकता मात्र है। केवल मूल्यवान लकड़ी प्रदान नहीं करने वाले वनों को बिगड़ा हुआ वन मान लेना एक बड़ी प्रदूषित, शोषक, स्वार्थी व एकपक्षीय नीति है। वनवासी बंधुओं की धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक आवश्यकताओं एवं पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए वनीय विविधता बनी रहे, यह परम आवश्यक है। इस नई वन नीति से हमारी आने वाली पीढ़ियाँ कई वन उत्पादों के केवल नाम ही सुन पाएगी। आज जिस प्रकार कृषि क्षेत्र में केवल दो चार प्रकार के अन्न का उत्पादन हो रहा है व शेष फसलों का उन्मूलन होता जा रहा है, वही स्थिति वनों में भी देखने को मिलेगी।

प्रत्येक ऐसे वृक्ष को जिससे आर्थिक लाभ नहीं होता है या कम लाभ होता है, उसे कुल्हाड़ी की बलि चढ़ाकर वहाँ व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से मूल्यवान पेड़ लगा दिए जाएँगे। लाभमात्र के मूलमंत्र से पारिस्थितिकी संतुलन व इको सिस्टम समाप्त होगा। वनों में ये कंपनियां बेतहाशा इको टूरिज़्म को बढ़ावा देंगी, यह लाभप्रद तो अवश्य ही होगा किंतु इसके गंभीर साइड इफ़ेक्टस भी हो सकते हैं। आशंका है कि वनों को लेकर अंधाधुंध दोहन की या केवल लाभ की नीति से पर्यावरण असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। वर्ष 2020 में मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के समय भी इस प्रस्ताव को लाया गया था जो बाद में फाइलों में बंद हो गया। फ़ाइलों में बंद इस जिन्न को मप्र वन विभाग के नौकरशाहों ने पुनः बाहर निकाला है। यद्यपि यह मध्यप्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार की संवेदनशीलता ही है कि सरकार ने अभी एकतरफा निर्णय नहीं लिया है तथापि मुख्यमंत्री को जनजातियों के प्रति असंवेदनशील, वन नीति से सावधान रहना होगा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कुछ ही दिन पहले एक टास्क फोर्स की मीटिंग हुई थी, जिसमें वन अधिकार कानून के तहत ग्राम सभाओं को अपने परंपरागत वन क्षेत्र के पुनर्निर्माण, संवर्धन, संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकार देने का निर्णय हुआ था। संभवतः इसी को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री ने इस वन नीति के प्रारूप को अभी सहमति नहीं दी होगी।

मप्र शासन ने नई वननीति के संदर्भ में ड्डश्चष्द्बद्बह्.द्वश्च.द्द1.द्बठ्ठ पर जनता से सुझाव व आपत्तियाँ माँगी हैं। सभी पर्यावरणविदों को सुझाव देना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि शासकीय आय बढ़ाने के इस उपक्रम को वन शोषण का धत्कर्म बना दिया जाए। वन विकास के नाम पर कहीं हमारे वन, व्यवसाइयों व दलालों की भेंट न चढ़ जाएँ। मप्र की जनता से प्राप्त होने वाले सुझावों और आपत्तियों को देखते हुए नीति में वांछनीय परिवर्तन या संपूर्णतः अस्वीकृत भी किया जा सकता है। मप्र की भाजपा सरकार की ओर से यह शुभ संकेत है और एक अवसर भी। वस्तुतः स्टेट फॉरेस्ट रिपोर्ट 2023 में यह निष्कर्ष था कि मध्यप्रदेश, 97 हजार वर्ग किमी वनक्षेत्र वाला देश का सबसे बड़ा राज्य है। इसमें यह तथ्य भी उभरकर आया था कि 2021 की तुलना में 2023 में मप्र में 612 वर्ग किमी जंगल कम हो गए हैं।

## विचार

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा राज के समक्ष चुनौतियां

**डॉ. रमेश ठाकुर**

भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में भारी मंथन के बाद दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजे के 12वें दिन रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाने की घोषणा हुई। मुख्यमंत्री के नाम पर चौंकाने वाली भाजपा की शैली विभिन्न राज्यों की तरह दिल्ली में भी जारी रही। भाजपा के जीते 48 विधायकों में शायद कोई एकाध नाम छूटा हो, जिसका नाम सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री के दावेदार के तौर पर न आया हो। कयास तो प्रवेश वर्मा को लेकर लगाए जा रहे थे लेकिन अंत में वे पिछड़ गए। क्यों पिछड़े, इसका जवाब किसी के पास नहीं। 08 फरवरी के चुनाव परिणाम के दिन से लेकर 19 तारीख की देर शाम तक मुख्यमंत्री के नाम को लेकर भाजपा ने सस्पेंस बरकरार रखा। जैसे पिटारे से नाम निकला, सभी एकबार फिर चकित रह गए। ऐसा नाम जिसकी कल्पना तक किसी नहीं की थी।

मुख्यमंत्री के नाम का सस्पेंस 12वें दिन खत्म किया गया। सप्ताह भर तक नाम को गुप्त रखा गया। पार्टी ने विचार करके और आरएसएस की सिफारिश पर ही दिल्ली के शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से चुनी गईं रेखा गुप्ता के नाम की घोषणा की। हालांकि, वरिष्ठता के लिहाज से रेखा गुप्ता अन्य



विधायकों के मुकाबले बहुत जूनियर हैं। रेखा के नाम की जब घोषणा हुई, कई के चेहरे की रंगत बदल गई। भाजपा ने एक और नई परंपरा शुरू की है। चुनाव जीतने के बाद राज्यों में किसी बड़े चेहरे को मुख्यमंत्री के पद पर न बिठाने की। दिल्ली में भी कई प्रचलित व दिग्गज नेता मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे लेकिन उनके दावे धरे रह गए। अब मुख्यमंत्री बनने के बाद रेखा गुप्ता के समक्ष सियासी कौशल साबित करने की चुनौती है। चुनाव अभियान के दौरान दिल्ली के मतदाताओं से किए गए पार्टी के वायदों को जमीन पर उतारना सबसे बड़ी चुनौती है जिनमें फ्री की योजनाएं, बिजली-पेयजल की समस्या से निबटना, यमुना की सफाई, बेरोजगारी जैसे बड़े मसले शामिल हैं। इसके साथ परीक्षा आम आदमी पार्टी की भी है। पार्टी का गठन होते ही सत्ता में पहुंच जाने वाली पार्टी को अबतक विपक्ष का कोई अनुभव नहीं है और अब उसे यह साबित करना होगा कि विपक्ष की भूमिका में वे कितने सक्षम हैं। भाजपा का चुनाव जीतने के बाद अंत तक मुख्यमंत्री के नाम को सार्वजनिक नहीं करने की चौंकाने वाली शैली इस समय चर्चाओं में है। ये सिलसिला बीते कुछ वर्षों से लगातार जारी है। पिछले ही साल मध्य प्रदेश और राजस्थान में इसी शैली ने सबको चौकाया था। मप्र में डॉ. मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सामने लाकर पार्टी ने प्रदेशों में खलबली मचा दी थी। उन तीनों राज्यों के निर्णयों में एक बात जो कॉमन थी वह यह कि तीनों ही मुख्यमंत्री आरएसएस और भाजपा की राजनीतिक-संस्कृति में पले-बढ़े हैं। तीनों नाम संघ-भाजपा की आपसी सहमति से तय हुए। पेशे से वकील रेखा गुप्ता सालों से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् से जुड़ी रही हैं।

हरियाणा के जींद जिला स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने मास्टर स्ट्रोक खेला। इस समय देश की ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन इनमें किसी में महिला मुख्यमंत्री नहीं है। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का चयन किया है। वह वैश्य समाज से

**हरियाणा के जींद जिला स्थित नंदगढ़ में जन्मी रेखा गुप्ता को लेकर भाजपा ने मास्टर स्ट्रोक खेला। इस समय देश की ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं लेकिन इनमें किसी में महिला मुख्यमंत्री नहीं है। इसलिए राजधानी में महिला को मुख्यमंत्री बनाकर उस कमी को भाजपा ने दूर किया है। विपक्षी दल ये आरोप लगाते आए थे कि भाजपा महिला सशक्तिकरण की बात तो करती है, पर निभाती नहीं। पार्टी ने जातीय समीकरण को देखकर ही रेखा गुप्ता का चयन किया है। वह वैश्य समाज से संबंधित हैं और दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे, उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है।**

संबंधित हैं और दिल्ली में वैश्य बहुतायत संख्या में है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी वैश्य थे, उनकी काट पार्टी ने रेखा के जरिए की है। वैश्य समुदाय से जुड़े पार्टी के एक अन्य वरिष्ठ नेता विजेंद्र गुप्ता के नाम पर भी विचार हुआ, तब भी इस समीकरण को साध सकते थे लेकिन महिला होने के नाते रेखा गुप्ता का पलड़ा भारी पड़ा।

भविष्य की चुनौतियों की जहां तक बात है तो उसका मुकाबला करने के लिए न सिर्फ मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जमीन पर उतरना पड़ेगा बल्कि भाजपा की पूरी मशीनरी को सामूहिक रूप से दिल्ली में मोर्चा संभालना होगा। पार्टी ने चुनाव प्रचार के दौरान वायदों की बौछार कर दी थी जिन्हें पूरा करना होगा। वादे पूरे इसलिए करने होंगे, क्योंकि भाजपा को इसके जरिये देश के अन्य राज्यों को भी संदेश देना है। इसके बाद भाजपा को बिहार कूच करना है। दिल्ली का मौजूदा बजट 76 हजार करोड़ के आसपास है जिसमें नई सरकार को बेतहाशा वृद्धि करनी पड़ेगी, तभी सरकार सभी वायदों का खर्च उठा पाएगी। महिलाओं को नगद पैसे देना, पेंशन में बढ़ोतरी, बिजली-पानी फ्री, बस फ्री, प्रेग्नेंट महिलाओं की आर्थिक मदद इत्यादि। रेखा गुप्ता की राजनीति अभी तक नगर निगम तक सीमित रही है। बड़े ओहदे का उन्हें अनुभव नहीं है। निगम में उनके द्वारा माइक तोड़ने की घटना, केजरीवाल को अनाप-शनाप कहने वाले बयान सोशल मीडिया पर तैर रहे हैं। बहरहाल, दिल्ली की राजनीति में चुनौतियों का दौर सत्ता पक्ष और विपक्षी दोनों के लिए शुरू होगा।


# ट्रंप के नाटो से दूरी बनाने के बाद यूरोप की परीक्षा की घड़ी

**नित्य चक्रवर्ती**

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के अस्सी साल बाद, यूरोप, विशेष रूप से पश्चिमी यूरोप अव्यवस्थित सा हो गया है, क्योंकि आठ दशकों से उनका ट्रान्साटलांटिक सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका, नये ट्रम्प सिद्धांत के तहत नाटो से संबंधित यूरोपीय देशों की सुरक्षा की गारंटी देने से इनकार कर रहा है। इससे पहले भी अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद थे, लेकिन उनका महाद्वीप की भू-राजनीति पर इतना व्यापक प्रभाव कभी नहीं पड़ा, जितना 2025 में पड़ रहा है। 17 फरवरी को नाटो और यूरोपीय संघ सहित यूरोपीय देशों के नेताओं की आपातकालीन बैठक ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई प्रभावी रणनीति बनाने में विफल रही, जिसमें यूरोपीय देशों, विशेष रूप से नाटो को अमेरिका पर निर्भर हुए बिना अपनी रक्षा प्रणाली के बारे में सोचना पड़ रहा है, जो 1949 में नाटो की स्थापना के बाद से पिछले 75 वर्षों से एक रक्षा निकाय के रूप में चलन में है।

नाटो की स्थापना अमेरिका और सोवियत संघ के बीच तीव्र शीत युद्ध की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें पश्चिमी यूरोप नाटो के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ था। तब से यूरोप में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 1991 में सोवियत संघ का पतन और 1991 के बाद सोवियत राज्य से अलग होकर कई स्वतंत्र राज्यों की स्थापना शामिल है। यूक्रेन उन राज्यों में से एक था। 24 फरवरी, 2022 से शुरू होने वाले यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को इस सप्ताहांत तीन साल पूरे हो रहे हैं और इसी सप्ताह, मंगलवार 18 फरवरी को, रूस के विदेश मंत्रियों और अमेरिका के विदेश मंत्री ने सऊदी अरब के रियाद में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधित्व के बिना मुलाकात की। यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संबंधित बहिष्कारों का कड़ा विरोध किया, लेकिन बैठक उनके बिना ही चली। राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाटो या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के विचारों को ध्यान में रखे बिना, अपनी शर्तों पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के साथ आगे बढ़ेंगे।

यूरोपीय नेताओं की सोमवार को पेरिस बैठक में यूक्रेन पर आने वाली वार्ता में यूरोपीय नेताओं की भागीदारी की मांग की गयी थी, लेकिन ट्रम्प ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पहले राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे और उसके बाद जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति जेलेंस्की को बुलाया जायेगा। इस बात का कोई आश्वासन नहीं था कि यूरोपीय नेताओं को अनुवर्ती बैठकों में भी आमंत्रित किया जायेगा। इसका मतलब यह है कि ट्रम्प केवल राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत करके अनिच्छुक यूरोपीय देशों पर युद्धविराम थोपने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प के सलाहकारों और खुद ट्रम्प ने पहले ही इशारा कर दिया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता के बारे में भूलना होगा और राष्ट्रपति जेलेंस्की को क्रीमिया पर भी अपना दावा छोड़ना होगा, जिस पर अब रूस का कब्जा है। कुल मिलाकर, वार्ता में अन्य कब्जे वाले क्षेत्रों के मुद्दे को उठाया जा सकता है, जहां मामूली क्षेत्रीय समायोजन पर बातचीत की जा सकती है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन द्वारा बुलाई गयी पेरिस में सोमवार की बैठक में, यूरोपीय नेताओं ने तीन वास्तविकताओं को स्वीकार कियारू पहला, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका और यूरोप अब उन मूल्यों को साझा नहीं करते हैं, जो 1945 से ट्रांसअटलांटिक गठबंधन का आधार रहे हैं। दूसरा, यूरोप अब अपने बचाव के लिए अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता। तीसरा, यूक्रेन पर अमेरिकी नीति का सवाल। अमेरिकी योजना पर यूरोपीय देशों को अमेरिका द्वारा जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है और अमेरिका को यूरोप को बातचीत की मेज पर आमंत्रित करना है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि इस समय ट्रम्प की चुनौती का सामना करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प क्या होना चाहिए। बैठक में यूरोपीय सुरक्षा गारंटी के आकलन और रक्षा के लिए अपने स्वयं के धन के आधार पर देशों द्वारा इसे किस हद तक संभव बनाया जा सकता है, इस पर तीखे मतभेद देखे गये। यूक्रेन की युद्ध के बाद की सुरक्षा गारंटी पर भी मतभेद थे।



## राशिफल

**मेषः-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**बृषभः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मिथुनः-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्कः-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुलाः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा। रोजगार में लाभकारी अवसर मिलेंगे।

**वृश्चिकः-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफ्लता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनुः-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ का योग है।

**मकरः-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा। अतः इसे सुधारें।

**कुंभः-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीनः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरे में समय जाया।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

**रमेश सर्राफ धमोरा**

भा देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटनाएं बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद हैं।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारें भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके। भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इन दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो 'फोर्सेज का ट्रांसमिशन' यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले

**भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है, भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है, ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं।**

गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी.। 14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी* ) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**स्थानीय संपादक आर.बी. सिंह, संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# स्टेडियम निर्माण के लिये पहली किश्त जारी

- करीब आठ करोड़ का बजट दिया शासन ने, पवेलियन व जूड़ो कराटे हाल का होगा नया निर्माण



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय स्टेडियम में पुरानी इमारतों के नया निर्माण के लिये शासन ने तीन करोड़ बयासी लाख उन्नीस हजार रुपये की पहली किश्त जारी कर दी है। कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम को काम कराने की जिम्मेदारी सौपी गयी है।जानकारी के मुताबिक खेल स्टेडियम के जीर्ण शीर्ण पुराने भवन को नये निर्माण के लिये काफी दिनों से बजट की मांग की जा रही है,खेल मैदान की कई इमारते बहुत पुरानी व जीर्ण शीर्ण हो चुकी है जिसमे खिलाडियों को सुविधाएं नही मिल पा रही है। ग्राउन्ड में भी मरम्मत की आवश्यकता बतायी जाती है।

बताया जाता है कि पूरे स्टेडियम को नया करने के लिये सात करोड़ 79 लाख 81 हजार रुपये का बजट मागा गया था जो सरकार ने स्वीकृत कर पहली किश्त तीन करोड़ 82 लाख 19 हजार रुपये की जारी कर दी गयी है,कार्यदायी संस्था समाज कल्याण निर्माण निगम का चयन किया गया है। बजट मिलते ही स्टेडियम का निर्माण कार्य शुरु कर दिया जायेगा। जिससे अन्य कई नये खेल शुरु हो सकेगे। स्टेडियम की स्वरुप भी बदल जायेगा। बजट से मल्टीपरपज हाल मरम्मत,जिम हाल जूडो कराटे हाल,पवेलियन,बाटर हारवेस्टिंग,गेट मरम्मत आदि का निर्माण कराया जायेगा। जिला खेल अधिकारी वृजेश सोनी ने बताया कि बजट की पहली किश्त मिल गयी है शीघ्र की कार्य की शुरुआत कर दी जायेगी। उन्होने बताया कि शासन से डीजल रोलर भी मिल गया जो बहुत ही उपयोगी सावित होगा। इस कार्य के लिये सदर विधायक ने भी काफी सहयोग किया है।

बजट मिलने से स्टेडियम के मार्निंग वाकर कुलदीप निषाद चेयरमैन, डा. पुष्पेंद्र सिंह, डा. ब्रजेश कश्यप, रामप्रकाश तिवारी, बीर सिंह, बलीराम, सेंगर साहब, भोला भैया,गणेश,पप्पू कुशवाहा, सुनील, घनश्याम, अश्वनी प्रजापति,संतोष सचान, रवि सचान, देवीदास अनुरागी, कमलेश, नीरज बबलू, रामफूल निषाद समेत सभी लोगो ने खुशी जाहिर की है।

## दो भाईयों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज




**कुरारा( हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी ग्रामीण ने दुकान के पास गाली गलौज करने व मना करने पर मारपीट करने पर पुलिस ने दो भाइयों के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी विवेक कुमार पुत्र रामप्रकाश ने पुलिस को बताया कि बीती रात साढ़े नौ बजे गांव निवासी देशराज की दुकान से सामान लेने जा रहा था। तथा रास्ते में गांव निवासी कालका पुत्र छोटे लाल ने गाली गलौज किया जब मैने उसे मना किया तो उसने कुल्हाड़ी से मारा इसके बाद उसका भाई कैलाश आया तथा डंडे से मारा पीट किया जिससे चोट आई है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# टैक्स जमा करने वाले व्यापारी का अर्थदंड व व्याज कर दिया जायेगा माफ : डीसी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सैकड़ो व्यापारियों की जीएसटी बकाया के लिये धड़ाधड़ आरसी जारी की जा रही है,वही शासन ने व्यापारियों की सुविधा के लिये 31 मार्च तक अर्थ दंड व्याजमाफी योजना लागू की है यदि व्यापारी टैक्स जमा कर देगा तो उसका अर्थदंड माफ कर दिया जायेगा। जिले में 272 व्यापारियों का चार करोड़ 95 लाख रुपये बकाया है,जब कि अर्थदंड 6.88 करोड़ रुपये है।

जानकारी के मुताबिक जीएसटी व बैट में व्यापारियों से वसूली करने का शिकंजा शासन कसता जा रहा है। अभी तक व्यापारियों के खाते से पैसा शासन के आदेश से निकाले जाते थे मगर अब करीब छह सौ से अधिक व्यापारियों की आरसी जारी की है जो फर्म संचालित करने के बाद भी कई सालों से बकाया टैक्स नही जमा कर रहे है। शासन ने प्रशासन को कड़ा पत्र लिखते हुये कहा है कि जिले में 272 ऐसे व्यापारी है जिन पर 4.95 करोड रुपये का टैक्स बकाया है। इसे शीघ्र जमा कराया जाये क्योकि टैक्स ही शासन का मुख्य आय का स्रोत होता है। राज्य कर विभाग के डिप्टी कमिश्नर(डीसी) कृष्ण प्रकाश ने बताया कि जिन व्यापारियों पर अर्थदंड लगाया गया है यदि वह टैक्स जमा कर दे तो योजना के तहत अर्थदंड माफ कर दिया जायेगा। मगर व्यापारी इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। डीसी ने बताया कि जिले के समस्त तहसीलों को तहसीलदारों को आरसी भेज दी गयी है मगर उनसे वसूली नही की जा रही है जब कि छह सौ फर्मे इस प्रकार चिंहित की गयी है जो मौके पर काम कर रही है और उनका जीएसटी नही जमा किया गया है। इस मामले को जिलाधिकारी को अवगत करा दिया गया है इधर राज्य कर के सीनियर अधिवक्ता सुरेश चंद्र गुप्ता का कहना है कि विभाग की तरफ से व्यापारियों को एक पक्षीय आदेश जारी कर दिया गया है जिससे व्यापारी टैक्स नही जमा कर रहा है शासन व विभाग के अधिकारियों को चाहिये कि व्यापारी की पीडा सुने तब कोई कार्यवाही करे अधिवक्ता का कहना है कि कई व्यापारी ऐसे है जिन्होने अभी तक काम की शुरुआत नही की है मगर उनको टैक्स लगाकर आरसी जारी कर दी गयी है जो घोर अन्याय है। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

**शासन ने टैक्स वसूली करने के लिये प्रशासन को लिखा पत्र, अधिवक्ता ने कहा एक पक्षीय आदेश करने से व्यापारी नहीं जमा कर रहा हैं टैक्स, आरसी कटने के बाद राजस्वकर्मी नहीं कर रहे हैं वसूली**

# मनरेगा से बने लाखों के पार्क में केवल हुई खानापूर्ति, बच्चों को कोई सुविधा नहीं




**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र के पारा गांव में मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान लाखो रुपये खर्च किये है मगर केवल पांच सीमेंट की बेंचे बनाकर पार्क का रुप दे दिये गया है,बच्चों को कोई सुविधा नही दी गयी है बच्चो के खेल के उपकरण आदि नहीं लगाए गए है। पार्क के नाम पर साज सज्जा नही कराई गई है। बदहाल हालत में है। इसके निर्माण में लगे बोर्ड में नौ लाख बांसठ हजार रुपए की लागत से मनरेगा पार्क व खेल मैदान का निर्माण कराया गया है। लेकिन पार्क के अंदर कही से यह पार्क नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चो के लिए खेल के कोई उपकरण उपलब्ध नहीं है। और यह खोला नहीं जाता है। गेट में ताला बंद रहता है। लाखो की लागत से निर्मित पार्क के निर्माण में अनियमत्ता की गई है ग्रामीणों ने इसकी जांच कराए जाने की। मांग की है। इस संबंध ग्राम पंचायत विकास अधिकारी बलजीत कुमार ने बताया कि मनरेगा पार्क व खेल मैदान के निर्माण कराए गए है। इसकी साज सज्जा व खेल उपकरण की व्यवस्था की जा रही है।

# दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित कर स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं : डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणो को रोकने के उपाय के संबंध में अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना बाहुल्य स्थानों को चिन्हित करते हुए हाईवे से जोड़ने वाली अन्य सड़कों पर हाईवे से पहले स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं ताकि आने वाले वाहन की गति धीमी हो सके। सड़क दुर्घटना में संभावित ब्लैक स्पॉट को चिन्हित करते हुए साइनिज बोर्ड लगवाए जाए। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों में ट्रैफिक नियमों की जन-जागरुकता गोष्ठी आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाया जाए तथा साथ में 5 मिनट का बच्चों को यातायात नियमों के बारे में वीडियो दिखाया जाए, जिससे बच्चे यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो सके और बच्चों के अभिभावको को सूचित करें कि 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चे यदि गाड़ी चलाते पाये जाते हैं, तो उनके अभिभावक पर कार्रवाई की जाएगी और उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि स्कूली वाहनों की गहन चेकिंग की जाए तथा सभी स्कूली वाहनों की शत-प्रतिशत फिटनेस, बीमा, कागज आदि को चेक किया जाए तथा क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बिठानें से रोका जाये और बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों तथा पुराने स्पीड ब्रेकरों की मरम्मत कराएं और रिफ्लेक्टर एवं संकेतक लगाने आदि की कार्रवाई समय से करना सुनिश्चित करें।उन्होंने यातायात प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि सघन चेकिंग अभियान चलाकर प्रतिदिन चेकिंग की जाए तथा हेलमेंट और सीट बेल्ट के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश, एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीप कुमार, एसडीएम सदर जितेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, समाजसेवी रामजी गुप्ता, शिवकुमार गोस्वामी, दाऊ तिवारी, अल्ताफ रजा सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### बिना हेलमेट पेट्रोल देने पर पम्प मालिकों पर की जाए सख्त कार्रवाई

जिलाधिकारी नें डीएसओ को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर यह सुनिश्चित किया जाए कि बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाए। यदि पेट्रोल पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल देते हुए पाये जाते है तो ऐसे पेट्रोल पंप मालिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए जिलाधिकारी ने एआरटीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राइवेट बसें/डबल डेकर की बसों की चेकिंग की जाए और बिना परमिट चल रही बसों एवं यात्रियों की ओवर करता हुआ पाया जाता है तो ऐसे बस संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। एन एच झांसी को निर्देशित किया कि राजमार्गों पर अवैध मीडियन कट बंद करवाये जाए आंन्धी मोड पर आवश्यक रुप से साइन बोर्ड लगवाई जाए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला अस्पताल के पास जेब्रा लाइन बनवाई जाए ।उन्होंने एआरएम रोडवेज को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बसों में स्पीड कंट्रोल डिवाइस लगवाई जाए और उन्होंने कहा कि सभी बसों में जो कमियां हैं उन कमियों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए । आरटीओ को निर्देश दिए गए की सभी स्कूलों के पास संकेतांक बोर्ड लगवाये जाए तथा मुख्य मार्गों पर एम्बुलेंस एवं चिकित्सा दूरभाष हेल्पलाइन नंबर चप्सा किए जाएं और दुर्घटना में सहायता करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाए। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के पास तत्काल घटनास्थल पर एंबुलेंस पहुंचाई जाए तथा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में मरीज को भर्ती कराया जाए।

# कुंभ में चरखारी विधायक के आठ वर्षीय भतीजे का शिव ताण्डव हुआ वायरल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

चरखारी विधायक के भजीते तथा अखिल राजपूत के पुत्र ने महाकुम्भ प्रयागराज में संस्कृत के जटिल शब्दों के अक्षरतः स्पष्ट उच्चारण कर रावण रचित शिव ताण्डव जटा टवी गलज्जल प्रवाह पावितस्थले गलेऽवलम्ब्य लम्बितां भुजंगतुंगमालिकाम् मड्डुमड्डुमड्डुमनिनादवड्डुमर्वयं चकार चंडतांडवं तनोतु नः शिवः शिवम को सहजता के साथ प्रस्तुत किया।

इससे कुम्भ में आए साधू संतों के साथ श्रद्धालु भी तारीफ करते दिखाई दिए और कक्षा तीन में पढ़ने वाले बालक द्वारा सहजता के साथ प्रस्तुत किए जा रहे शिव ताण्डव के दौरान मां गंगा भी खुशी से हिलौरे मारती दिखाई दी।

बताते चलें कि महाकुंभ के 39वें दिन एक ओर जहां करोड़ों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगायी, वहीं चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत का परिवार भी आस्था की डुबकी लगाने पहुंचा। जहां तमाम वीआईपी' साधू सन्तों की मौजूदगी में नन्हें से बालक अनादि राजपूत ने शिव ताण्डव प्रस्तुत करते हुए वाहवाही लूटी। अनादि के दादा तथा पूर्व सांसद ने कहा कि अनादि ने कम उम्र ही कई श्लोक कंठस्थ किए हैं। जिसकी जितनी भी सराहना की जाए कम है। गंगाघाट पर अनादि का शिव ताण्डव सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।



## खबरें एक नजर में

### मधुमक्खियों के हमले में कई घायल



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम गौरहरी में रामप्रकाश के घर में पूजा पाठ के दौरान उठे धुएं से मधुमक्खियों ने हमला कर दिया जिससे लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए है। जिनका सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चरखारी में उपचार चल रहा है जहां चिकित्सकों द्वारा सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। बता दे कि गौरहरी निवासी रामप्रकाश के यहाँ शादी के उपरान्त सत्य नारायण की कथा का आयोजन किया जा रहा था कथा समाप्त होने के पश्चात हवन आरती इत्यादि से उठे धुएं के कारण घर के पास पीपल के पेड़ पर लगे छत्ते की मधुमक्खियाँ उग्र हो गई और उन्होने वहाँ उपस्थित लोगों पर हमला बोल दिया। जिससे वहाँ अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने किसी प्रकार भागकर अपनी जान बचाई, इसके बाद भी कई लोगों को मधुमक्खियों ने अपने शिकर बना लिया जिस पर तत्काल ऐम्बुलेन्स को फोन किया गया सूचना पर पहुंची एम्बुलेन्स ने आनन फानन में धनप्रसाद हरसहाय हरप्रसाद नर्वदा दगपाल सहित कई लोगों को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र चरखारी में भर्ती कराया। जहाँ उनका उपचार चल रहा है जहां सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।


### तीन घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती एक सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में हुई अलग-अलग घटनाओं में चार घायल सभी घायलों को लहू लुहान हालत में कस्बे की सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तीन घायलो की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, कोतवाली क्षेत्र की गुरदाहा गांव निवासी जनार्दन गुरुवार के दिन बाइक से गिरकर घायल हो गए लहु लुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया दूसरी घटना सुमित काशीराम कॉलोनी मौदहा निवासी सड़क दुर्घटना में घायल हो गया घायल अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया तीसरी घटना बुधवार की शाम एस आई जयकुमार सिंह अपने साथी रामलाल यादव के साथ सिसोलर से कस्बे की ओर आते समय बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से सड़क पर गिर कर घायल हो गए जय नारायण सिंह की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** लम्बे समय से चले आ रहे जमीनी विवाद में फिर से दो पक्षों में मारपीट हो गई जिसपर पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों का चालान किया है, कस्बे के मोहल्ला देवी चौराहा स्थित एक मकान को लेकर अलीकबीर और रमजानी सभासद के परिवारों के बीच लम्बे समय से विवाद चल रहा था।जिसपर दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे बाजी चल रही है लेकिन इसी बीच बीते 19 फरवरी की रात जब सभासद अपने परिवार और परिजनों के साथ एक शादी समारोह में इचौली में थे और उनकी मां घर में अकेले थी तभी दोनों पक्षों में विवाद और मारपीट हो गई जिसके बाद पुलिस ने सबिस्ता अली गुड़िया रुकसाना रूबी रमजानी अकबर आजम गुडडन रोशनी राधा और सुमित्रा का शांतिभंग में चालान किया है।इस समबन्ध में कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल किसी ओर से तहरीर नहीं आई है इसलिए शांति भंग में चालान किया है अगर तहरीर आती है तो मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### बकायदार उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बिजली विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर विद्युत विच्छेदन किया।जिसमें बकाया बिल न जमा करने पर सैकड़ो घरों के कनेक्शन काट दिए गए।साथ ही कुछ उपभोक्ताओं के विद्युत मीटर जप्त किए गए।सूची उपकेंद्र अंतर्गत उपखंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा नायन रेवहारा गांवों में कनेक्शन की जांच कर बकायदार उपभोक्ताओं के घरों के कनेक्शन काट दिए गए। साथ ही एक मुस्त समाधान योजना के तहत पैसा भी जमा कराया गया।विद्युत विभाग की कार्यवाही से बकायदार उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।वहीं एसडीओ ने बताया दोनों गांव में जांच किया गया।जिसमें 120 बकायदारों का विद्युत विच्छेदन किया गया।साथ ही 15 उपभोक्ताओं द्वारा ओटीएस के तहत 1 लाख 70 हजार रुपए बकाया राशि जमा किया गया।वहीं सात घरों के विद्युत मीटर कब्जे में लिया गया।इस मौके पर अवर अभियंता यशवंत कुमार पासवान,विजिलेंस प्रभारी बद्री प्रसाद,धर्मेंद्र कुमार,आशीष यादव,अनिल कुमार समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपना दल ने पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन



**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के किसानों और बेरोजगारों की समस्या उठाते हुए अपना दल ;कमेरावादीद्धने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। अपना दल ;कमेरावादीद्धके जिलाध्यक्ष रामसिंह वर्मा के नेतृत्व में पार्टी के दर्जनों पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा जिसमें बुण्देलखण्ड में औद्योगिकीकरण करनेए सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता लाने और भ्रष्टाचार खत्म करने के साथ ही किसानों की फसलों को नीलगायों और अन्ना पशुओं से होने वाले नुकसान का मुद्दा उठाया गया है।इस दौरान सुरेश कुमार कालीचरण भय्यालाल सोनी देवी ज्योतिवर्मा मुलिया आदि मौजूद रहे।

# सिपाही की पत्नी व महिला के साथ थाने में हुई जमकर मारपीट, दोनों का शांति भंग में चालान

- सिपाही की पत्नी ने कहा महिला ने उसके पति को फंसाया प्रेम जाल में

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

महिला ने युवती पर पीआरवी में तैनात सिपाही पति को फंसाने व पति से जबरन शादी करने का आरोप लगाया है। इस दौरान कोतवाली के बाहर दोनों पक्षों ने हंगामा काटते हुए एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की है। पुलिस ने दोनों पक्षों को छुड़ा कर शांत कराया।

जनपद महोबा के पड़ोरा गांव निवासी शिवकुमारी परिहार ने बताया कि उसके पति मझगवां थाने में पीआरवी में सिपाही के पद पर तैनात है। वह पति के साथ राठ के अतरौलिया मोहल्ले में किराए से रहती है।

किराए घर से कुछ दूरी पर एक युवती उसके घर आती जाती रहती थी। युवती उसे भाभी व पति को भाई बोलती है। युवती ने उसके पति को प्रेमजाल में फांस लिया और बीते सात माह से पति अवैध संबंध बनाकर मिलती जुलती रही। युवती पति से रुपए लेने लगी। तभी से पति उसके साथ मारपीट कर उसका उत्पीड़न करने लगे।

बताया कि दो जनवरी को उसके पति ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। तब उसके मायके वाले उसे ले गए। दस फरवरी को उसका देवर मायके से घर ले आए। बुधवार को वह युवती के घर समझाने गई तो वह गाली गलौज करने लगी। साथ में उसकी छोटी बहन थी। बताया कि युवती ने फोन करके उसके पति को बुला लिया। युवती व पति ने उसे थप्पड़ मार दिया। बताया कि बहन के साथ भी मारपीट की और मोबाइलए स्कूटी तोड़ दिया।

युवती उसके पति से जबरन शादी करना चाहती है। गुरुवार की दोपहर कोतवाली के बाहर दोनों पक्षों ने जमकर हंगामा काटा। हंगामे के बीच दोनों पक्षों ने एक दूसरे को कोतवाली के बाहर जमकर मारपीट की। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों पक्षों का शांतिभंग में चालन किया गया है।

# पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को दिन दहाडे हुई रवि यादव की हत्या के बाद पुलिस ने देर रात शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा था गुरुवार को पोस्ट मार्टम के बाद शाम को भारी पुलिस फोर्स के साथ गांव पहुचा तो कोहराम मच गया, घर के बाहर भीड जमा होने व बवाल की आशका के चलते जिले के एक दर्जन से अधिक थानों की पुलिस फोर्स के अलावा दो ट्रक पीएसी तथा आला अधिकारी मौके पर डेरा डाले हुए है, और मृतक के परिजनों से रात में ही अंतिम संस्कार करने के लिए राजी करने में जुटे रहे पर परिजन सुबह अंतिम संस्कार करने की बात पर अढे थे, मालुम हो कि बीते बुधवार को 3 बजे के करीब थाना सजेती क्षेत्र के गांव धनामति रामपुर में रवि यादव 25 वर्ष की हत्या कर दी गई थी। थाना प्रभारी सजेती ने बताया कि 6 लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, तथा तीन लोगों को गिरफ्तार कर आज जेल भेजा गया है बाकी तीन लोगों के गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम बनाकर दबिसे दी जा रही है।



- कई थानों की पुलिस फोर्स व पीएसी के साथ आला अधिकारी मौके पर रहे मौजूद

# रेखा गुप्ता के सीएम बनने पर कार्यकर्ताओं ने बांटा लड्डू व की आतिशबाजी

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी मंडल महराजगंज के कार्यकर्ताओं द्वारा रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर जिला प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश वर्मा के प्रतिष्ठान चंदापुर चौराहा महराजगंज मे कार्यकर्ताओं द्वारा मिठाई वितरित कर व गोला दगा कर खुशी का इजहार किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी पूर्व प्रत्याशी माता दीन पासी मंडल अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव जिला प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश वर्मा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पवन साहू शिव शंकर शुक्ला पंकज श्रीवास्तव राम प्रकाश गौतम व्यापार मंडल अध्यक्ष रिंकू जायसवाल मोहित सोनी मनसाराम सिंह श्वेता सिंह बबलू वैश्य राहुल वैश्य सर्वेश गुप्ता राजेश गुप्ता संतोष मौर्य मुकेश मोदनवाल बबलू वैश्य राजेश सोनी रामू वैश्य विजय कुमार शुक्ला सिद्धार्थ जयसवाल विजय धीमान वेद प्रकाश वैश्य हरकेश सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# महाशिवरात्रि के दृष्टिगत भवरेश्वर मंदिर में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में उप जिलाधिकारी महराजगंज सचिन यादव के नेतृत्व में महाशिवरात्रि के दृष्टिगत वि0ख0 बछरावां में स्थित भवरेश्वर मंदिर सुदौली में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने प्रतिभाग कर सफाई अभियान में श्रमदान किया।

उल्लेखनीय है कि सुदौली में भवरेश्वर मंदिर स्थित है, महाशिवरात्रि में काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन मंदिर में होता है, जिसके दृष्टिगत एसडीएम महराजगंज के नेतृत्व में तहसील महराजगंज के समस्त स्टाफ जिसमें तहसीलदार, नायब तहसीलदार, लेखपाल व अन्य कार्मिक तथा विकास खण्ड बछरावां व विकास खण्ड शिवगढ़ का समस्त स्टाफ संबंधित खण्ड विकास अधिकारी के नेतृत्व में नगर पंचायत बछरावां व नगर पंचायत शिवगढ़ का समस्त स्टाफ अधिशाषी अधिकारी के नेतृत्व में संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानगण अपने पंचायत स्टाफ व सफाई कार्मियों के साथ तथा मंदिर कमेटी के प्रबंधक अपनी कमेटी के सदस्यों के साथ सम्मिलित होकर सई नदी, मंदिर परिसर व पहुंचमार्गो में वृहद साफ सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने श्रमदान किया, जिससे महाशिवरात्रि में श्रद्धालुओं के आवागमन व दर्शन करने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो और वह सुखद अनुभूति के साथ दर्शन कर सके। इस अवसर पर तहसीलदार महाराजगंज मंजुला मिश्रा सहित संबंधित अधिकारीगण व कर्मचारीगण, समाजसेवी, प्रधानगण, सफाई कर्मी इत्यादि उपस्थित रहे।


- एसडीएम के नेतृत्व में पांच सौ लोगों ने विशेष सफाई अभियान में प्रतिभाग कर किया श्रमदान




# गंभीर मुद्दों से जनता का ध्यान भटका रही भाजपा : राहुल गांधी

- सांसद राहुल गांधी ने हनुमान मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**





विपक्ष के नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी गुरुवार को दो दिवसीय दौरे पर संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले यहां हनुमान मंदिर में आरती पूजन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।इसके बाद उनका काफिला बछरावां पहुंचा जहां उन्होंने बछरावां विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित किया। पूर्वाह्न 11 बजे राहुल गांधी का काफिला बछरावां के सिंह द्वार चुरुवा हनुमान मंदिर पर रुका। उन्होंने पहले हनुमान जी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। फिर लड्डुओ का भोग लगाया।

इसके बाद पूरे विधि विधान के साथ हनुमान जी की आरती की। मंदिर के पुजारी चंद्रमणि अवस्थी ने उन्हें पूरे विधि विधान के साथ पूजा कराई। इस मौके पर भारी संख्या में कांग्रेसी नेता मौजूद रहे। करीब 10 मिनट के पूजा पाठ के बाद उनका काफिला बछरावां की ओर निकल पड़ा।

**भाजपायों को पुलिस ने किया नजरबंद :-** राहुल गांधी के आगमन पर भाजपाइयों द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की भनक लगते ही पुलिस सक्रिय हो गई। लगभग दो दर्जन भाजपा के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने नगर पंचायत कार्यालय में लगभग एक घंटे तक नजरबंद रखा।

**कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचा काफिला**

11:16 पर उनका काफिला नगर पंचायत कार्यालय के पास आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचा। जहां कांग्रेसी नेताओं ने फूलमालाओं से लादकर राहुल गांधी भव्य स्वागत किया। सम्मेलन में राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को गुरु मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि बूथ से लेकर जिले तक के कार्यकर्ता जन जन तक अपनी पकड़ बनाए रखें। लोगों की समस्याओं के लिए आवाज उठाएं। मौजूदा समय केंद्र व उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। यह सरकार लोगों का ध्यान मुख्य मुद्दों से भटका रही है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी भी बढ़ती जा रही है। पर्याप्त रोजगार देने में केंद्र की सरकार सक्षम नहीं है।

**पूंजीपतियों को दिया जा रहा बढ़ावा**

उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दे वह संसद के अंदर रख रहे हैं। आप सभी लोग आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से जी जान से जुट जाएं और गांव-गांव जाकर लोगों को कांग्रेस की नीतियों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में आप लोग देख रहे हैं कि किस तरह से पूंजीपतियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**टैक्स की वजह से परेशान हैं छोटे व्यापारी**

छोटे व्यापारी तमाम टैक्स की वजह से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जो भी टैक्स लगे हैं उनकी वजह से महंगाई आज कई गुना ज?यादा बढ़ चुकी है। आप सभी लोग भाजपा की इस नाकामी को भी लोगों तक पहुंचाएं।

**लोगों से सच्चाई के रास्ते पर चलने की अपील**

उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि किसी से डरने की जरूरत नहीं है। अगर आप लोग सच्चाई के रास्ते पर चलेंगे तो कोई भी कुछ नहीं कर सकता है। लगभग 11: 48 बजे उनका काफिला रायबरेली की ओर रवाना हो गया।

# खुमार साहब की शायरी पूरी दुनिया मे मशहूर: गोप

## 26वीं पुण्यतिथि पर सिविल लाइन कर्बला में श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



खुमार बाराबंकवी की शायरी आज भी पूरी दुनिया में मशहूर है उन्होंने अपनी शायरी और ग़ज़ल नज़्म के माध्यम से पूरी दुनिया को प्यार मोहब्बत एकता भाईचारे का पैगाम देने का काम किया उनकी शायरी में इंसानी जज़्बात की गहरी अभिव्यक्ति मिलती है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सामाजिक संस्था कारवाने इंसानियत के पदाधिकारियों द्वारा स्वर्गीय खुमार बाराबंकवीं की 26वीं पुण्यतिथि पर सिविल लाइन कर्बला में आयोजित श्रद्धांजलि एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपस्थित होकर खुमार साहब की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन करते हुए व्यक्त किये। पूर्व मंत्री ने आगे कहा कि खुमार बाराबंकवी की शायरी आज भी उर्दू साहित्य प्रेमियों के दिलों में जिंदा है उनकी रचनाएँ उर्दू साहित्य की अनमोल धरोहर हैं। इसके पूर्व अरविंद कुमार सिंह गोप ने कारवाने इंसानियत के पदाधिकारियों के साथ खुमार साहब की समाधि के पास वृक्षारोपण किया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता समाजवादी पार्टी वीरेंद्र प्रधान, नसीम कीर्ति, तारिक जिलानी, मेराज प्रधान, फैज खुमार, हाजी जाहिद, हसमत अली आदि लोगों ने खुमार साहब की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संयुक्त टीम ने अवैध खनन करते चार ट्रकों को पकड़ा

**कालपी,जालौन।** बीती रात को उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व संयुक्त टीम के द्वारा जोल्हूपुर मोड़ में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू , गिट्टी के ओवरलोड भरे 4 ट्रकों को परिवहन करते पकड़ कर टीम के द्वारा सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 19-20 फरवरी को एसडीएम सुशील कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक , नायब तहसीलदार तारा शुक्ला व चौकी इंचार्ज विवेक कुमार मिश्रा की पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर चेकिंग कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़ की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन करते चार वाहनों को पकड़ लिया।

# भारत स्काउट गाइड के शिविर में सिखाया जा रहा साहसिक कार्य

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारत स्काउट और गाइड जनपद बाराबंकी संस्था द्वारा कंपोजिट विद्यालय मलूकपुर विकास खंड देवा में स्काउट गाइड का प्रथम सोपान का जांच शिविर आयोजन के दूसरे दिवस का शुभारंभ प्रार्थना झंडा गीत सैल्यूट से प्रारंभ हुआ। शिविर के मुख्य अतिथि तरुण कुमार विश्वास मंडलीय लेखा परीक्षक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ मंडल अयोध्या व डॉक्टर विनय कुमार कुशवाहा कोषाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ देवा तथा समाजसेवी एडवोकेट संत कुमार गौतम प्रधान ग्राम पंचायत कुसुम्भा का कलर पार्टी द्वारा भव्य स्वागत किया गया विश्वास ने बताया कि स्काउटिंग मानस पटल पर एक अमित छाप डालती है और इसका लाभ स्वयं तथा समाज को मिलता रहता है स्काउटिंग से स्व अनुशासन मित्रता भाईचारा राष्ट्रीय एकता और अखंडता में भी प्रगाढ़ता आती है डॉक्टर कुशवाहा जी ने बताया कि स्काउटिंग की गतिविधियों की सजीवता जीवन पर्यंत बनी रहती है समाजसेवी संत कुमार जी ने बताया कि स्काउटिंग में टेंट निर्माण के साथ शौचालय कूड़ा घर पूजा घर अध्ययन स्थल स्वागत द्वार रंगोली विभिन्न प्रकार के गैजेट बनाना इस बात का द्योतक है कि स्काउट और गाइड के अंतः मन में भारतीय संस्कृति को संजोए रखने का जज्बा विद्यमान है शिविर के मुख्य प्रशिक्षक राम आसरे लीडर ट्रेनर स्काउट ने बीपी सिक्स,कलर पार्टी, मीनारें, व्यायाम, प्राथमिक सहायता व स्ट्रेचर बनाना व कैंप फायर आदि का अध्ययन कराया जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड बालजती हिमालय वुडबैज ने गाइड को ध्वज शिष्टाचार व प्राथमिक बॉक्स तथा खेल की उपयोगिता के बारे में छात्रों को अध्ययन कराया शिविर में ऋचा चौधरी ,सीता वर्मा अभिन्न सहयोग करती रहीं इस अवसर पर विजय कुमारी दीपाली द्विवेदी मधु मालती सुनीता कुसमा मुन्नी देवी व रासु प्रमिता आदि लोग उपस्थित रहे।



# आधार सेंटर का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**सिरौली गौसपुर, बाराबंकी।** खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में स्थित आधार करेक्शन सेंटर का गुरुवार को अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत शम्भूनाथ पाठक ने अवर अभियंता धर्मेंद्र कुमार और देवेन्द्र वर्मा सचिव के साथ केंद्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने आए लोगों से बातचीत की। कई लोगों ने एक ही केंद्र होने के कारण भीड़ और लंबी प्रतीक्षा की समस्या से अवगत कराया। सहायक विकास अधिकारी ने केंद्र के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो। उन्होंने सभी आने वाले लोगों के आधार संशोधन सुनिश्चित करने को कहा। अधिकारियों ने भीड़ की समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। शम्भूनाथ पाठक ने बताया कि केंद्र का आवश्यक निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाएगा।

# आल इण्डिया जशने हजरत अब्बास (अ.) महफ़िल का आयोजन आज

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष होने वाले आल इण्डिया जशने अब्बास के 23वें वर्ष की तैय्यारिया जोरो पर चल रही है। यह महफिल 21 फरवरी 2025 को रात्रि 07:30 बजे, शब में जुमा , कर्बला सिविल लाइन्स, फैजाबाद रोड बाराबंकी में होंगी। इस कार्यक्रम की खिताबत आली जनाब मौलाना वसी हसन खा किब्ला फैज़ाबाद करेगें। इसके बाद देश के मशहूर शायर मौला अब्बास की शान में नज़रानये अकीदत (कलाम) पेश करेगें।

अन्जुमन गुन्चये अब्बासिया बाराबकी के तत्वाधान में होने वाले इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए इस महफिल के कन्वीनर कशिश सन्देलवी वा सैयद क़मर इमाम और अन्जुमन के अध्यक्ष शाहिद हुसैन रिज़्वी ने बताया कि शुक्रवार 21 फरवरी 2025 को कर्बला सिविल लाइन्स बाराबंकी में 07:30 बजे कार्यक्रम कि शुरूवात तिलावते कलामे पाक से होगी। जिसको मौलाना सैयद हिलाल अब्बास साहब करेगें। तत्पश्चात मेहमाने खुसूसी आली जनाब मौलाना सैयद अशरफ अली गरवी साहब क़िब्ला और मेहमाने एज़ाज़ी आली जनाब मेराज हैदर खा होगें। उसके बाद हाई स्कूल और इण्टर मीडियट के टॉप बच्चों वा दीनी वा अदबी ख़िदमात अंजाम देने वालों को हज़रत अब्बास अवॉर्ड दे कर सम्मानित किया जाएगा । इसके बाद महफिल की निजामत मशहूर नाज़िम इन्केलाब जनाब ज़ाहिद कानपुरी करेगें। जिसमें देश के मशहूर शायर, डॉश नयाब हल्लौरी, हिलाल नक़्वी, बेताब हल्लौरी, हाजी चन्दन सानियाल, वकार सुल्तानपुरी, शमीम इलाहाबादी, सहर अर्शी, डॉश इफहाम उतरौलवी, मौलाना फाज़िल ज़ैदी जरेलवी, सुहैल बस्तवी,जेना ज़फराबादी,शरफ उतरौलवी,फरहान बनारसी, डॉ0 रज़ा मौरावी, कशिश सन्डीलवी, मुसव्विर ज़ैदपुरी,अजमल किन्तुरी, मौलाना अयाज़ आलमपुरी, कलीम आजर, बाकर नकवी, मुजफ्फर इमाम बाराबंकवी, डॉ. मुहिब मौरांवी, कामयाब संडीलवी, ज़ाकिर इमाम बाराबंकवी, आदि नज़रानये अकीदत पेश करेगें।

अन्जुमन के सेक्रेट्री-सैय्यद जफर इमाम,नायब सदर,- रज़ा हैदर, सादिक हुसैन, जाफर इमाम, समीर अब्बास, नायब सीक्रेटरी-सैय्यद जीशान हैदर, अम्मार हैदर, निगरा कमेटी- डॉ. असद अब्बास, मुजाहिद हुसैन नकवी, रिफाकत हैसन, इरफाद हुसैन और अंजुमन के तमाम मेंबरों ने हर मजहबो मिल्लत के लोगों से अपील की है इस कार्यक्रम में आकर सवाबे दारैन हासिल करें। महिलाओं के पर्दे का इन्तेज़ाम रहेगा। बैरूनी हजरात के खाने का इंतजाम अंजुमन की जानिब से रहेगा।

# बजट से होगी देश की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति

**प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल में बदलने के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित**

**सिरौली गौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम में कार्यरत शिक्षक उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं ब्लाक सिरौलीगौसपुर अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने इस बजट की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इस बजट से विद्यालयों की मूलभूत आवश्यकताएं पूरी होंगी। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों का कायाकल्प होगा। शिक्षण कार्य के लिए बेहतर माहौल तैयार होगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में बड़ा निवेश करने का फैसला किया है। प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया गया है। पीएम श्री विद्यालयों में स्मार्ट शिक्षा के लिए 580 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही, सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल में बदलने के लिए 300 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम प्रधान ने चलाया सफाई अभियान



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** रामपुर भवानीपुर ग्राम पंचायत में सहायक विकास अधिकारी शंभूनाथ पाठक के निर्देश पर ग्राम प्रधान नियाज अंसारी के नेतृव मे सफाई अभियान चलाया गया। गांव में कई स्थानों पर लगे बड़े-बड़े कूड़े के ढेर को जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्राली की मदद से हटाया गया। सफाई कर्मचारियों की टीम ने पूरे गांव में विशेष सफाई अभियान चलाया। प्रधान प्रतिनिधि नियाज अंसारी ने बताया कि गांव में व्यापक स्तर पर सफाई की गई है। उन्होने ग्रामीणो से अपील की है कि वे कूड़ा सड़क किनारे या नालियों में न फेंके। गांव को स्वच्छ रखने के लिए ग्राम पंचायत की ओर से सफाई कर्मचारी घर-घर जाकर कूड़ा एकत्र कर रहे है।सहायक विकास अधिकारी पंचायत शंभूनाथ पाठक ने बताया कि सभी ग्राम प्रधानों को गांव में साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए गए और आरआरसी सेंटर को भी संचालित करवाया जा रहा है।

### कार चालक ने बाइक में मारी टक्कर, जीजा-साले घायल

**जालौन,उरई।** शादी समारोह से वापस घर लौट रहे युवक की बाइक में अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में जीजा साले घायल हो गए। पीड़ित के भाई की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम क्यामदी निवासी राहुल ने पुलिस को बताया कि बीती 19 फरवरी को उनका भाई पवन व जीजा सोनू निवासी राजपुरा बाइक से शादी समारोह में शामिल होने के लिए उरई गेस्ट हाउस गए थे। शादी समारोह में शामिल होकर वह दोनों करीब 12 बजे वापस घर लौट रहे थे। घर लौटते समय जालौन नहर के पास अज्ञात कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार भाई व जीजा सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद कार चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां से उन्हें उच्च संस्थन रेफर कर दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सरकारी खाद्यान्न दुकानों का छात्रा ने किया उद्घाटन

**कालपी,जालौन।** खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा कालपी तहसील क्षेत्र में निर्मित कराई गई तीन अलग-अलग ग्रामों की मॉडल शॉप उचित दर की दुकानों का बुधवार को विधिवत ढंग से लोकार्पण करके कोटेदारों को हस्तगत कर दी गई है। उपभोक्ताओं को सरकारी खाद्यान्न के लिए सुविधा होने लगेगी। बुधवार को महेवा विकास खंड के ग्राम हिम्मतपुर में नवनिर्मित मॉडल शॉप उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र का गांव की एक छात्रा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि खाद्य एवं रसद विभाग के द्वारा समस्त स्थानों में मॉडल शॉप का निर्माण कराये जाने की योजना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में निर्मित सभी मॉडल शॉप को कोटेदारों को हस्तेरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में मॉडल शॉप में जन सुविधा केंद्र के रूप में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। बुधवार को हिम्मतपुर के कोटेदार अजब सिंह, तहारपुर के कोटेदार किशन चंद तथा उरकरा कला की कोटेदार उषा देवी को मॉडल शॉप हस्तांतरित कर दी गई हैं।

# मुआवजा पाने के लिए बेटी को आठ महीने तक छिपाए रखा

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**परिजनों ने दुर्घटना का मुआवजा हासिल करने के लिए यह पूरी कहानी रची थी**

थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार ने मुआवजा पाने के लिए अपनी बेटी को आठ महीने तक छिपा कर रखा परिवार ने पुलिस को झूठी सूचना दी की उनकी बेटी सरयू नदी में डूब गई है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के लाल पुर करौता के एक गांव की युवती की 15 जुलाई 2023 को लापता होने की सूचना फैली थी परिजनों ने पुलिस को बताया युवती नदी में डूब गई है पुलिस ने एस डी आर एफ की मदद से तीन दिन तक नदी में खोज बीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला इधर मंगलवार को युवती अचानक रोती पुलिस चौकी पहुंच गई जांच में सामने आया की परिजनों ने दुर्घटना का मुआवजा हासिल करने के लिए यह पूरी कहानी रची थी चार लाख का मुआवजा मिलने के बाद परिवार ने बेटी को पुलिस चौकी भेज दिया।

एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया मामले की जांच जारी है प्रारंभिक जांच में परिजनों द्वारा मुआवजे के लिए झूठी कहानी बनाने की बात सामने आई है जांच पूरी होने के बाद खुलासा किया जायेगा।

# सामूहिक विवाह योजना के तहत 109 जोड़ों का हुआ विवाह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम राजकीय इंटर कॉलेज ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 108 हिन्दू तथा 01 मुस्लिम, कुल 109 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया।

कार्यक्रम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राजरानी रावत अध्यक्ष जिला पंचायत, एवं ब्लॉक प्रमुख, सीडीओ अन्ना सुदन, सम्बन्धित उप जिलाधिकारी हैदरगढ़, तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी सुषमा वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास, अभिलाषा त्रिपाठी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राधेश्याम, समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, विभिन्न ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, अन्य गणमान्य व्यक्ति तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग अध्यक्ष द्वारा नवविवाहित युगलों को आशीर्वाद दिया गया तथा प्रमाण पत्र वितरित किये गये। बैजनाथ रावत ने कहा कि नवविवाहित युगलों एवं उनके परिवारजनों को इसके लिए बहुत बहुत बधाई देता हूॅ।

# पंखे के हुक से लटककर दी जान

**जालौन,उरई।** सूने घर में अज्ञात कारणों के चलते मजदूर ने पंखे के कुंडे से लटक कर जान दे दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फर्दनवीस निवासी पूरन दोहरे (38) मजदूरी का काम करता था। कुछ दिन पूर्व पत्नी प्रीति मायके में आयोजित होने वाले शादी समारोह में शामिल होने के लिए बच्चों के साथ मायके चली गई थी। घर पर पूरन अकेला ही था। गुरूवार की सुबह जब उसके घर के दरवाजे नहीं खुले तो मोहल्ले के लोगों ने घर के अंदर जाकर देखा। जब मोहल्ले के लोग अंदर पहुंचे तो एक कमरे में पूरन पंखे के कुंडे पर साड़ी का फंदा गले में डालकर उस पर लटकता हुआ दिखा। कमरे का दरवाजा भी अंदर से बंद था। उसे फांसी के फंदे पर लटकता देख मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाया और शव को फंदे से उतरवाकर परिजनों को जानकारी दी। साथ ही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# मां व बेटी का शव मिलने से सनसनी

**मुंह से निकलता झाग, विषाक्त पदार्थ खाने की संभावना**

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



सदर कोतवाली क्षेत्र के अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप एक दो मंजिला भवन की दूसरी मंजिल में एक महिला व उसकी 6 वर्षीय पुत्री का शव मिलने की सूचना की पर मौके पर पहुंची सीओ व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कमरों का गहनता से निरीक्षण कर साथ ही सास, ससुर से जानकारी ली। जानकारी पता चला कि मृतक महिला का पति प्रातः 4 बजे घर से निकल गया था जिसके मोबाइल नंबर पर कॉल करने के बाद वह उसे रिसीब नहीं कर रहा था। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में प्रियंका का अश्विनी कुमार निवासी अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप के साथ विवाह हुआ था। लेकिन विवाह के कुछ समय बाद से प्रियंका अपने मायके चली गयी थी। इसके बाद प्रियंका ने खाना खर्चा के लिये न्यायालय में मुकदमा भी डाला था। इसी दौरान प्रियंका के ससुर ने अपनी समधी से बातचीत कर तीन दिन पूर्व ही प्रियंका व उसकी पुत्री को लेकर आया था। इसके बाद से ही प्रियंका अपने ससुर के मकान में दूसरी मंजिल पर अपने पति के साथ रहने लगी थी। प्रातः डॉयल 112 से सदर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि अजनारी रोड रेलवे फाटक के समीप स्थित एक मकान में एक महिला व उसकी 6 वर्षीय पुत्री का शव पड़ा है। उक्त सूचना मिलते ही सीओ सदर अर्चना सिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे जहां अलग-अलग कमरों में महिला व उसकी पुत्री का शव चारपाई पर पड़ा मिला। मौके की नजातक को देखते हुये सीओ ने फॉरेंसिक टीम को भी जांच पड़ताल के लिये मौके पर बुलाया। जब पुलिस अधिकारियों ने मृत महिला के पति अश्विनी कुमार के मोबाइल नंबर पर कॉल की तो उसने किसी की कॉल रिसीव नहीं की।

# शिक्षा से ही समाज में बदलाव आएगा: मौलाना खालिद रशीद

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

**मोहम्मदपुर चौकी में जलसे का आयोजन अतिथियों को किया गया सम्मानित**

शिक्षा एक मजबूत हथियार है जिसके जरिए समाज में बदलाव लाया जा सकता है। बच्चों की बेहतर शिक्षा की जिम्मेदारी उनके माता-पिता पर होती है। अगर युवा पीढ़ी शिक्षित होगी तो समाज में बड़ा बदलाव आएगा और तमाम प्रकार की बुराइयां दूर होगी। हमें अपने बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

उक्त विचार ग्राम मोहम्मदपुर चौकी में बुधवार रात आयोजित जलसा तकमील ए कुरआन व पुरस्कार वितरण के मौके पर वरिष्ठ सुन्नी धर्मगुरु मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली चेयरमैन इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया लखनऊ ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज समाज में तमाम प्रकार की बुराइयों ने जन्म ले लिया है जिनका मुख्य कारण हमारा शिक्षा से दूर होना है। समाज में परिवर्तन लाने के लिए हमें पहले खुद को बदलना होगा। मोहम्मद साहब का जीवन हम सबके लिए मार्गदर्शन है,हम उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर ही दुनिया व आख़िरत में कामयाब हो सकते हैं।

## सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम BAGHIRATH व जन्मतिथि 01.07.1945 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम BHAGIRATH व जन्मतिथि 20.06.1946 है। BHAGIRATH F/o of Army/Jc No-481925F, रैंक-सूबेदार (ऑनररी लेफ्टिनेंट), साहब सिंह, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-मदनपुर, जिला-भरतपुर, राज्य-राजस्थान-321411, द्वारा शपथ पत्र नंबर-IN-UP09868366025972X, दिनांक-20.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सूचना

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम PRIYANKA व जन्मतिथि 25.11.2004 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम PRIYANKA GURJAR व जन्मतिथि 25.11.2005 है। PRIYANKA GURJAR D/o of Army/Jc No-481925F, रैंक-सूबेदार (ऑनररी लेफ्टिनेंट), साहब सिंह, यूनिट आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी-ग्राम-मदनपुर, जिला-भरतपुर, राज्य-राजस्थान-321411, द्वारा शपथ पत्र नंबर- IN-UP09862685689551X, दिनांक-20.02.2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

## सम्बन्ध विच्छेद

मैं अपने छोटे पुत्र कौशलेन्द्र के गलत चाल-चलन व क्रियाकलाप से क्षुब्ध होकर उससे अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद कर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे अन्य परिवारीजनों का उससे कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा। **ओमप्रकाश पुत्र प्रभुदयाल, निवासी- ग्राम-अजमतपुर, पोस्ट-पचपुखरा, थाना-मऊदरवाजा, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# हार्ट सर्जन डॉ. गौतम को संगोष्ठी में किया सम्मानित

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



कानपुर में कॉर्डियोलॉजी विभाग में तैनात ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी हार्ट सर्जन डॉ. संदीप गौतम को विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर भागीदारी भवन गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित सामाजिक न्याय संगोष्ठी में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री असीम अरूण द्वारा सम्मानित किया गया। उनके सम्मान पर गांव में खुशी की लहर है। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू निवासी डॉ. संदीप गौतम ने प्रारंभिक शिक्षा बालघर स्कूल से और इसके बाद इंटरमीडिएट तक की शिक्षा डीएवी इंटर कॉलेज उरई से प्राप्त की थी। शुरू से ही उनका सपना डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करना था। सीपीएमटी में पहले ही प्रयास में उन्होंने सफलता हासिल की। इसके बाद एमबीबीएस की शिक्षा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से वर्ष 2006 में पूर्ण की। आगरा से चाइल्ड हेल्थ डिपलोमा किया। इसी दौरान गोरखपुर मेडिकल कॉलेज से वर्ष 2014 में एमएस की डिग्री हासिल की। सर्वोच्च डिग्री डॉ. राममनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट लखनऊ से हासिल की। इसके बाद प्राइवेट हॉस्पिटल की चकाचौंध से दूर रहकर उन्होंने लोगों की सेवा को चुनते हुए कानपुर में कॉर्डियोलॉजी विभाग में ज्वाइन किया। वर्तमान में वह कॉर्डियोलॉजी विभाग में एसोशिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। अब तक वह 1 हजार से अधिक मरीजों की हार्ट सर्जरी कर चुके हैं। इनके इस प्रयास को देखते हुए गुरूवार को विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर भागीदारी भवन गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित सामाजिक न्याय संगोष्ठी में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री असीम अरूण द्वारा उन्हें सम्मानित किया। यह खबर जब उनके गांव के लोगों को हुई तो गांव में खुशी की लहर दौड़ गई।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

**कोंच,जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूमरा के पास गुरुवार की सुबह करीब 10.30 बजे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से दबकर ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस आगे की जांच पड़ताल में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तूमरा के पास की है, जहां कोंच से ट्रैक्टर में सरिया लादकर चालक नदीगांव जा रहा था, इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे ट्रैक्टर के नीचे दबकर नदीगांव निवासी 45 वर्षीय चालक वीरेंद्र पुत्र बहादुर की मौके पर ही मौत हो गई।

# किसानों से जुड़ी समस्याओं की अधिकारी न करें अनदेखी: डीएम

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में किसान दिवस बैठक का आयोजन विकास भवन उरई में स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में किया गया। किसान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबन्धक इंडियन बैंक, प्रतिनिधि जिला उद्यान अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता बेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम एवं द्वितीय, अधिशाषी अभियन्ता लघु सिंचाई विभाग उरई, सहायक अभियन्ता जल निगम उरई, सहायक अभियन्ता डाल नहर उरई, जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड, सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति उरई, अध्यक्ष भूमि परीक्षण प्रयोगशाला उरई, प्रतिनिधि सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक उप्र सहकारी समितियां जालौन, रेशम अनुरक्षक, प्रतिनिध जिला प्रबन्धक फसल बीमा कम्पनी सहित सम्बन्धित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी एवं भारतीय किसान संघ के प्रांत अध्यक्ष साहब सिंह चौहान, जिला प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन दिनेश प्रताप सिंह, सहित अधिक संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## रिपोर्ट दर्ज होने के बाद फिर से की मारपीट

**जालौन,उरई।** मारपीट की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराने को लेकर विपक्षी ने दोबारा से गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित की सूचना पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के रतन सिंह ने पुलिस को बताया कि उसके साथ काशीनाथ निवासी विशाल ने रंजिश को लेकर गाली, गलौज व मारपीट कर दी। जिसकी रिपोर्ट उसने कोतवाली में दर्ज कराई थी। इसी बात से खुन्नस खाए विशाल आए दिन उसे परेशान कर रहे हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह जब वह बाजार जा रहा था। तभी रास्ते ने विशाल ने गाली, गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी।

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन के विरोध में किया प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



बार एसोसिएशन आम सभा की बैठक का आयोजन बार सभागार में किया गया जिसमें बार अधिनियम 1961 बिल में संशोधन के खिलाफ आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बार एसोसिएशन के सभागार में अधिवक्ता आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें अधिवक्ता अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधन का उग्र विरोध करने का निर्णय लेते हुए 20-21 तारीख को न्याय कर में हिस्सा न लेने का निर्णय करते हुए वकीलों ने जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए मुख्य रूप से दिनेश वैस एडवोकेट यादव, एडवोकेट चंद्रजीत यादव, एडवोकेट राजेश शाक्य एडवोकेट राजीव हजेला, एडवोकेट नेम सिंह यादव, एडवोकेट अरवेश, एडवोकेट पंकज मिश्रा, एडवोकेट राजीव दीक्षित, एडवोकेट देवेश मिश्रा, एडवोकेट परसोत्तम तिवारी एडवोकेट राजकुमार बैस, एडवोकेट कुलदीप चौहान, एडवोकेट अमित राजपूत, एडवोकेट ओमेंद्र सिंह पाल, एडवोकेट अशोक चौहान, एडवोकेट लाल बहादुर यादव, एडवोकेट भैया लाल वर्मा, एडवोकेट नरेश राजपूत, एडवोकेट हरि शरण शाक्य, एडवोकेट रामबाबू शाक्य, एडवोकेट हरगोविंद राजपूत, एडवोकेट रुपेश दुबे, एडवोकेट आलोक दीक्षित, एडवोकेट इनमें अली एडवोकेट खलील खान, एडवोकेट सद्दाम हुसैन एडवोकेट आशीष श्रीवास्तव , एडवोकेट रोहित सक्सेना, एडवोकेट नरेंद्र शाक्य, एडवोकेट सादिक खान, एडवोकेट रामसेवक वर्मा, एडवोकेट बलराम राजपूत, एडवोकेट राजपाल राजपूत, एडवोकेट ध्रुव सिंह यादव, एडवोकेट सर्वेश यादव, टिंकू एडवोकेट सामोद यादव, एडवोकेट विक्रम सिंह, एडवोकेट जयवीर सिंह यादव, एडवोकेट प्रेणव यादव, एडवोकेट घनश्याम यादव, एडवोकेट अवनीश राजपूत, एडवोकेट यादवेंद्र प्रताप सिंह, एडवोकेट आदित्य कुमार, एडवोकेट बादाम सिंह शाक्य, एडवोकेट शुभम लता शाक्य, एडवोकेट राम प्रकाश यादव, एडवोकेट अनिल यादव, एडवोकेट दिनेश यादव, एडवोकेट अजीत कुमार, एडवोकेट योगेंद्र कुमार एडवोकेट शिवम शाक्य, एडवोकेट संजीव यादव, एडवोकेट प्रदीप यादव, एडवोकेट कुलदीप शाक्य, एडवोकेट सुनील गौतम, एडवोकेट अश्विनी कुमार मिश्रा, एडवोकेट धर्मेंद्र यादव, एडवोकेट राजेश कठेरिया, एडवोकेट अशोक यादव, एडवोकेट नंदन सक्सेन,। एडवोकेट प्रियंका मिश्रा, एडवोकेट कन्हैयालाल वर्मा, एडवोकेट शिवराम सिंह चौहान, एडवोकेट इनेहलता गुप्ता, राखी सिंह एडवोकेट वेदमती कश्यप, एडवोकेट धीरज मिश्रा, एडवोकेट दिनेश यादव, एडवोकेट आज लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सुप्रभाष अकादमी में मनाया गया ग्रेजुएशन डे

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




नगर के आवास विकास में स्थित सुप्रसिद्ध शिक्षण संस्था सुप्रभाष अकादमी में बहुत हर्ष और उल्लास के साथ किंडरगार्टन ग्रेजुएशन डे सेरिमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ शानदार वेलकम डांस का प्रदर्शन किया और अपनी खुशी जाहिर की। सभी विद्यार्थियों को कन्वोकेशन ड्रेस में डिग्री व अन्य सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

इसी के साथ सभी आमंत्रित अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अलका गुप्ता ने कहा कि यह ग्रेजुएशन सेरेमनी विद्यार्थियों का हौसला बुलंद करने व उन्हें अगले पड़ाव में प्रवेश करने का एहसास कराने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। संस्था के प्रबंधक हिमांशु सक्सेना ने कहा कि भविष्य में इन बच्चों के ग्रेजुएशन पर उनके दादा-दादी व नाना नानी संभवत इस नश्वर संसार में उपस्थित ना हो, अतः उन्हें भी इस गर्व की अनुभूति कराई जा सके इसलिए इस सेरेमनी का आयोजन किया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विशेष रूप से वंशिका दुबे ,गुंजन ,प्रियांशी, नेहा, दिव्या ,आरती ,अभिषेक, अमित, अंकुश आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन किया ।बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के स्वल्पाहार करने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया।

# शान्ति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करे जनता : कोतवाल

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**



शासन के सख्त दिशा निर्देशों के चलते होली पर्व को लेकर कोतवाल ने पुलिस बल के साथ नगर में प्लेग मार्च करके शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। समधन नगर में गुरुवार देर शाम गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में होली पर्व को लेकर मैन सड़क पर भारी पुलिस बल के साथ प्लेग मार्च करके नगर की आम जनता से शांति व सदभाव का माहौल क़ायम रखने के लिये सहयोग की अपील की गई।सब्जी मंडी मेन बाजार होलिका स्थल नगर के मोहल्ला नेहरू नगर में स्थित बाल्मीकि समाज की बस्ती में जाकर होलिका दहन की जगह का मुआयना किया गया कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने कहा कि नगर में जहां होलिका दहन की जगह है वहां से तत्काल अतिक्रमण हटाने की हिदायत देते हुऐ कहा कि नहीं तो ऐसे लोगों को चिन्हित करके पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी इस दौरान समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह, अशोक कुमार, विकुल कुमार, आदेश कुमार, सत्येंद्र सिंह मौजूद रहे।

## महिला को फोन कर युवक कर रहा परेशान

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** महिला ने एक युवक पर अलग-अलग नंबरों से फोन कर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम भूडहा निवासी वर्षा पत्नी अरविंद ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि पिछले तीन महीने से एक युवक उसके फोन पर अलग-अलग नंबरों से कॉल करके उसे परेशान कर अभद्रता करता है। विरोध करने पर घर में घुसकर जान से मारने की धमकी भी देता है। इससे वह व उसका परिवार भयभीत है। कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सपा के गढ़ में भाजपा परचम लेकिन बजट में जीरो

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



> भाजपा युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन द्विवेदी सरकार व संगठन में रखते हैं अच्छी पैठ

इत्र और इतिहास की नगरी राजनीतिक रूप से पिछले कई चुनाव में सपा का कब्जा रहा इसलिए आज से इसे सपा का घर कहां जाने लगा विधानसभा चुनाव में ने ऐसी करवट बली की सपा का गढ़ ताश के पत्तों की तरह बिखर गया और जिले में भगवा परचम फहराया गुरुवार को जब बजट पेश हुआ तो जिले के लोग वित्त मंत्री की ओर टकटकी लगाये।

निहारते हुए कुछ न मिलने पर बहाल हो गए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष विपिन द्विवेदी सरकार में संगठन में अच्छी पकड़ रखते हैं केंद्र में मोदी सरकार बनने के गुरसहायगंज से बोरगांव तक रेलवे लाइन बनवाने का संकल्प लिया प्रदेश में भी भाजपा सरकार बनने के बाद इनकी सक्रियता और बढ़ गई हालांकि रेलवे लाइन को लेकर विभाग भी सक्रिय हुआ लेकिन मुकाम हासिल नहीं हुआ लेकिन प्रदेश के इस बजट से लोगों को खांसी आज थी लेकिन जिले के लोगों को निराशा हाथ लगी जिले में असीम अरुण के मंत्री होने के साथ तीनों विधायक जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ ही सभी ब्लॉक प्रमुख भाजपा की झोली में है ऐसे में जिले के लिए सरकार की और कुछ हासिल न होने से लोगों में मायूसी है।

# मारपीट में महिलाओं सहित चार लोग घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर रंजिश को लेकर जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितयों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के ग्राम गंगागंज गुरौली निवासी नीलम मिश्रा पत्नी विकास मिश्रा ने पुलिस को बताया है कि 18 फरवरी की शाम 07 बजे पड़ोस के ही युवक ने रंजिश को लेकर दरवाजे पर आकर उसके साथ गाली गलौज कर दी। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पुत्र शुभम मिश्रा को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वही क्षेत्र के ग्राम किशवपुर निवासी रामप्यारी पत्नी सतेंद्र ने बताया है कि गांव के ही तीन लोगों ने रंजिश को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। मना करने पर चार लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया और मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पति को मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थान से आए पीड़ितों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एनएसएस के तहत विशेष शिविर आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**




शिविर में जानकरी देते प्राचार्य डॉ हरिओम

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया।

गुगरापुर क्षेत्र के चांदापुर स्थित अविका डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ ग्राम लालपुर में ग्राम प्रधान मुकेश कटियार ने किया।

शिविर का उद्देश्य राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को लोगों के बीच जागरूक करना और समाज सेवा के प्रति युवा पीढ़ी को प्रेरित करना था। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरिओम ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से युवाओं को समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर मिलता है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव ने शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत की और स्वयंसेवकों को शिविर के उद्देश्यों और गतिविधियों के बारे में बताया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया, जो शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। योगाभ्यास के बाद स्वयंसेवकों ने भोजन तैयार कर एकजुट होकर ग्रहण किया। शिविर में महाविद्यालय के शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाये हुनर

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र- छात्राओं ने अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 16 वें वार्षिक खेल कूद समारोह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शाक्य ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया। प्राचार्य ने प्रतिभागियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और खेलों के प्रारंभ की औपचारिक घोषणा की गई। इस समारोह में दौड़ प्रतियोगिता, गोला फ़ेंक, धीमी साइकिल रेस, खो-खो प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र- छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। आयुषी, लवी, बबीता, सलोनी काजल अर्पिता मोनी , निशांत, ओमपाल, खुशाल आदि छात्र-छात्राएं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी घोषित किए गए। प्रथम दिवस की प्रतियोगिताओं पश्चात छात्र- छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गया। सभी कार्यक्रम क्रीड़ा प्रभारी डॉ. सत्यवीर सिंह के संयोजकत्व में किए गए। इस दौरान प्राध्यापक डॉ. हेमेंद्र सिंह, डॉ. शिप्रा वर्मा, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ. हरिओम वर्मा, डॉ. अखिलेश यादव, डॉ. विजय बहादुर सहित छात्र-छात्राएं रहे।

# स्थानीय दुकानदारों व निवासियों का बनेगा यूरिनल पास

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

> राहगीरों को देना होगा निर्धारित उपभोक्ता शुल्क

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत छिबरामऊ में बनाये गये डीलक्स शौचालय के उपयोग के दौरान रख रखाव और स्वच्छता बनाये रखने के लिये नगर पालिका के द्वारा शुल्क निर्धारित किया गया है।

लेकिन ये शुल्क स्थानीय दुकानदारों को काफी महंगा साबित हो रहा है, मेरा शहर मेरी जिम्मेदारी मुहिम से जुड़े व्यापारी धर्मेंद्र, राहुल, सुनील, असलम, प्रवेश, धीरेन्द्र, दीपक, सूरज, अक्षय ने पालिका के द्वारा निर्धारित शुल्क का स्वागत किया लेकिन स्थानीय व्यापारी और निवासियों द्वारा शौचालय का नियमित प्रयोग करने के दौरान अतिरिक्त आर्थिक बोझ की समस्या बताई, उसके अलावा एक सर्वे के दौरान 90 प्रतिशत लोगों ने दुकानदारों के लिये रियातन मासिक कार्ड बनाने का समर्थन किया है। इस संबंध में चेयरमैन मनोज दुबे ने बताया कि शौचालय पर नियुक्त कर्मचारियों को नगर पालिका की तरफ से वेतन नहीं दिया जा रहा है, उपयोगकर्ताओं के द्वारा दिये जा रहे शुल्क से खर्चों को उनके द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी कई सामुदायिक शौचालय निर्माणाधीन है सभी का निर्माण होने के बाद टेंडर उठाये जाने की योजना है। व्यापारियों की समस्या को देखते हुये मासिक कार्ड बनवाये जायेंगे। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने शौचालय से जुड़े विशेष संचालन नीति (एसओपी) को जारी करते हुये बताया कि नजदीकी डीलक्स टॉयलेट आई. डी. के अनुसार सुविधा फॉर्म शौचालय गेट पर नियुक्त कर्मचारी के पास उपलब्ध होगा।

कार्ड शुल्क 20 रुपये मासिक शुल्क 95 रूपये किया गया है जोकि प्रत्येक महीने अग्रिम रूप से माह की 5 तारीख तक जमा करना होगा। यूरिनल कार्ड की ये सुविधा सिर्फ स्थानीय दुकानदारों और निवासियों के लिए मान्य होगी।

कार्ड सभी डीलक्स शौचालय पर मान्य होगा। 1 मार्च 2025 से ये व्यवस्था पूरी तरह लागू हो जायेगी। इसके अलावा राहगीरों के लिये 5 रूपये यूरिन एवं 10 रूपये शौच के लिये निर्धारित है।

# अभिषेक मिश्रा बने युवा प्रदेश अध्यक्ष

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अभिषेक मिश्रा।

नगर निवासी अभिषेक मिश्रा को जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन का युवा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से कार्यकर्ता में खुशी की लहर दौड़ गई। जिस पर स्थानीय लोगों ने युवा प्रदेश अध्यक्ष के घर पहुंच कर बधाई दी और फूल मालाओं से स्वागत किया। गुरुवार को जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान चौहान ने नगर के मोहल्ला इंदिरा नगर जीटी रोड निवासी अभिषेक मिश्रा को युवा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया। जिसकी घोषणा होने के बाद कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उनके घर पर पहुंचकर मिष्ठान खिलाकर व फूल मालाओं से स्वागत किया। नव मनोनीत युवा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों के हितों को लेकर वह सदैव आवाज उठाते रहेंगे। किसी भी किसान के साथ अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या को लेकर हमेशा संघर्ष करते रहेंगे।

# खुदरा व्यापार पर ध्यान न देने से व्यापारी निराश : राज शर्मा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाना ठीक है। लेकिन व्यापारियों क़ी मांगों को बजट में शामिल न करना दुर्भाग्यपूर्ण है। यह बात भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष राज शर्मा ने व्यापारी हित में कही।

मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री के द्वारा 2.0 बजट पेश किया गया। जो 8 लाख 8 हजार 736 करोड रुपए का भारी भरकम बजट और पिछली बार से 9त्न ज्यादा बजट पेश किया जाना उत्तर प्रदेश सरकार के लिए गौरवान्वित का विषय है। लेकिन व्यापारियों की मांगों को दरकिनार करना सरकार की सबसे बड़ी भूल है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि व्यापारी वर्ग सभी वर्गों को रोजगार देने का कार्य बड़े स्तर पर करता है। और सरकार को भारी भरकम टैक्स भी अदा करके प्रदेश में उन्नति के मार्गों को प्रशस्त करता है। करोना काल से आज तक उबर नहीं पाया है। व्यापारी वर्ग, मार्केट में ऑनलाइन प्रोडक्ट बिकने से मिडिल क्लास व्यापारी बहुत ही चिंतित है। इस पर केंद्र सरकार और प्रदेशसरकार क़ो ऑनलाइन बिक्री पर उच्च स्तरीय गाइडलाइन बनाने की जरूरत है। जिससे मध्यम वर्गीय का व्यापार बचा रहे। एक लाख नए सूक्ष्म उद्योगों की स्थापना करना, मैन्युफैक्चर सेक्टर में निवेश से रोजगार के अवसर युवाओं में देखने को मिलेंगे। लेकिन सरकार को मिडिल क्लास ट्रेडिंग व्यापारियों का भी ध्यान रखना चाहिए था। ट्रेडिंग व्यापारियों के पास सिर्फ और सिर्फ बैंक लिमिट का ही सहारा रहता है, जो की हर मध्यम व्यापारी के लिए चुनौती पूर्ण विषय है।


सरकार को मध्यम वर्गीय ट्रेडिंग व्यापारियों के लिए भी ब्याज मुक्त योजना पर ध्यान देना चाहिए। जो कम से कम 10 लाख रुपए तक की योजना हो। कहा कि जनपद में ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की मांगों को भी अनदेखा करना, कहीं ना कहीं निराशा का विषय है।

## अराजकतत्वों ने सार्वजनिक शौचालय को किया क्षतिग्रस्त

**समधन, समृद्धि न्यूज़।** अराजकतत्वों ने सार्वजनिक शौचालय की दीवारें व दरवाजे तोड़कर धराशाई कर दिये जिसको लेकर ईओ ने नाराजगी जताई है। समधन नगर पंचायत के मोहल्ला रामनगर स्थित बरात घर के पास बना स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत बनाये गये सार्वजनिक शौचालय को अराजकतत्वों ने दीवारें दरवाजे सीटें और पानी की नली ऊपर रखीं टंकी तोड़कर धराशाई कर दिया गया है। सार्वजनिक शौचालय की अराजकतत्वों की ओर से की तोड़फोड़ को लेकर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह की ओर से गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी को एक लिखित शिकायती पत्र देकर अराजकतत्वों को चिन्हित करके कठोर कार्रवाई की मांग की गई है।



# विवादित होलिका स्थलों पर अराजक तत्वों को करें चिंहित : सीओ सदर



कोतवाली में रजिस्टर देखते सीओ सदर कमलेश कुमार।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी सदर ने कोतवाली परिसर का निरीक्षण किया गया इस दौरान उन्होंने कोतवाली के अभिलेखों को चेक किया और होली के त्यौहार को लेकर पुलिसकर्मियों को दिशा निर्देश दिए। गुरुवार को क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार ने कोतवाली पहुंच कर अभिलेखों को चेक किया और होली के त्यौहार को लेकर निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी व शैलेन्द्र सिंह चौहान को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर एवं क्षेत्र में जितने भी होलिका दहन स्थल है। उन्हें चिन्हित कर संवेदनशील और अति संवेदनशील पर विशेष ध्यान दिया। उनकी सुरक्षा व्यवस्था में कोई भी कोताही न बरती जाए। इसके अलावा हुड़दंग काटने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही साथ जल्द ही डीजे संचालकों के साथ एक बैठक का भी आयोजन किया जाए। स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों से विवादित स्थलों और विवाद की स्थिति की जानकारी लेकर कार्रवाई की जाए।

# फांसी के फंदे पर लटकता मिला वृद्ध का शव

> ठठिया थाना क्षेत्र के महसैंया गांव का मामला
> गुरूवार को पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**



मेडिकल कॉलेज में मौजूद पुलिस व परिजन

ठठिया थाना क्षेत्र के महसैंया गांव के बाहर बुधवार की रात एक पेड़ पर एक वृद्ध ग्रामीण का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। गुरूवार की सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महसैंया गांव निवासी उजियारे लाल (70) पुत्र अनोखे लाल बुधवार की शाम घर से खाना खाकर टहलने के लिए निकल आए थे। देर रात तक जब वह वापस घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास उनकी खोजबीन की। देर रात उनका शव गांव के बाहर एक पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकता मिला। ग्रामीण का शव मिलने की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची ठठिया पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया। मामले में ठठिया थानाध्यक्ष विजय सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# विद्युत टीम पर महिलाओं से अभद्रता व धमकाने का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बिजली चोरी और बकाया वसूली को लेकर चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत विद्युत विभाग की टीम ने क्षेत्र के ग्राम में पहुंचकर चेकिंग के नाम पर घर में घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता कर दी। जब पीड़ितों ने विरोध किया तो विभाग के कर्मियों के द्वारा बिजली चोरी के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। जिस पर गांव के लगभग 11 पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर विभाग के कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। गुरुवार को उच्च अधिकारियों के निर्देश पर बिजली चोरी एवं बकाया वसूली को लेकर चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत जेई जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम इंर्दुइयागंज में विद्युत चेकिंग की गई। इस दौरान विद्युत कर्मियों के द्वारा सौम्या सिंह पत्नी अविनाश प्रताप सिंह, राजो देवी पत्नी मधुपाल सिंह, बबली पत्नी श्याम प्रताप सिंह ने कुल 11 पीड़ितों के घर पर घुसकर महिलाओं के साथ अभद्रता कर दी और रिश्वत की मांग की। शिकायत करने पर बिजली चोरी के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी भी दी। जिस पर ग्रामीण महिला, पुरुष ओमपाल, रत्नेश, नरेश, बाबू सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, आशुतोष, भुडा निवासी अतुल प्रताप, योगेन्द्र सिंह, श्याम सिंह, सौरभ सिंह ने कोतवाली में एकत्रित होकर विद्युत विभाग के कर्मियों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिस पर कोतवाली पुलिस के द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत समधन, कन्नौज

पत्रांक: 362/न.पं.सं./निविदा सूचना (2024-25) दिनांक-20.02.2025

**(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत समधन जनपद कन्नौज को निम्न विवरण के अनुसार विधान मण्डल क्षेत्र विकास क्षेत्र योजनान्तर्गत से प्राप्त होने वाली धनराशि से करवाना चाहती है, जिसके लिए दिनांक 28.02.2025 के अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत समधन में निविदायें आमंत्रित करती है प्राप्त निविदाओं को उसी दिन 03 बजे कार्यालय नगर पंचायत में उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरीय के द्वारा खोली जायेगी। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी नगद अथवा F.D.R. जो अधिशासी अधिकारी के नाम बन्धक होगी, लगाना अनिवार्य होगा। निविदाओं की बिक्री दिनांक 27.02.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत में की जायेगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी दिन कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है, विवरण निम्नवत है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | टेन्डर मूल्य | 2% अर्नेस्टमनी | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय इण्टर कालेज में बच्चों की परीक्षा व्यवस्था हेतु सी.सी.टी.वी. कैमरों का प्रतिस्थापन कार्य। | 4,22,010.00 | 500.00 | 8440.00 | 30 दिन |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत समधन**
**कन्नौज**





# सरकार की मंशा को न जनता समझ पा रही और न ही खुद भाजपा नेता: डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

- पीडीए बनेगा राजनीति में हिमालय की भांति ऊंचा और विशाल
- जन चौपाल के माध्यम से पीडीए का बढ़ रहा कारवां


जन चौपाल को संबोधित करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव


पीडीए का फोल्डर दिखाते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व जिलाध्यक्ष आदि


जनता के बीच डॉ. जितेंद्र सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी हर जगह पीडीए की राजनीति को आगे बढ़ाने में जुटी हुई है और इसका असर भी दिख रहा है। लोग हर चौपाल में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

पार्टी के नेता जगह-जगह पीडीए जन चौपाल लगाकर आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। फर्रुखाबाद की 193 अमृतपुर विधानसभा के ग्राम बबुरापुर एवं हुसैनपुर तराई क्षेत्र में जन चौपाल लगाकर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव एवं पूर्व प्रत्याशी प्रदेश सचिव डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव द्वारा बूथ स्तर पर पीडीए जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने कहा कि आज पीडीए देश का राजनीतिक मुद्दा बन गया है और लोग अपने हक के लिए समाजवादी पार्टी की ओर उम्मीद लगाकर बैठे हैं। साथ ही उन्होंने कहा पीडीए की लड़ाई बहुत लंबी है जिसे अखिलेश यादव लड़ रहे हैं। डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा क्या है? जिसे न जनता समझ पा रही है और न ही उनके खुद के नेता। सरकार जो कुछ कर रही है, उससे ऐसा साबित हो रहा है कि सरकार अहंकार के नशे में है और जनता और जनमानस को आगे बड़ी कठिनाई होनी है। पीडीए की बात राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उठाई है जिसे राजनीति, सामाजिक, न्याय और शिक्षा स्वास्थ्य से जरुर आगे बढ़ाया जाएगा। इस मौके पर बबुरापुर के प्रभारी डॉ. सुभाष पाल, अमीर यादव, साहब खां सहित कार्यक्रम आयोजक नरेश, चंद्रपाल प्रधान संतोषापुर तथा जगदीश यादव सेक्टर प्रभारी मौजूद रहे। चम्मतपुर कार्यक्रम के आयोजक मातादीन प्रधान, धर्मेंद्र राजपूत, रफ्फन खां के अलावा हुसैनपुर तराई कार्यक्रम के आयोजक संजय राजपूत, अरुण कुमार, युसुफ खां रहे। इस पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने बताया कि समाजवादी लोग सबकी मदद करते हैं। इसी के साथ विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर भोला यादव, डॉ. सुभाष पाल, रवि यादव, अमीर सिंह यादव, साहब खान, संजीव प्रधान, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, विकास कुमार, दीपू, अश्विनी यादव, अरविंद यादव, नागेंद्र यादव, बीके गंगवार, बंटी यादव, विशाल यादव, सुमित यादव छोटू, नीतेश जोशी, अखिलेश मिश्रा, अमित यादव, नीतीश जोशी, आशीष उखरा आदि क्षेत्रीय लोग शामिल रहे।

# पानी की टंकी की कोठरी से इन्वर्टर व बैट्री चोरी

- पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की कही बात

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात जल जीवन मिशन के तहत बनायी गयी पानी की टंकी की कोठरी से अज्ञात चोर इन्वर्टर व बैट्री चोरी कर ले गये। पीड़ित चौकीदार ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव उखरा में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर गांव का ही युवक देशराज पुत्र पप्पूलाल चौकीदारी का काम करता है। चौकीदार देशराज ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह रात में अपने घर खाना खाने चला गया था, तभी किसी समय पानी की टंकी की कोठरी में रखा इन्वर्टर व बैट्री चोर चुरा ले गये। जब वह सुबह पानी की टंकी पर पहुंचा, तो उसने सामान गायब देखा। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। काफी खोजबीन करने के बाद पता न चलने पर आज सुबह चौकीदार अपने ग्राम प्रधान के साथ थाने आया और थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी। थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# एकात्म अभियान के तहत विकास खंड कार्यालय कमालगंज पर हुआ कार्यक्रम

- 45 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षक ने सूक्ष्म व्यायाम का कराया अभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद छात्र-छात्रायें

आज की जीवन शैली के कारण हर व्यक्ति तनाव में है। किसी को बीपी, किसी को शुगर या अनिद्रा आदि बीमारियों से परेशानी है। योग और ध्यान के नित्य अभ्यास से रोकथाम संभव है। यह संदेश बीडीओ कमालगंज त्रिलोक चंद्र शर्मा ने बुधवार को एकात्म अभियान के तहत खंड विकास अधिकारी कार्यालय में हुए कार्यक्रम में दिया।

बताते चलें कि हार्टफुलनेस इंस्टीट्यूट एवं संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार) के तत्वावधान में एकात्म अभियान का शुभारंभ उत्तर प्रदेश में 15 फरवरी को फतेहगढ़ स्थित महरूपुर सहजू से हुआ था। इसी कड़ी में कमालगंज ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव समेत स्टॉफ के 24 सदस्यों एवं उत्तर प्रदेश ग्रामीण अजीविका मिशन की परीक्षा देने आई 49 महिला परीक्षार्थियों को देवरिया से आए दोनों प्रशिक्षक दीपक और सतीश चंद्र वर्मा ने योग और ध्यान के माध्यम से शारीरिक और मानसिक संतुलन के बारे में बताया। तनावमुक्ति के लिए शिथिलीकरण के साथ ध्यान का अभ्यास भी कराया। उधर याकूतगंज स्थित प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्टॉफ को ध्यान का अभ्यास दोनों लखनऊ और बस्ती से प्रशिक्षकों सुयश तिवारी, आनंद कुमार ने कराया। बौद्धिक और संज्ञात्मक क्षमता विकसित करने के लिए 45 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षक राममिलन पांडेय और सौरभ ने मस्तिष्क से संबंधित सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया।

जोनल समन्वयक डॉ. सुधीर श्रीवास्तव गांवों में योग और ध्यान पर आधारित तीन दिवसीय सत्र आयोजित करने के लिए ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, ग्राम सहायक, स्कूल, कॉलेज, जनप्रतिनिधि, सरकारी एवं गैरसरकारी संस्थान हेल्पलाइन नंबरों 9415146580, 7355917478 एवं 8299582286 पर व्हाट्सअप के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।


भागड़ा बजवाकर खुशी का इजहार करते भाजपाई

# दिल्ली की मुख्यमंत्री पद पर रेखा गुप्ता ने ली शपथ, जश्न में डूबे भाजपाई

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज एचपी गैस एजेंसी पर दिल्ली में मुख्यमंत्री पद की रेखा गुप्ता के शपथ लेने पर भाजपाइयों ने खुशी का इजहार किया तथा आतिशबाजी चलाकर मिष्ठान वितरण किया। बताते चलें कि गुरुवार को दिल्ली में मुख्यमंत्री पद पर रेखा गुप्ता को शपथ दिलायी गयी। उनके शपथ लेते ही भाजपाई जश्न में डूब गये। सभी ने आतिशबाजी चलाकर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, एचपी गैस एजेंसी मालिक मोनिका गुप्ता, राजेश गुप्ता, युवा आकाश गुप्ता, हेम सिंह लोधी, संजीव गुप्ता, योगेंद्र सिंह राठौड़, रोहित गुप्ता, विनीत भारद्वाज, नितिन गुप्ता, अवनीश गुप्ता, डॉ0 विवेक चतुर्वेदी, सचिन शाक्य, वैभव अवस्थी, पंकज गुप्ता, शिव सिंह फौजी आदि भाजपाई उपस्थित रहे।

# डॉ. रोहित तिवारी ने की स्टाफ नर्स से बदसलूकी

- पीड़िता ने भाई के साथ थाने जाकर दिया प्रार्थना पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मेडिकल परीक्षण के लिए बैठी पीड़ित स्टाफ नर्स

लोहिया अस्पताल के चिकित्सक ने स्टाफ नर्स के साथ वदसलूकी की। जिस पर स्टाफ नर्स ने थाना कादरीगेट में तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता विदेह कुमारी पुत्री रजनेश शरण अग्निहोत्री जो कि जिला अस्पताल लोहिया पुरुष चिकित्सालय में स्टाफ नर्स के पर पर तैनात है। गुरुवार को वह बर्न यूनिट में ड्यूटी पर तैनात थी। करीब 11 बजे सर्जन डॉ0 रोहित तिवारी अपने 4 निजी गुर्गो के साथ आए और कहने लगे कि आजकल बहुत अखबार में खबरें छपवा रही हो, क्योंकि तुम्हारा भाई पत्रकार है, तो क्या हमें बाहर की दवाइयां नहीं मरीजों को बेचने दोगी। जिस पर पीड़िता ने कहा कि वह खुद आपके साथ ओटी में तैनात थी। दो दिन पूर्व ही स्थानांतरण हुआ है। आप मर्यादित भाषा का प्रयोग करे। जिस पर रोहित तिवारी ने गाली-गलौज कर जान मारने की धमकी दी। इसी बीच इनके गुर्गो ने कहा कि डॉक्टर साहब से जवान लड़ाती है। इसे कैमरे की नजर से साइड में खींचकर ले चलो। तब तक एक गुर्गे ने खींचकर मेरी नर्स की ड्रेस फाड़ दी। जब मैंने वीडियो बनाने का प्रयास किया तो मेरा फोन भी रोहित तिवारी के एक दूसरे गुर्गे ने तोड़ दिया। मेरे साथ मारपीट की। जिस पर पीड़िता ने अपने भाई को बुलाया। भाई अमोद तिवारी के आने पर चिकित्सक रोहित तिवारी ने धमकाया कि तू बड़ा पत्रकार बनता है। देखे मुझे कौन बाहरी दवाइयां बिकवाने से रोकेगा। तुझे फर्जी मुकदमा में फंसाकर जेल भिजवा दूंगा।

जिसके बाद आरोपी पीड़िता और उसके भाई को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता ने सीएमएस ऑफिस में सीएमएस को घटना की जानकारी देने गई, लेकिन वह नहीं मिले। जान का खतरा महसूस होने पर पीड़िता ने अपने भाई के साथ थाना कादरीगेट में तहरीर दी है। जब पुलिस पीड़िता का मेडिकल कराने गयी, तो सीएमएस अशोक प्रियदर्शी ने मेडिकल रुकवा दिया।

## साइबर क्राइम के तहत ठगी करने वाले अभियुक्त की जमानत खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गिरोह बनकर फर्जी ट्रांसपोर्टर बनकर लोगों से ठगी करने के मालमे में एक अभियुक्त की ओर से न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिसकी सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। साइबर क्राइम के जरिए फर्जी ट्रांसपोर्ट कंपनी बनाकर जालसाजी कर लोगों से ट्रांसपोर्ट के नाम पर ठगी करने के मामले में पुलिस ने रितेश वर्मा उर्फ सुमित सहित दस लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर उनके पास से एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, आधार कार्ड के अलावा नगदी आदि बरामद की थी और जेल भेज दिया था। अभियुक्त रीतेश वर्मा की ओर से न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दीपेन्द्र कुमार सिंह ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

**समृद्धि न्यूज की मुहिम का असर**

# एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा फर्रुखाबाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आखिर फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने को पूरी तरह सरकार राजी हो गयी और बजट में इसका उल्लेख कर पक्का कर दिया कि अब जुड़कर ही रहेगा। बजट में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, जनपद हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

बताते चले कि प्रदेश सरकार के पिछले कार्यकाल में गंगा एक्सप्रेस-वे फर्रुखाबाद से होकर निकालने की बात कही गई थी और फिर शाहजहांपुर के एक जनप्रतिनिधि फर्रुखाबाद के सभी जनप्रतिनिधियों पर भारी पड़े और वह अपनी ओर खींच ले गये।

यह जानकारी जब जनता और विपक्ष को हुई तो सभी को बहुत बड़ा झटका लगा, लेकिन सत्ता का विरोध खुलकर करने की कोई हिम्मत नहीं जुटा सका और ऐसे में हमारे समाचार पत्र समृद्धि न्यूज ने एक मुहीम चलायी, लोग जागरुक हुए। एक से दो और धीरे-धीरे बड़ी संख्या में लोग समूह के रुप में सड़कों पर फर्रुखाबाद से ही जाये गंगा एक्सप्रेस-वे की मांग को लेकर उतरे। धीरे-धीरे अभियान तेज होता गया और इस अभियान में मुख्य रुप से फर्रुखाबाद विकास मंच के संरक्षक मोहन अग्रवाल के अलावा आदि समाजसेवियों ने सहयोग किया था। आखिर सोयी सरकार के कानों तक आवाज पहुंच ही गयी और सरकार ने आश्वासन दिया कि एक्सप्रेस-वे का रुट तो नहीं बदल सकते, लेकिन कट देकर फर्रुखाबाद को एक्सप्रेस-वे से जोड़ने का काम करेंगे। इस अभियान से भाजपा के सांसद मुकेश राजपूत काफी रुष्ट दिखायी दिये। कई बार उन्होंने हमारे संवाददाता को अपने शब्दों में नाराजगी जाहिर की। जनता को जगाने का अभियान समृद्धि न्यूज का जारी रहा और 2025 बजट में फर्रुखाबाद को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की बात पक्की हो गयी। इस संदर्भ में सदर विधायक ने भी काफी प्रयास किया और उन्होंने इस पर खुशी जाहिर की।

# रंजिशन घर लौट रहे युवक को दबंगों ने घेरकर मारी गोली


घायल का उपचार करते चिकित्सक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुरानी रंजिश के चलते युवक को दबंगों ने रास्ते में घेरकर गोली मार दी। गोली युवक के सीधे पैर में जा लगी। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। पीड़ित रिश्तेदारी से वापस लौट रहा था। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम देवरान गढ़िया निवासी सनी पाल पुत्र रामरहीस अपनी रिश्तेदारी में गया था।

जहां से गुरुवार को वह अपने घर लौट रहा था, तभी पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने सनी पाल के गोली मार दी। गोली उसके सीधे पैर में जा लगी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया।

घायल सनी पाल ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसका दबंगों से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद वह अपनी रिश्तेदारी में जान बचाने के लिए चला गया था। मगर ज्यादा दिन वहां रुकना मुमकिन नहीं था। इसलिए उसने अपने भाई से कहा कि अब घर चलना चाहिए, तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे दबंगों ने घेरकर उसे गोली मार दी। उसे108 एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल लाया गया। वारदात के बाद थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ की। पुलिस अब आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दविश दे रही है।

# "हमारा आंगन,हमारे बच्चे" उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम के दौरान बच्चे को सम्मानित करते सांसद

ब्लॉक संसाधन केंद्र कायमगंज पर हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर सांसद एवं नगर पालिकाध्यक्ष ने किया। इस मौके पर बच्चों ने मां सरस्वती की वंदना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

ब्लॉक कायमगंज के को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केदों की कार्यकत्रियों द्वारा 3 से 6 वर्ष के बच्चों को भय मुक्त वातावरण में शिक्षा प्रदान की जाए, को विस्तार पूर्वक बताया गया। सुनील सिद्धार्थ ने नारी शिक्षा के सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। आर्येंद्र कुमार सिंह (वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ) ने बाल वाटिका के बच्चों को बुनियादी साक्षरता एवं प्राथमिक अंक की दक्षता प्राप्त करने पर विचार व्यक्त किये। मुकेश कुमार राजपूत द्वारा वंडर बॉक्स को विस्तार पूर्वक बताया। मुकेश कुमार ने बताया कि वंडर बॉक्स में 26 प्रकार के आइटम समाहित हैं। जिनमें जानवर पहचानए, फल और सब्जी पहचान, गिनती पेटी, वर्णमाला, आकार सुडोकू, प्यासा कौवा, 10 व्रत पहेली, गुड़िया बनाना, पिंक बोर्ड और पहेलियां, जोड़ बनाओ, जानवरों के हाथ पैर पहचान, देखो और करो आदि को विस्तारपूर्वक बताया तथा उन्होंने बताया कि नवीन शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 88000 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को वंडर बॉक्स की सुविधा प्रदान कराई गई है। वंडर बॉक्स का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भय मुक्त वातावरण, बच्चों में समझ को विकसित करना और विकसित समझ को दूसरों के साथ साझा करना प्रमुख है। ओमप्रकाश पाल (खंड शिक्षा अधिकारी कायमगंज) ने बताया कि पूर्व प्राथमिक शिक्षा का सार्वभौमीकरण किया जाना लक्षित है। पालिकाध्यक्ष शरद गंगवार ने बच्चों के विकास में सहायक तथ्यों पर प्रकाश डाला एवं सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा अध्यापकों को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया कि आप लोग विषम परिस्थितियों में भी बच्चों के हित में कार्य करते हैं। क्षमा शर्मा सीडीपीओ कायमगंज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही आंगनबाड़ी बच्चों के लिए योजनाओं को बताया। सांसद ने छोटे-छोटे बच्चों के विकास में सहायक क्रियाकलापों को बताया तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की उपलब्धियां को भी गिनाया। इस दौरान राजेंद्र प्रसाद बीडीओ कायमगंज, अमरदीप दीक्षित भाजपा जिलामंत्री उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त निर्देश गंगवार (ब्लॉक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक कायमगंज), आर्येंद्र सिंह (जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ), संदीप वर्धन, जसविंदर सिंह, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार राजपूत, अनुराग पाठक, अमीर सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, उदय यादव, रुचि गंगवार, असमीनाज, मालती देवी, जुल्फिकार अहमद एवं समस्त बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा।

# एटीएम से पैसे निकालने का विरोध करने पर हुई मारपीट

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर लोगों से जानकारी करती पुलिस

पैसे निकाल रहे युवक का एटीएम लेकर तीन शातिर युवक पैसे निकालने लगे। जिसका युवक ने विरोध किया। इसी बात पर एटीएम के अंदर मारपीट होने लगी। पड़ोसी दुकानदार प्रधान व उसके पिता ने मौके पर पहुंचकर मामले को रफा-दफा किया, लेकिन तब तक तीनों शातिर युवक फरार हो गये। पीड़ित युवक ने प्रधान व उसके पिता के खिलाफ शातिर युवकों को भगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। वहीं युवक का आरोप है कि शातिर उसके पास से दस हजार रुपये लूट ले गये। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव हुसैनपुर बांगर निवासी शिवम जाटव पुत्र दुर्योधन जाटव दिनेश जाटव पुत्र रोशन लाल के साथ बहन की शादी के लिए नवाबगंज कस्बा चौराहा स्थित बैंक आफ इंडिया के एटीएम से पैसे निकाल रहे थे, तभी उनके बताए मुताबिक तीन अज्ञात युवक आए और एटीएम कक्ष में घुस गए तथा वह अपना एटीएम लगने लगे।

जिस पर पीड़ित के बताए अनुसार उन्होंने बताया कि मेरा एटीएम नहीं लग पा रहा है। आपने अपना लगाया,तो युवक ने कहा नहीं। जिसे पर आए हुए आरोपियों ने कहा कि मैं आपका एटीएम लगा दूंगा यह सुनकर पीड़ित ने अपना एटीएम दे दिया। इसी बीच युवकों ने पीड़ित का एटीएम बदलकर पैसे निकालने की कोशिश की, जिस पर पीड़ित ने विरोध किया, तो एटीएम कक्ष के अंदर ही मारपीट होने लगी। यह देख आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। जिस पर एटीएम से लगी दुकान के मालिक एक ग्राम प्रधान तथा उनके पिता ने मामले को रफा दफा कराया। इसी दौरान आरोपीगण मौका पाकर भाग चुके थे। वहीं पीड़ित ने ग्राम प्रधान तथा उनके पिता पर आरोपियों को भगाने का आरोप लगाया तथा ग्राम प्रधान के विरुद्ध नामजद तहरीर थाने में दी।

मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल कर ग्राम प्रधान को खरी खोटी सुनाई और मौके से चले आए। वहीं थाना पुलिस के दरोगा हलका इंचार्ज गिरीश चंद्र ने बताया की मामले की तहरीर मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## अलग-अलग घटनाओं में दो का शांतिभंग में चालान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों का शांतिभंग में चालान कर दिया। जानकारी के अनुसार इमरान पुत्र सबीन अली उम्र 29 वर्ष निवासी खानपुर मड़ैया थाना कादरी गेट का शांतिभंग में चालान कर दिया। वहीं दूसरी घटना में राजू शाक्य पुत्र छोटेलाल निवासी श्याम नगर आईटीआई चौकी थाना कादरीगेट का अपने भाई से पैसे मांगने को लेकर विवाद हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसका चालान कर दिया।

# बन्दरों के हमले से तीन लोग हुए घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


गांव में पेड़ पर बैठे बंदर

अलग-अलग घटनाओं में बंदरों के हमले में तीन लोग घायल हो गये। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव अताईपुर निवासी दुर्गा उम्र 15 वर्षीय पुत्री रामवीर पर बन्दरों ने हमला कर दिया। वहीं क्षेत्र के गॉव रायपुर निवासी ब्रहम्मानन्द उम्र 48 वर्षीय पुत्र राजबहादुर छत पर बैठे थे, तभी अचानक बन्दरों ने उन पर हमला कर दिया। वही मेरापुर थाना क्षेत्र के गाँव सिलसंडा निवासी कुशल पाल उम्र 50 वर्षीय पुत्र दीपपाल पर भी बन्दरों ने हमला कर दिया। जिससे तीनों लोग घायल हो गये। तीनों घायलों को परिजनों ने कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। बताते चलें कि गांव में बंदरों का काफी आंतक है। आये दिन बंदर किसी न किसी को काटकर घायल कर देते हैं तथा सामान उठा ले जाते हैं और साथ ही कीमती कपड़े भी फाड़ देते हैं।

## बाइक की टक्कर से बालिका घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव गऊटोला निवासी रागिनी उर्फ उन्नी राठौर उम्र 9 वर्षीय पुत्री राजवीर परचून की दुकान से सामान खरीदने आई थी। जब वह वापस अपने घर के लिए लौट रही थी, तभी सामने से आ रहे अज्ञात बाइक चालक ने उसके सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रागिनी उर्फ उन्नी गम्भीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

## मार्ग दुर्घटना में अधेड़ घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गाँव हरिहरपुर निवासी सन्तोष कुमार उम्र 45 वर्षीय पुत्र अनोखेलाल मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल सन्तोष को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# बजट में जनपद को मिला ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे

▸ सरकार ने बजट में सामान्य वर्ग का रखा ध्यान, युवाओं को लुभाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कुनेन्द्र गंगवार, संतोष दुबे, सत्येन्द्र सिंह

प्रदेश सरकार ने 9वां बजट गुरुवार को पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आठ लाख, आठ हजार 736 करोड़ का बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए बजट में कई बड़े एलान किए हैं। यूपी सरकार ने इस बजट में युवाओं को लुभाने के लिए कई घोषणाएं की हैं।

बजट में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे कौसिया, जनपद हरदोई वाया फर्रुखाबाद तक प्रवेश नियंत्रित ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया जाएगा, जिसके लिये 900 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। वहीं बजट में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। बजट में आउटसोर्सिंग का न्यूनतम मानदेय 20 हजार कर दिया गया है। जो पहले 16 हजार रुपये था। इससे प्रदेश के 9 लाख आउटसोर्स कर्मचारी को फायदा होगा। राजाराम इंटर कालेज अचरा खलवारा के प्रधानाचार्य कुनेन्द्र गंगवार ने बताया कि प्रदेश द्वारा घोषित बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत तीन करोड़ किसानों को लगभग 79500 करोड रुपए की धनराशि डीबीटी के माध्यम से आवंटित की गई है, प्रदेश के सभी जनपदो के चिकित्सालय में सीटी स्कैन की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध की गई है, जो की सरकार का सराहनीय कदम है। माध्यमिक विद्यालयों में डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु 80 करोड रुपए प्रस्तावित है तथा 12 लाख रुपए तक की आय टैक्स फ्री हुई है जो कि शिक्षक/कर्मचारियों के लिए बेहद ही सार्थक है। क्रिश्चियन इंटर कालेज के सहायक अध्यापक शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे ने बताया कि बजट में माध्यमिक विद्यालयों को डिजिटल पुस्तकालय की स्थापना हेतु 80 करोड़ रुपए प्रस्तावित है, उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल लखनऊ के निर्माण हेतु 25 करोड रुपए प्रस्तावित है जो की बहुत ही सराहनीय है तथा फर्रुखाबाद गंगा एक्सप्रेस वे लिंक रोड जो कि प्रस्तावित है सराहनीय कदम है तथा इससे जनपद फर्रुखाबाद विकास की ओर अग्रसर होगा, लेकिन माध्यमिक शिक्षकों/कर्मचारियों को निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था न देकर हम सभी को मायूसी प्राप्त हुई है। मोहन लाल शुक्ला आदर्श इंटर कालेज के सहायक अध्यापक शिक्षक नेता सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि इस बार माध्यमिक विद्यालयों को कार्यक्रम हेतु 666 करोड़ रुपए आवंटित हुए हैं जो की सराहनीय है एवं पूर्वांचल का पहला सैनिक स्कूल गोरखपुर में स्थापित हुआ है सराहनीय है, लेकिन इसके साथ ही साथ सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन की बहाली तथा माध्यमिक शिक्षकों/कर्मचारियों निःशुल्क चिकित्सा व्यवस्था की घोषणा भी सरकार को करनी चाहिए थी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने व्यापार बंधु की ली बैठक

▸ सीसीटीवी कैमरा व अतिक्रमण पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक में मौजूद व्यापारी

पुलिस लाइन सभागार फतेहगढ़ में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह ने व्यापार बंधु की बैठक ली। महाशिवरात्रि व होली के त्योहार को देखते हुए व्यापारियों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की राय दी।

व्यापार मण्डल के युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल ने सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही, जिसका सभी समर्थन किया। साथ ही संदेश अग्रवाल ने कहा कि अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारी संगठन को साथ न लें, जिससे आपस में विरोधाभास उत्पन्न न हो। साथ ही जीएसटी नोटिस व आरसी लेकर कार्रवाई को बताया गया है, अगर कोई व्यापारी के पास आदेश है तो उसे दिखा कर कार्रवाई को समाप्त किया जाए। साथ ही व्यापारियों को भी निर्देशित किया गया कि वह अतिक्रमण न करें, जिससे जाम की स्थिति से निजात मिले। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, युवा जिलाध्यक्ष संदेश अग्रवाल, संजीव वर्मा, मनोज दीक्षित, प्रशांत कुमार शाक्य, लाखन सिंह, मकसूर अंसारी, संजू नेता, धीरेन्द्र तिवारी, मुकेश गुप्ता, अर्पण अग्रवाल, संदीप सक्सेना, विनोद गुप्ता, अरविन्द कुमार, राहुल श्रीवास्तव आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# रेल लोको पायलट ने मांगों को लेकर दिया धरना



धरने पर बैठे लोको पायलट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय रेलवे लोको पायलट ने गुरुवार को 18 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया। लोको पायलट यूनियन द्वारा धरने में लोको पायलट अमित श्रीवास्तव, सुभाष कुमार, प्रद्युमन यादव, जनमेय यादव, मनराज मीना, उदय प्रताप सिंह ने धरना देकर मांग की कि फर्रुखाबाद डीजल लावी पर लोको पायलट 36 घंटे भूखे पेट चलायेगें ट्रेन, लोको पायलट ने मांग की रनिंग भत्ता दरों में 25 प्रतिशत वृद्धि की जाये। 70 किलो मीटर भत्ते को आयकर से मुक्त किया जाये। लोको रनिंग स्टाफ को इटेंसिव कैटेगरी घोषित करते हुए मालगाड़ी के लिए अधिकतम 8 घंटे व यात्री गाड़ी के लिए 6 घंटे ड्यूटी निर्धारित की जाये। एचपीसी रिपोर्ट के अनुशंसा के अनुसार रात्रि ड्यूटी को लगातार दो रात तक सीमित किया जाये। रेल संचालन से संबंधित सभी औजार तथा टूल बॉक्स एसएफडी लोको कैब ब्रेकवान में ही उपलब्ध कराये जायें। रनिंग स्टाफ के भोजन ब्रेक को परिभाषित किया जाये।

महिला रनिंग स्टाफ की शिकायतों का निवारण हो।

लोको पायलट पर एक साथ कार्यों का बोझ न डाला जाये। साथ ही सहायक लोको पायलटों को एडीसनल एलाउंस दिया जाये, आदि मांगों को लेकर धरना दिया गया।

## रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन होगा। 4 कम्पनियां रोजगार मेले में प्रतिभाग करेगी। 250 रिक्तियों हेतु अभ्याथियों का साक्षात्कार लिया जायेगा। इच्छुक अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ विद्यालय में समय से उपस्थित हो। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

## निलंबित प्रधानाध्यापिका बहाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निलंबित प्रधानाध्यापिका बीना राठौर को बीएसए ने बहाल कर दिया। प्राथमिक विद्यालय शुकरुल्लाहपुर की निलंबित प्रधानाध्यापिका बीना राठौर को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अवनीश चौहान एवं जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल के आग्रह से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गौतम प्रसाद ने उसी विद्यालय में सवेतन बहाल कर दिया।

# जीजीआईसी की प्रधानाचार्या ने छात्राओं को बोर्ड परीक्षा से संबंधित दी जानकारी

▸ परीक्षा से पूर्व सभी को उत्तीर्ण होने का दिया आशीर्वाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षिकायें व छात्राओं

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा दस और बारह की छात्राओं को बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने छात्राओं का तिलक और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने से पूर्व ध्यान देने वाली बातें बतायी गई। परीक्षा को उत्साह और उमंग के साथ दें। अभी तक की गई तैयारियों का मूल्यांकन परीक्षा के माध्यम से होगा, अतः तनाव ना लें सभी को आगे भी अवसर मिलेंगे, आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में सम्मिलित हों, परीक्षा को जीवन मरण का प्रश्न ना बनाएँ, कठिन परिश्रम करें, लक्ष्य को प्राप्त करें। प्रवक्ता रिचा तिवारी ने छात्राओं को आशीर्वचन दिया। सम्मान स्वरूप परीक्षा हेतु बोर्ड परीक्षार्थियों को स्टेशनरी प्रदान की गई। शिक्षिका ज्योति आरती यादव, नीलम कश्यप ने व्यवस्था की सभी छात्राओं को प्रवेश पत्र वितरण भी किया। बोर्ड परीक्षा का प्रारंभ 24 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा। सर्वेश शाक्य, सरिता त्रिवेदी, शिल्पी, शैलजा मौर्य, अर्चना गुप्ता, निर्मला सिंह, मिनाक्षी, अल्पना, सरिता बाजपेई, गुलशन जहां, बविता इत्यादि उपस्थित रहीं। विद्यालय से हाई स्कूल के 310 एवं इंटर के 372 छात्राएँ बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होगी।

# सभी पैक्स के सचिवों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के डीएम ने दिये निर्देश




बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी पैक्स की बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने सभी पैक्स के सचिवों को पैक्स पर फार्मर रजिस्ट्री कराने व आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये निर्देशित किया। इस दौरान सभी लोगों को फॉर्मर रजिस्ट्री व आयुष्मान कार्ड बनाने का डेमो देकर प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# कार्यकारी जिलाध्यक्ष पर मिलावटखोर का आरोप

▸ फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

▸ रविकांत गुप्ता का इस्तीफा न मंजूर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता

भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार को फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रविकांत गुप्ता ने कार्यकारी अध्यक्ष का बिना नाम लिखे हुए मिलावट खोरी का आरोप लगाते हुए अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया को भेजे गये इस्तीफा में रविकांत गुप्ता ने बताया कि जिले में प्रमुख कार्यों का निर्णय लेने के लिए जिलाध्यक्ष अधिकृत है। उसके बावजूद भी कार्यकारी अध्यक्ष अपनी मनमानी करते है और बिना बताये बैनरों पर सीधे जिलाध्यक्ष लिखने लगते है। इस अनैतिक कार्य का मैं विरोध करता हूं और सभी पदों से इस्तीफा देता हूं। अब मैं स्वतंत्र होकर मिलावट खोरों के खिलाफ अभियान चलाऊंगा, क्योंकि जो मिलावट करता है वह व्यापारी नहीं है, वह लोगों की जिंदगियों में जहर घोल रहा है। इस संबंध में जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने रविकांत गुप्ता का इस्तीफा न मंजूर करते हुए उन्हें पुनः पुराने पद नगर अध्यक्ष फतेहगढ़ पर कार्य करने के लिए पत्र जारी किया है। पत्र में उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय पर संगठन के कार्यों को देखने के लिए एक व्यापारी की जरुरत थी, तो अस्थायी रुप से जिला प्रतिनिधि रविकांत गुप्ता को बनाया था। प्रदेश नेतृत्व से बात होने के बाद रविकांत गुप्ता का अस्थायी रुप से बनाये गये जिला प्रतिनिधि का पद मुक्त करते हुए उन्हें पुनःनगर अध्यक्ष पद पर कार्य करने के लिए घोषणा करते हुए पत्र जारी किया है। जो लोग जिलाध्यक्ष का सम्मान करना नहीं जानते है और संगठन विरोधी कार्यों में लिप्त है उन्हें शीघ्र पदमुक्त किया जायेगा।

इस संबंध में कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने बताया कि आदेश अग्निहोत्री द्वारा यह सब विवाद उत्पन्न कराया गया है। जबकि व्यापार मण्डल के संविधान में जिला प्रतिनिधि का कोई पद नहीं होता है, फिर भी उन्होंने यह गलत कार्य किया है।

पहले मैंने जिनको पदाधिकारी बनाया था, तब आदेश अग्निहोत्री ने कोई विरोध नहीं किया। मेरे बढ़ते कद को वह देखना नहीं चाहते है और बिना बजह विवाद उत्पन्न करा रहे है। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि जब रविकांत गुप्ता ने इस्तीफा दे दिया है तो उनकी संगठन में अब अपने आप में महत्वता समाप्त हो गयी है। साथ ही प्रमोद गुप्ता ने बताया कि जनपद में उपजे विवाद को समाप्त करने के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल दो-तीन दिन में स्वयं आ रहे है। भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल की गुटबाजी का विवाद सोशल मीडिया पर चल रहा है। व्हाट्सएप ग्रुपों पर भी एक दूसरे पर आरोप लगाकर चैट जारी है।



आलू भरते पल्लेदार

## खराब मौसम के चलते आलू की बिकवाली रही सुस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आलू मण्डी सातनपुर में गुरुवार को बूंदाबांदी के चलते बिक्री सुस्त रही। कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने आलू खरीदा और अपने कोल्डों में भरा। सातनपुर मण्डी में गुरुवार को लगभग 100 मोटर आमद रही। भाव में 50 रुपये कुंटल का उछाल रहा। कई किसानों का आलू खराब मौसम के चलते भीगने लगा। कुछ किसानों ने पॉलीथिन व त्रिपाल डालकर आलू को ढका। जिन आढ़तियों के आगे टीनशेड लगा था, आनन-फानन में पल्लेदारों से टीनशेड के अंदर आलू रखवाया गया। खराब मौसम होने के कारण बाहर के व्यापारी सुबह से कम दिखायी दिये। स्थानीय व्यापारी व कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने आलू खरीदा।

# एन.सी.डी. की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग के लिए डीएम ने ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संचारी रोग संबंधित बैठक लेते डीएम

गैर संचारी रोगों (एनसीडी) की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु 20 फरवरी से 31 मार्च तक संचालित विशेष अभियान के सम्बन्ध में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में अभियान को सफल बनाने हेतु बैठक सम्पन्न हुई।

गैर संचारी रोगों (एनसीडी) (उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्तन कैंसर, बच्चेदानी के मुंह का कैंसर एवं मुख कैंसर) की शत-प्रतिशत स्क्रीनिंग हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में कार्यरत 1524 आशाओं द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में ई-कवच एप्लीकेशन के माध्यम से 30 वर्ष से अधिक उम्र के जनमानस का सी-बैक (कम्युनिटी बेस्ड एसेसमेन्ट चेकलिस्ट) पंजीकरण किया जा रहा है।

इसके उपरान्त जनपद में कार्यरत समस्त कम्युनिटी हेल्थ आफीसर (157) और एएनएम (279) द्वारा गैर संचारी रोगों (एनसीडी) (उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्तन कैंसर, बच्चेदानी के मुंह का कैंसर एवं मुख कैंसर) की स्क्रीनिंग की जा रही है। स्क्रीनिंग उपरान्त सकारात्मक लक्षण वाले मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा रहा है। वर्तमान समय में आशाओं द्वारा पंजीकृत 761584 के सापेक्ष कुल 503532 व्यक्तियों का सी-बैक फार्म (कम्युनिटी बेस्ड एसेसमेन्ट चेकलिस्ट) पंजीकृत किया जा चुका है। इसी प्रकार कम्युनिटी हेल्थ आफीसर और एएनएम द्वारा कुल 179275 मरीजों की गैर संचारी रोग की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, मण्डल स्तर पर जनपद की रैंक 02 और राज्य स्तर पर रैंक 22वीं है। डीएम ने अभियान को सफल बनाने हेतु समस्त अधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया, कि उक्त अभियान में राज्य स्तर से प्राप्त दैनिक लक्ष्य के अनुसार सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कार्य कराते हुये प्रगति में शत-प्रतिशत सुधार कराना सुनिश्चित करें।

जिससे जनपद की रैंक सर्वोच्च स्थान पर रहें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनीन्द्र कुमार उपस्थित रहे।

# ईओ ने अभियान चलाकर फुटपाथ कराया खाली

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**



फुटपाथ दुकानदारों को निर्देश देते ईओ

अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने नगर पंचायत शमशाबाद के मुख्या बाजार में पैदल भ्रमण कर सुगम यातायात और साफ-सफाई बनाए रखने के लिए उन्होंने नगर पंचायत द्वारा बनायी गई पटरी के बाहर अवैध तरीके से फुटपाथ पर लगाये दुकानदारों को चेतावनी दी कि इस बार हटवा रहे है, दोबारा अगर अतिक्रमण किया तो कानूनी कार्यवाही भी होगी।

ईओ की देखरेख में फुटपाथ खाली कराओ अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ पर दुकानें लगाये दुकानदारों से बात की और उन्हें समझाया कि जो नगर पंचायत द्वारा जगह निर्धारित की गई है उसी हद में अपनी दुकानें लगाये। यदि आप लोग नगर पंचायत के फुटपाथ पर अवैध तरीके से दुकान लगायेंगे तो इससे जाम लगने की स्थिति उत्पन्न होती है। आज हटवाया जा रहा है, दोबारा यदि अवैध तरीके से लगी दुकान दिखायी दी तो कानूनी कार्यवाही के साथ जुर्माना भी वसूला जायेगा। इस दौरान नगर पंचायत से संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार वादी की पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में थाना कमालगंज पर दिनांक 08.02.2025 को मु0अ0सं0 29/2025 धारा-137(2) बीएनएस बनाम आकाश गुप्ता पुत्र सतीशचंद्र निवासी मोहल्ला आजाद नगर कोतवाली गुरसहायगंज कन्नौज ने पंजीकृतत कराया था। विवेचना के क्रम में मुकदमा उपरोक्त में धारा-87 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। गुरुवार को पुलिस ने अभियुक्त आकाश गुप्ता उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया।

## समरसेबिल पम्पिंग सेट की कोठरी का ताला तोड़कर सामान चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खेत में लगी समरसेबिल पंपिंग सेट की कोठरी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव पोखरा निवासी विनीत कुमार पुत्र रामसेवक ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका समरसेबिल पंपिंग सेट गांव के बाहर खेतों में लगा है। जिसकी कोठरी का बीते रात किसी समय अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर पंपिंग सेट का स्टार पाइप तथा अन्य जरूरी उपकरण चोरी कर लिये। जब पीड़ित अपने खेत पर गया, तो उसे चोरी होने की जानकारी हुई। पीड़ित ने थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी है।

# रेखा गुप्ता के दिल्ली मुख्यमंत्री बनने पर भाजपाइयों ने जतायी खुशी

▸ कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मिठाई खिलाकर कराया मुंह मीठा, छोड़ी आतिशबाजी

**कायमगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली की विधानसभा शालीमार बाग से नव निर्वाचित विधायक रेखा गुप्ता को विधायक दल का नेता व मुख्यमंत्री चुने जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान खिलाकर मुँह मीठा कराया और आतिशबाजी छुड़ाकर जश्न मनाया।

नगर पंचायत कंपिल में पूर्व विस्तारक व भाजपा नेता निशांत गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर मिष्ठान खिलाकर एक दूसरे का मुँह मीठा कराया और आतिशबाजी छुड़ाकर खुशी जाहिर की। जगह-जगह भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया और रेखा गुप्ता के विधायक दल का नेता व दिल्ली का मुख्यमंत्री चुने जाने पर खुशी जताई।

भाजपा नेता निशांत गुप्ता ने बताया कि भाजपा एक आधारित दल है। जहाँ कार्यकर्ता को ही सर्वोच्च पद पर बैठाया जाता है। इसका प्रमाण पहली बार विधानसभा शालीमार बाग से विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जाना है। रेखा गुप्ता छात्र जीवन से राजनीति में आई। और भाजपा की जमीनी कार्यकर्ता के रूप में वर्षो से समर्पण भाव से कार्य किया। वह संगठन के कार्य करते हुए दिल्ली प्रदेश के मुखिया के दायित्व तक पहुंची है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नारे को मजबूती आगे बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने दिल्ली में महिला मुख्यमंत्री देकर राज्य की करोड़ महिलाओं समेत भारत की आधी आबादी को साधने पर जोर दिया है और महिला सशक्तिकरण को भी बल मिलेगा। इस दौरान डॉ0 अभय सिंह राणा, लालाराम शाक्य, नंदराम शाक्य, स्वदेश राजपूत, विवेक शुक्ला, अरविंद प्रताप सिंह, बालकराम जाटव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यवर्धन सिंह, बबलू शुक्ला, अभिषेक पांडेय, राजेश राय कठेरिया, आलोक राजपूत, शहाना शाह, राजेंद्र प्रजापति, दीपक तिवारी, आदेश वर्मा आदि कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## वैश्य समाज ने मोदी का जताया आभार



मिठाई खिलाकर खुशी का जश्न मनाते निशांत गुप्ता आदि

**कायमगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा शीर्ष नेतृत्व का वैश्य समाज ने आभार जताया है। उन्होंने रेखा गुप्ता के दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर वैश्य वोटर में मजबूत पकड़ बना दी है। देश का वैश्य समाज भाजपा का कोर वोटर माना जाता रहा है।

देश के इक्कीस राज्यों में भाजपा की सरकारें है, लेकिन दिल्ली में पहली महिला वैश्य मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाकर वैश्य समाज को सम्मान देने का काम किया गया है। कायमगंज व कम्पिल समेत क्षेत्र के वैश्य समाज के लोगों ने मिष्ठान वितरण कर खुशी का इजहार किया। इस दौरान संतोष गुप्ता, सर्वेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, लखन गुप्ता, आकाश गुप्ता, राज गुप्ता, अमन गुप्ता, राहुल गुप्ता, विकेश गुप्ता, मयंक गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, आयुष गुप्ता, संजीव गुप्ता, विपिन गुप्ता, कैलाश गुप्ता, हरिओम गुप्ता, अंशुल गुप्ता, गोविंद गुप्ता, सुनील गुप्ता, सचिन गुप्ता, शैलेंद्र गुप्ता, रोहित गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

# वित्त मंत्री ने पेश किया उत्तराखंड का बजट

## बजट की अनुमानित लागत 1,01,034.75 करोड़ रुपए, वर्ष 2025-26 के बजट में कोई राजस्व घाटा अनुमानित नहीं

समृद्धि न्यूज



**देहरादून ।** उत्तराखंड के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री डा प्रेमचंद अग्रवाल ने गुरुवार को अनुमानित 1,01,034.75 करोड़ रुपए का बजट पेश किया। डा अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2025-26 के बजट में कोई राजस्व घाटा अनुमानित नहीं है अपितु दो हजार पाँच सौ पिचासी करोड़ नवासी लाख रुपये (2,585.89 करोड़) का राजस्व अधिशेष (सरप्लस) सम्भावित है।

बारह हजार छः सौ चार करोड़ बयानवे लाख रुपये (12,604.92 करोड़) का राजकोषीय घाटा होने का अनुमान है जो कि सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 2.94 प्रतिशत है। यह एफआरबीएम एक्ट में निर्दिष्ट सीमा के अन्तर्गत है। वित्त मंत्री ने बताया कि वर्ष 2025-26 के अनुमानित प्रारम्भिक शेष सत्तर करोड़ छियालीस लाख रुपये (70.46 करोड़) धनात्मक तथा वर्ष का अन्तिम शेष एक सौ उन्यासी करोड़ अठ्ठासी लाख रुपये (179.88 करोड़) धनात्मक रहना अनुमानित है।

डा अग्रवाल ने बताया कि इस बजट में कुल प्राप्तियाँ लगभग एक लाख एक हजार चौंतीस करोड़ पचहत्तर लाख रुपये (1,01,034.75 करोड़) अनुमानित है, जिसमें बासठ हजार पाँच सौ चालीस करोड़ चौव्वन लाख रुपये (62,540.54 करोड़) राजस्व प्राप्तियाँ तथा अड़तीस हजार चार सौ चौरानवे करोड़ इक्कीस लाख रुपये (38,494.21 करोड़) पूंजीगत प्राप्तियाँ हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजस्व प्राप्तियों में कर राजस्व उन्तालीस हजार नौ सौ सतरह करोड़ चौहत्तर लाख रुपये (39,917.74 करोड़) है जिसमें केन्द्रीय करों में राज्यांश पन्द्रह हजार नौ सौ दो करोड़ बयानवे लाख रुपये (15,902.92 करोड़) सम्मिलित है। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के स्वयं के स्रोतों से कुल अनुमानित राजस्व प्राप्ति अठाईस हजार चार सौ दस करोड़ तीस लाख रुपये (28,410.30 करोड़) में कर राजस्व चौबीस हजार चौदह करोड़ बयासी लाख रुपये (24,014.82 करोड़) तथा करेत्तर राजस्व चार हजार तीन सौ पंचानवे करोड़ अड़तालीस लाख रुपये (4395.48 करोड़) अनुमानित है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में ऋणों के प्रतिदान (डब्ल्यूएमए/अर्थोपाय अग्रिम सहित) पर छब्बीस हजार पाँच करोड़ छियासठ लाख रुपये ब्याज की अदायगी के रूप में छह हजार नौ सौ नब्बे करोड़ चौदह लाख रुपये, राज्य कर्मचारियों के वेतन-भत्तों आदि पर लगभग अठारह हजार एक सौ सत्तानवे करोड़ दस लाख रुपये (18,197.10 करोड़), सहायता प्राप्त शिक्षण व अन्य संस्थाओं एवं कर्मचारियों के वेतन भत्तों के रूप में लगभग एक हजार चार सौ सैंतालीस करोड़ छब्बीस लाख रुपये (1,447.26 करोड़), पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्तिक लाभों के रूप में नौ हजार नौ सौ सतरह करोड़ चालीस लाख रुपये (9,917.40 करोड़), व्यय अनुमानित है।

### नमो थीम पर विकास के संकल्प को पूरा करेगा बजट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड का यह बजट राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को पूरा करेगा। नमो थीम पर आधारित यह बजट सरकार की प्राथमिकताओं, संकल्पों और भविष्य की योजनाओं को प्रस्तुत करता है। मुख्यमंत्री धामी ने विधानसभा में बजट पेश होने के बाद पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को ऐतिहासिक बजट पेश करने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में पहली बार बजट का आकार लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है, जो पिछले बजट की तुलना में 13 फीसद अधिक है। उत्तराखंड के पहले बजट की तुलना में यह 24 गुना बड़ा बजट है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के अनुरूप बजट है। प्रधानमंत्री ने बाबा केदार के धाम से कहा था कि इस सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, इसी को ध्येय लेकर बजट में इस संकल्प की प्राप्ति के लिए प्रयास किए गए हैं, यह बजट आदर्श उत्तराखंड बनाने और उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को पूरा करेगा।

# लाल आंख की बजाय लाल सलाम की चीन नीति अपना रही है सरकार : खरगे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि लाल आंख दिखाने की बात करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर बढ़ रही चीनी गतिविधियों को लेकर चुप्पी साधे हैं और लाल आंख की बजाय लाल सलाम की नीति अपनाई जा रही है।

श्री खरगे ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए ट्वीट करके कहा, नरेन्द्र मोदी जी, आप चीन को लाल आंख दिखाने के बजाय लाल सलाम की नीति अपना रहें हैं। भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा,भौगोलिक संप्रभुता एवं अखंडता सर्वोपरि है लेकिन मोदी सरकार इसे ख़तरे में डाल रही है। हमारा आरोप बड़ी जि़म्मेदारी के साथ और तथ्यों के आधार पर है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया, चीन ने अरुणाचल के बॉर्डर पर 90 नए गाँव बसाने शुरू कर दिए हैं, पहले हमारी सीमा पर 628 ऐसे गाँव चीन बसा चुका है, ऐसा समाचार पत्रों का कहना है। मोदी सरकार सीमा पर %वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम% का खूब प्रचार करती है, संसद में आपने खूब बढ़ा-चढ़ाकर इसका बखान किया है। लेकिन सच्चाई यह है कि पिछले दो वर्षों में वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का 90 प्रतिशत फंड खर्च नहीं हुआ है। ये योजना फ़रवरी 2023 में लॉन्च की गई थी और 4800 करोड़ रुपए आवंटित फंड में से केवल 509 करोड़ रुपए ही ख़र्च हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश में जहाँ 75 गांव सुधारने हैं, वहाँ केंद्र की मोदी सरकार ने ना के बराबर राशि दी है। उन्होंने कहा, दिसंबर 2024 में, चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बाँध बनाने की घोषणा की, जो हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा, पर्यावरण और उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए विनाशकारी साबित हो सकता है। ब्रह्मपुत्र नदी, भारत के मीठे पानी के संसाधनों का 30 प्रतिशत हिस्सा है, जिससे इसका प्रवाह, भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। वर्ष 2022 में राज्यसभा में विदेश मंत्रालय के एक जवाब के अनुसार, आपकी सरकार ने कहा कि मार्च 2021 में, चीन ने अपनी 14वीं पंचवर्षीय योजना को अपनाया, जिसमें ब्रह्मपुत्र नदी के निचले इलाकों में जल विद्युत परियोजना का उल्लेख है। इसका मतलब है कि मोदी सरकार को 2021 से ही इस मामले की जानकारी थी फिर भी, आपकी सरकार बिल्कुल चुप रही। बात स्पष्ट है मोदी जी, आपकी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और स्वयं के झूठे विज्ञापन हैं, भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

# बीजेपी सरकार की नाक के नीचे फल-फूल रहा है भ्रष्टाचार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा में बीजेपी सरकार की नांक के नीचे भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है। ये आरोप लगाया है कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने। अब विनेश के इन आरोपों ने सरकार की मुश्किल बढ़ा है. क्योंकि विनेश ने सिर्फ बयान ही नहीं दिया बल्कि पत्र भी लिख डाला है।

बीजेपी सरकारें भ्रष्टाचार को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे करती हैं लेकिन लगभग हर बीजेपी शासित राज्य से भ्रष्टाचार की खबरें आती रहती हैं और अब हरियाणा से ऐसी ही खबर सामने आई है। जींद जिले के जुलाना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने निकाय मंत्री विपुल गोयल को पत्र लिखा है। इसमें

**विनेश फोगाट ने निकाय मंत्री को लिखा पत्र, निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग**

फोगाट ने कहा कि जुलाना में भ्रष्टाचार एक अलग ही लेवल पर चल रहा है। आपकी सरकार अधिकारियों पर कार्रवाई करेगी, इस उम्मीद से वह पत्र लिख रही हैं। विनेश फोगाट ने इस पत्र को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर भी शेयर किया है। निकाय मंत्री विपुल गोयल को लिखे पत्र में विधायक और रेस्लर विनेश फोगाट ने कहा कि पिछले माह 20 जनवरी को उन्होंने जींद के जुलाना में नए बस स्टैंड से लेकर ब्राह्मण धर्मशाला तक सड़क के किनारे फुटपाथ का औचक निरीक्षण किया गया था।

## करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान के बावजूद त्रिवेणी का जल शुद्ध : सोनकर

**महाकुंभनगर।** देश के विख्यात स्वतंत्र वैज्ञानिक डा अजय कुमार सोनकर ने दावा किया है कि महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था की डुबकी लगाने के बावजूद गंगा-यमुना का जल आचमन और स्नान करने योग्य नितांत शुद्ध है। डा सोनकर ने उन खबरों को भ्रामक बताया जिसमें कहा गया है कि गंगा का पानी आचमन एवं स्नान योग्य नहीं है। उन्होंने दावा किया कि कोई भी व्यक्ति उनके साथ संगम तट चलकर जल का सैंपल लेकर उनके लैब में जांच कर सच्चाई को परख सकता है। उन्होंने हाल ही में गंगा तट के पांच स्थलों से जल का सैंपल लिया। प्रयोगशाला में जांच करने के बाद उसमें किसी प्रकार के अवयव नहीं मिले जो मानव के लिए हानिकारक हो। उन्होंने कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं के स्नान करने के बावजूद गंगा के जल में बैक्टीरियल ग्रोथ ऐसी नहीं मिली कि जल रोगमय हो जाए।

# मंदिरों की अर्थव्यवस्था व सनातन धर्म के लिए नया सवेरा बना आईटीसीएक्स 2025

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या।** इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन एंड एक्सपो 2025 ने भारत के सबसे बड़े और प्रभावशाली मंदिर प्रबंधन सम्मेलन के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अनूठे आयोजन में देशभर के 1500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं और हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन धर्म के पूजनीय धर्मगुरुओं ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई।

विकसित भारत 2047 विज़न को मजबूती देते हुए, यह आयोजन एक अहम् मंच के रूप में सिद्ध हुआ, जहाँ मंदिरों के प्रबंधन, स्थायी विकास और तकनीकी समावेशन को नई दिशा मिली। सनातन धर्म की शाश्वत



**आयोजन में 1500 से अधिक मंदिरों, प्रतिष्ठित राजनीतिक नेताओं व हिंदू, सिख, बौद्ध व जैन धर्म के धर्मगुरुओं ने दर्ज कराई उपस्थिति**

मान्यताओं को और मजबूत करते हुए, यहां मंदिरों की स्वायत्तता, स्मार्ट टेंपल मिशन और वैश्विक श्रेष्ठ प्रथाओं पर गहन मंथन हुआ।

इस भव्य आयोजन के माध्यम से, आईटीसीएक्स 2025 ने यह साबित कर दिया कि मंदिर सिर्फ आस्था के केंद्र नहीं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति के सशक्त मंच भी हैं।

आईटीसीएक्स और टेम्पल कनेक्ट के संस्थापक गिरीश कुलकर्णी और आईटीसीएक्स अध्यक्ष प्रसाद लाड की परिकल्पना से जन्मा यह मंच मंदिर नेतृत्व को एक नई दिशा देने में अहम् भूमिका निभा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### तटरक्षक बल के लिए खरीदे जाएंगे 149 सॉफ्टवेयर रेडियो सेट

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 1220.12 करोड़ रूपये की लागत से 149 सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो की खरीद के वास्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) बेंगलुरु के साथ एक अनुबंध पर गुरूवार को हस्ताक्षर किए । रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह खरीद (भारतीय-आईडीडीएम) श्रेणी के अंतर्गत की जायेगी। ये अत्याधुनिक रेडियो उच्च गति के डेटा और सुरक्षित आवाज संचार के माध्यम से सुरक्षित और विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और स्थितिजन्य जागरूकता बढाने में सक्षम होंगे।

### पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति मुर्मु को परिचय पत्र सौंपे

**नयी दिल्ली।** पांच देशों के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने गुरूवार को यहां राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किये। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में पनामा, गुयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदू तथा उच्चायुक्तों ने राष्ट्रपति के समक्ष अपने परिचय पत्र पेश किये। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वालों में पनामा के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गुयाना के उच्चायुक्त धर्मकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डॉ. मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस अबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए. अबुशावेश शामिल हैं।

### उत्तराखंड में बदला मौसम का मिजाज, इलाकों में बर्फबारी

**देहरादून, समृद्धि न्यूज।** उत्तराखंड में गुरुवार को मौसम ने अचानक करवट ले ली। राज्य के अधिकांश जिलों में सुबह से ही रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री और यमुनोत्री धाम समेत बदरीनाथ और केदारनाथ में हल्की बर्फबारी हो रही है।मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, राज्य के सभी 13 जिलों में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश की संभावना है। देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, पौड़ी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग और चमोली जिलों में बारिश जारी रहने की संभावना जताई गई है। वहीं, नैनीताल, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में बादल छाए रहेंगे, जबकि अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और उधमसिंह नगर में भी हल्की बारिश हो सकती है।

### यूएसएड पर श्वेतपत्र जारी करे केन्द्र सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएड) को भारतीय चुनावों के लिए 21 मिलियन डॉलर के फंड पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विस्मयकारी टिप्पणी को बेतुका बताया है। हालांकि ट्रंप के बयान पर कांग्रेस ने केन्द्र सरकार से इस मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आज एक्स पोस्ट में कहा कि 'यूएसएड' इन दिनों काफी चर्चा में है। इसकी स्थापना 03 नवंबर 1961 को हुई थी। वैसे तो अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा किए जा रहे दावे कम से कम कहने के लिए तो बेतुके हैं, फिर भी, भारत सरकार को जल्द से जल्द एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए, जिसमें दशकों से 'यूएसएड' द्वारा सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों को दिए गए समर्थन का विस्तृत विवरण हो। उल्लेखनीय है कि हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में वोटिंग बढ़ाने के लिए यूएसएड को मिलने वाली 8 मिलियन डॉलर की फंडिंग पर रोक लगा दी।

### सीबीएसई बोर्ड विज्ञान के सवालों ने छात्रों को खूब छकाया

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय माध्यिमक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई की संचालित 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा के तहत गुरुवार को 10वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की सुबह की पाली में विज्ञान विषय की परीक्षा जिलेके 10 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में 32 परीक्षार्थियों ने इम्तिहान छोड़ दिया। परीक्षा में पंजीकृत कुल की संख्या 4345 रही जिनमें 4313 परीक्षार्थी उपस्थित होकर प्रश्नों के उत्तर दिए। सीबीएसई बोर्ड की सिटी कोआर्डिनेटर एवं सनबीम स्कूल की प्रिंसपल कंचन श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में आयोजित की गई। उन्होंने परीक्षार्थियों से किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों के उपयोग से बचने की सलाह दी है।

### मानदेय के लिए आउटसोर्स कर्मियों का प्रदर्शन

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** मानदेय न मिलने से परेशान हाल जनपद के माध्यमिक विद्यालयों में आउट सोर्सिंग के तहत कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान सभाकर आउट सोर्सिंग कर्मियों ने कार्यदायी संस्था पर शोषण का आरोप लगाया। कहा कि किसी को 8, किसी 10 को किसी को 11 माह से मानदेय एक अधेला भी नहीं मिला। यही नहीं यह भी आरोप लगाया कि 1138 रुपये प्रति माह मानदेय तय है। कार्यदायी संस्था कुल नौ रुपये मिलने चाहिए। लेकिन आठ हजार 38 रुपये ही भुगतान किया जा रहा है। वक्ताओं ने कहा इससे पहले आउटसोर्स कर्मियों ने कई बार मुख्य विकास अधिकारी, जिला अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखित आवेदन भेज कर अपना मानदेय प्रदान करनेकी मांग की। लेकिन उनके हर प्रयास नक्कर खाने में तूती बनकर रह गई। थक-हारकर धरना प्रदर्शन का रास्ता अपनाना पड़ा। इस दौरान कर्मियों ने डीआईओएस कार्यालय पर जमकर नारेबाजी करते हुए तत्काल मानदेय जारी करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी उनकी मांगे पूरी नहीं होंगे तो आंदोलन और तेज करने को बाध्य होंगे।

### प्रथम पाली की मुंशी-मौलवी परीक्षा में 110 गैरहाजिर

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की मुंशी-मौलवी (सेकेंड्री, सीनियर सेकेंड्री) की गुरुवार की प्रथम पालीकी परीक्षा में 110 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली मेंमुंशी-मौलवी (सेकेंड्री) की पंजीकृत 537 में 427 छात्र-छात्राएं परीक्षामेंउपस्थित हुए जबकि परीक्षा में 110 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। जिलेके सभी छह परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटपरीक्षा के दौरान मौजूद रहकर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई। साथ ही सीसीटीवी कैमरेकी निगरानी मेंपूरी परीक्षा कीप्रक्रिया पूरी की गई। उधर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति के नेतृत्व मेंसचल दल परीक्षा केंद्रों का दौराकर नकल विहीन परीक्षा सुनिश्चित कराई।

### दर्दनाक हादसे में दो की मौत, तीन की हालत गंभीर

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।** हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर विंध्याचल थाने की पुलिस भी पहुंच गई। घायलों को अस्पताल भिजवाया गया, जहां दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। वहीं, तीन लोगों को वाराणसी के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास गुरुवार को दोपहर प्रयागराज की ओर से आ रही परिवहन निगम की बस से प्रयागराज जा रही स्कार्पियो की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर लाया गया। जहां दो की मौत हो गई। तीन को वाराणसी रेफर कर दिया गया।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**नरायनपुर (मिर्जापुर)।** अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर पुलिस चौकी के कोलउन गांव के सामनेखम्भा संख्या 688/13, 688/15 के मध्य में डाउन लाइन पर किसी ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत हो गई। बुधवार की रात लगभग एक बजे रेलवे की सूचना परनरायनपुर पुलिस चौकी इंचार्ज जयदीप सिंह मय फोर्स घटना स्थल पर पहुंचे। आसपास के लोगों से मृतक का पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पता नहीं चल पाया। लगभग 25 वर्षीय मृत अज्ञात युवक सफेद रंग का फुल शर्ट तथा काला जैकेट और स्लेटीकलर का पैन्ट पहना है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** जनपद में दुर्घटनाओं को रोकने एवं दुर्घटना से होने वाले मृत्यु दर को कम करने के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए विगत बैठक में लिए गए। निर्णयों के अनुपालन प्रगति की समीक्षा भी की।

उन्होंने पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने हेतु तेज वाहन चलाने वाले तथा शराब व अन्य मादक पदार्थ का सेवन करके वाहन चलाने वालों की जांच कर सघन कार्यवाही भी कराई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद के विभिन्न मार्गोध्सकरी पुलिया, अंधा मोड़ आदि स्थानों पर रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग, डेलीनेटर तथा प्रकाश व्यवस्था अथवा अन्य जो भी आवश्यकता हो संकेतक बोर्ड भी लगाए जाए।

उन्होंने प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे स्थानों पर जहां प्रकाश व्यवस्था न हो सूची उपलब्ध कराएं ताकि सौर्य उर्जा लाइट लगाई जा सकें। जिलाधिकारी ने प्रभारी अधिकारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी थानो में मेडिकल रूम को फंक्शनल करवाएं। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि सभी थानों को सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो से मैपिंग कराया जाए। कार्यदायी संस्था उपसा के द्वारा जिलाधिकारी को बताया गया कि चिन्हित ब्लैक स्पाटो को पूर्ण करा लिया गया हैं।

इस अवसर पर नायाब तहसीलदार चुनार प्रताप नारायण ओझा, अधिशासी अभियंता एन0एच0 लोक निर्माण विभाग डी0पी0 सिंह, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जर्नादन सिंह, अवर अभियंता बीके पाण्डेय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में करेगा शिरकत

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स 2025 में शिरकत करेगा। इटली के ट्यूरिन में 8 मार्च, 2025 से 15 मार्च, 2025 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता शिरकत करने वाले भारतीय दल में 30 एथलीट और 19 लोगों का सपोर्ट स्टाफ शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी 6 खेल स्पर्धाओं - अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट-ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। यह भव्य प्रतियोगिता इस साल का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा, जिसमें भारी संख्या में एथलीट, सपोर्ट स्टाफ और अन्य लोग अपनी भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसमें बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों की अविश्वसनीय प्रतिभा और लचीलापन देखने को मिलेगा। इन खेलों के माध्यम से विश्व स्तर पर समावेश को बढ़ावा मिलेगा। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड विंटर गेम्स के 12वें संस्करण में 8 खेल स्पर्धाएं शामिल हैं।

# डोनाल्ड ट्रंप की जेलेंस्की को चेतावनी समझदारी से युद्ध को करें खत्म

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकाते हुए कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध उनके बिना भी खत्म किया जा सकता है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि जेलेंस्की को जल्द से जल्द समझदारी से आगे बढ़ना चाहिए, नहीं तो उनके पास कोई देश नहीं बचेगा।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि रूस के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत चल रही है और यह केवल उनका प्रशासन ही कर सकता है। यह बयान उस समय आया जब जेलेंस्की ने शिकायत की कि सऊदी अरब के रियाद में हुई अमेरिकी और रूसी राजनयिकों की बैठक में यूक्रेन को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि उनके देश को बाहर रखकर कोई शांति समझौता किया गया तो वे उसे स्वीकार नहीं करेंगे। ट्रंप की इस टिप्पणी के बाद जेलेंस्की ने उन पर हमला करते हुए कहा कि ट्रंप गलत सूचनाओं के जाल में जी रहे हैं। ट्रंप ने तुरंत पलटवार करते हुए जेलेंस्की को बिना चुनावों के तानाशाह कह दिया। उनका इशारा यूक्रेन में राष्ट्रपति चुनाव न कराए जाने की ओर था, जिसे युद्ध के कारण स्थगित कर दिया गया था। इससे पहले भी ट्रंप विवादित बयान दे चुके हैं। उन्होंने यूक्रेन पर ही युद्ध शुरू करने का आरोप लगाया, जबकि असल में रूस ने 2022 में उस पर हमला किया था। ट्रंप का मानना है कि अमेरिका यूक्रेन का मुख्य समर्थक है, इसलिए वह जेलेंस्की को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शांति समझौते के लिए मजबूर कर सकते हैं। रूस और अमेरिका के राजनयिकों की बैठक चार घंटे तक चली, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव शामिल थे।

# सीसी कैमरे और वायस रिकार्डर की रोज जांच करेंगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट

समृद्धि न्यूज

**मिर्जापुर।** जिले में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 24 फरवरी से शुरू होंगी। इसके लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिले के सभी 117 परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं, जो नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सीसीटीवी कैमरों और वायस रिकार्डर की रोज जांच करेंगे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के लिए जिले में 117 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 13 केंद्र संवेदनशील घोषित किए गए हैं, जहां खास सतर्कता बरती जाएगी। साथ ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट यह तय करेंगे कि सीसीटीवी कैमरे और वायस रिकार्डर क्रियाशील रहें।

इसके लिए प्रतिदिन इनकी जांच की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम ने बताया कि सभी केंद्राध्यक्षों को पूरी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। कहा गया है कि यदि कोई भी खामी नजर आए तो तत्काल प्रशासन को सूचित कर कर उसे अविलंब ठीक कराएं। सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने केंद्रों पर एक घंटे पहले पहुंचकर अपनी निगरानी में परीक्षा कराएंगे।

### कतारबद्ध श्रद्धालुओं से मिलकर आयुक्त ने लिया फीडबैक

**विंध्याचल (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** प्रयागराज महाकुम्भ स्नान कर वापस विंध्याचल पहुंचे लगभग तीन लाख तीर्थयात्रियों ने गुरुवार को मां विंध्यवासिनी की चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया। धाम में उमड़ रही भक्तों की भीड़ के चलते दिन व रात का फर्क मिट गया है। श्रद्धालुओं के आने और जानेका क्रम दिन रात जारी है। गंगा स्नान करनेके बाद श्रद्धालु संकट हरणी मातारानी के दर्शन के लिए हाथ मेंनारियल, चुनरी, गुड़हल का फूल-माला लेकर लाइन में लग जा रहे हैं। गर्भगृह में पहुंच विविध पुष्पों सेसजी मां के दिव्य स्वरूप कोनिहार कर जीवन को धन्य बनाया। इस दौरान कतारबद्ध श्रद्धालुओं से मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी और पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह से बातचीत कर मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही एसडीएम सदर गुलाब चंद्र, सीओ चुनार मंजरीराव और यातायात नियंत्रित करनेके लिए नटवा तिराहा पर यातायात मजिस्ट्रेट एसडीएम चुनार राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर हेमंत कुमार, तहसीलदार सदर न्यायिक आशीष कुमार पांडेय, सीओ सिटी विवेक जावला आदि रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल


**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुईया कला पुल पर बुधवार की देर शाम दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत होने पर दोनों बाइक सवार तीन लोग घायल हो गये। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पीआरवी 112 वाहन संख्या 5894 के हेड कांस्टेबल शमशेर खान, ओमप्रकाश चालक हेड कांस्टेबल तौकीर खान ने तीनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। घायलों की हालत सामान्य बनी हुई है। हलिया थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी 54 वर्षीय शुकुरु अपने पत्नी 50 वर्षीय सरोज के साथ बाइक से जा रहे थे की जैसे ही सुईया पुल पर पहुँचे थे की सामने से आ रहे बाइक सवार सुईया कला गांव निवासी 19 वर्षीय जोगेंद्र की बाइक से आमने सामने भिड़ंत होने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे पीआरवी 112 वाहन संख्या 5894 के हेड कांस्टेबल शमशेर खान, ओमप्रकाश व चालक हेड कांस्टेबल तौकीर खान ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया है। जहां पर घायलों का उपचार किया जा रहा है। हालत सामान्य है। घायल जोगेंद्र के पैर में जुट लगने से परिजन बरौधा स्थित एक निजी चिकित्सालय में उपचार के लिए लेकर चले गए है। जहां पर चिकित्सक द्वारा एक्सरे कराया है।

# डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए ग्लूकोज लेवल पर लगातार नजर रखना बहुत जरूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डायबिटीज और दिल की सेहत के बीच एक गहरा नाता है जिसे अक्सर लोग अनदेखा कर देते हैं। जब हमारे खून में शुगर की मात्रा बढ़ती है, तो इसका असर सिर्फ ग्लूकोज तक ही सीमित नहीं रहता। यह एक रिपल इफेक्टं होता है जो हमारे दिल के कामकाज और पूरे कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को खतरे में डाल सकता है।

एक रिसर्च के अनुसार, डायबिटीज के मरीजों को सामान्य लोगों के मुकाबले अपने जीवन में कभी न कभी दिल की बीमारी होने का खतरा दोगुना होता है। जब खून में शुगर की मात्रा बढ़ जाती है, तो यह रक्त वाहिकाओं और उन नसों को नुकसान पहुंचा सकती है जो दिल के कामकाज को नियंत्रित करती हैं। अच्छी बात यह है कि डायबिटीज को मैनेज करने के लिए आप जो कदम उठाते हैं वे कार्डियोवैस्कुलर बीमारी के खतरे को कम करने में भी मददगार हो सकते हैं। एबॅट के डायबिटीज डिविजन में मेडिकल अफेयर्स के डायरेक्टर डॉ. केनेथ ली ने कहा डायबिटीज को अच्छे से कंट्रोल करने के लिए अपने ग्लूकोज लेवल पर लगातार नजर रखना बहुत



**शुगर को नियंत्रित न किया तो कई बीमारियों का खतरा : डॉ ज्योति**

एकेडिस हस्पिटल लखनऊ में सीनियर कंसल्टेन्ट डॉ. ज्योति साह ने कहा भारत में डायबिटीज से पीड़ित कई लोग दिल से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चिंता की बात यह है कि ये समस्याएं युवाओं में भी देखने को मिल रही हैं। अगर डायबिटीज को सही से मैनेज न किया जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर, बैड कोलेस्ट्रल और हाई ट्राइग्लिसराइड्स जैसे कारक कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा बढ़ा सकते हैं। यह जरूरी है कि लोग सावधानी बरतें और ग्लूकोज के उतार-चढ़ाव से बचने के लिए रोकथाम के उपाय करें। दिल को स्वस्थ रखने के लिए अच्छा डाइट, नियमित व्यायाम और सीजीएम जैसे उपकरणों से ग्लूकोज की निगरानी जैसे उपाय किए जा सकते हैं।''

जरूरी है। इसके लिए आप कंटीन्यूअस ग्लूकोज मनिटरिंग जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इन उपकरणों से ग्लूकोज लेवल जानने के लिए आपको उंगली में सुई चुभाने की जरूरत नहीं होती है। सीजीएम उपकरण आपको कई उपयोगी जानकारी देते हैं, जैसे कि टाइम इन रेंज। टीआईआर से पता चलता है कि दिन के किस समय आपके ग्लूकोज लेवल एक निश्चित सीमा में रहते हैं। जब आप इस सीमा में ज्यादा समय बिताते हैं, तो आपको कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों का खतरा कम होता है। टीआईआर में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी से आपकी कैरोटिड आर्टरीज़ के असामान्य रूप से मोटे होने का खतरा 6.4 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसलिए, कार्डियोवैस्कुलर बीमारी से बचने के लिए ज्यादा टीआईआर हासिल करना बहुत जरूरी है।''